सुप्रभात
रांची, रविवार
02.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 347



12 परिणीति व चड्ढा ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### लुसाने डायमंड लीग में चोपड़ा ने जीता गोल्ड

**पानीपत।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में गोल्ड मेडल जीता है। ये प्रतियोगिता स्विट्जरलैंड के लुसाने शहर में खेली जा रही थी। नीरज ने 87.66 मीटर भाला फेंक गोल्ड मेडल हासिल किया।

### वर्ल्ड कप 2023 में नहीं खेल सकेगा वेस्टइंडीज

**नयी दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप के क्वालीफाइंग मुकाबले के सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड से हार के साथ ही दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज भारत में होने वाले वर्ल्ड कप की दौड़ से बाहर हो गयी। 48 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार है कि 1975 और 1979 की चैंपियन शीर्ष 10 टीमों से बाहर है।

### संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को मानसून सत्र 2023 की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सत्र 11 अगस्त तक चलने वाला है।

### राज्य में चार से फिर सक्रिय होगा मानसून

**रांची।** झारखंड में चार जुलाई के बाद मामसून फिर सक्रिय होगा और पूरे राज्य में झमाझम बारिश होगी। रांची स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में परिवर्तन, हवा और उमस का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा। चार जुलाई से राज्य में मानसून फिर सक्रिय होगा। इसके बाद से बारिश होगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा प्रारंभ

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को शनिवार सुबह अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से एक साथ पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। इस साल 62 दिवसीय यात्रा 31 अगस्त को समाप्त होगी।

### सीएम हेमंत ने किया अब्दुल हमीद को नमन

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने 1965 भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस और वीरता दिखाने वाले अमर वीर शहीद परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की जयंती पर नमन किया।

### पीएम प्रसाद ने नये चेयरमैन पद संभाला

**रांची।** कोल इंडिया के नये चेयरमैन पीएम प्रसाद ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। वह कोल इंडिया के 29वें चेयरमैन हैं। नये चेयरमैन के रूप में उन्होंने कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

नीयत में खोट और गरीब पर चोट, विपक्षियों की गारंटी से सतर्क रहें : मोदी

# एनीमिया से आदिवासी परिवारों को मुक्ति दिलाने का संकल्प

- हमने पांच लाख की गारंटी दी, कांग्रेस की गारंटी मतलब नीयत में खोट

**एजेंसी**

**शहडोल (एमपी)।** पीएम मोदी ने शनिवार को देश के अति पिछड़े माने जाने वाले आदिवासी समुदाय की सेहत से जुड़े राष्ट्रव्यापी सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की शुरुआत की। मिशन का आगाज करते हुए पीएम ने कहा कि देश में इसके पहले की सरकारों ने कभी किसी गरीब को उसके इलाज के लिए पांच लाख रुपये की गारंटी नहीं दी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस जैसे दलों की गारंटी का मतलब नीयत में खोट है और आदिवासी समुदाय ऐसी झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहे। यहां हजारों आदिवासियों की मौदूदगी में पीएम ने कहा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि जब देश आजादी के 100 साल मनायेगा यानी 2047 तक हम सब मिलकर एक मिशन मोड में अभियान चलाकर इस सिकल सेल एनीमिया से अपने आदिवासियों और देश को मुक्ति दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया का पता लगाने के लिए जांच और स्क्रीनिंग कराना बहुत जरूरी है। जांच नहीं कराने पर लंबे समय तक लोगों को इस बीमारी के बारे में मरीज को पता न चले।

**कांग्रेस पर बरसे, कहा उनकी नीयत में खोट :** मोदी ने कहा कि यह भाजपा सरकार है, यह मोदी है जो आपको पांच लाख की स्वास्थ्य गारंटी का कार्ड देती है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि साथियों गारंटी की चर्चा के बीच आपको झूठी गारंटी देने वालों से भी सावधान रहना है। जिन लोगों की अपनी कोई गारंटी नहीं है वह आपके पास गारंटी वाली नयी-नयी स्कीम लेकर आ रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

**आदिवासी भाई-बहनों की सुरक्षा का संकल्प**



शहडोल के लालपुर में जनसभा में पीएम ने कहा कि यह संकल्प हमारे देश के आदिवासी भाई बहनों के जीवन को सुरक्षित बनाने का संकल्प है। यह संकल्प सिकल सेल एनीमिया की बीमारी से मुक्ति का यह संकल्प है। हर साल सिकल सेल एनीमिया की गिरफ्त में आने वाले ढाई लाख बच्चे उनके ढाई लाख परिवार जनों का जीवन बचाने का। मैंने देश के अलग-अलग इलाकों में आदिवासी समाज के बीच एक लंबा समय गुजारा है सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारी बहुत कष्टदाई होती है। इसके मरीजों के जोड़ों में हमेशा दर्द रहता है, शरीर में सूजन और थकावट रहती है, पीठ पर और सीने में असहनीय दर्द महसूस होता है, सांस फूलती है। लंबे समय तक दर्द सहने वाले मरीज के शरीर के अंदरूनी अंग भी क्षतिग्रस्त होने लगते हैं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमने आदिवासी इलाकों में एकलव्य स्कूल खोले।

# बेबी देवी बनेंगी मंत्री तीन को लेंगी शपथ

## राजभवन के दरबार हाल में होगा शपथ ग्रहण समारोह

- दिवंगत शिक्षा मंत्री व डुमरी विधायक जगरनाथ महतो की पत्नी हैं बेबी देवी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के दिवंगत शिक्षा और उत्पाद मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी तीन जुलाई को मंत्री पद की शपथ लेंगी। राज्य सरकार के आग्रह पर राजभवन ने अनुमति दे दी है। वे दोपहर बाद राजभवन के दरबार हॉल में शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हॉल में दिन के 12.30 बजे होगी।

मालूम हो कि इससे पहले बेबी देवी ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात की थी। इसके बाद से कयास लगाये जा रहे थे कि बेबी देवी को झारखंड सरकार में मंत्री पद दिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार शनिवार को बेबी देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इसके बाद ही उनको मंत्री बनाये जाने की औपचारिक घोषणा कर दी गयी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वे डुमरी विधानसभा से विधायक थे। राजनीतिक उठापटक के बाद सीएम एक बार फिर वही फैसला लेने जा रहे हैं जो उन्होंने हफीजुल हसन के मामले में लिया था। अब बेबी देवी मंत्री बनेंगी। इस मामले को लेकर राज्य सरकार की तरफ से राज्यभवन को आग्रह भेजा जा चुका है। राजभवन की तरफ से अनुमति मिल गयी है और बेबी देवी 3 जुलाई को मंत्री पद की शपथ लेंगी। सूत्रों की मानें तो जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री पद मिलना तय है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें कौन सा विभाग सौंपा जायेगा।



फाइल फोटो

**सीएम हेमंत सोरेन ने खेला बड़ा दांव**

**राजनीति** की पिच पर सीएम हेमंत सोरेन ने एक बार फिर बड़ा दांव खेला है। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद दूसरी बार ऐसा होने जा रहा है जब किसी ऐसे शख्स को मंत्री बनाया जा रहा है जिसने विधानसभा चुनाव नहीं जीता है। इससे पहले मंत्री हाजी हुसैन अंसारी के निधन पर उनके पुत्र हफीजुल हसन को चुनाव से पहले ही मंत्री बना दिया गया था। हालांकि डुमरी में जगरनाथ महतो का लंबे समय से दबदबा रहा है। इसके बावजूद उनकी पत्नी को चुनाव की तारीख के ऐलान के पहले ही कैबिनेट में शामिल कर हेमंत सोरेन ने एक बड़ा संदेश दे दिया है।

## अवैध खनन में पत्थर कारोबारी कृष्णा को इडी का समन
# मित्तल, भाटिया, ताराचंद से तीन दिन तक होगी पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार सीए (चार्टेड एकाउंटेंट) नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। शनिवार को कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है।

वहीं साहिबगंज जिले के बरहड़वा के पत्थर कारोबारी कृष्णा साव को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शनिवार को समन भेजा है। कृष्णा साहा को पांच जुलाई को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

**अवैध खनन में गयी थी दो की जान :** गौरतलब है कि आठ जुलाई 2022 को इडी की टीम ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के बरहड़वा में चार पत्थर व्यवसायियों भगवान भगत व उनके भाई भावेश भगत, कुशवाहा टोला स्थित लोलो पैलेस में रह रहे सुब्रतो पाल और मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के यहां ईडी ने कार्रवाई की थी।

जानकारी के अनुसार साहिबगंज में खनन स्थल पर ड्रिलिंग के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गयी थी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी मिथुन कुमार और बरहरवा के गणेशपुर गांव निवासी सपत मंडल के रूप की गयी थी। रांगा थाने क्षेत्र के चंपांडेय पहाड़ी पर खनन के दौरान यह घटना हुआ था। इडी को आशंका है कि यह अवैध खनन कृष्णा साव ने किया था। इससे पूर्व जुलाई 2022 को कृष्णा साव के ठिकाने समेत 15 जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया था।

**विशेष कोर्ट ने दी पूछताछ की अनुमति**

- जुलाई 2022 को कृष्णा के ठिकानों समेत 15 जगहों पर इडी ने चलाया था छापेमारी अभियान

**रांची।** मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद से शनिवार को कोर्ट ने तीन दिनों तक पूछताछ की अनुमति दे दी है। इडी ने तीनों अभियुक्तों को पांच दिनों की रिमांड लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी गयी। नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और राम प्रकाश भाटिया एवं तारा चंद की ओर से रिमांड अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने विरोध किया। वहीं ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने बहस करते हुए कहा कि तीनों आरोपियों से हुई अब तक की पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली है। इसलिए इनसे और पूछताछ करना जरुरी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। तीनों आरोपियों पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेन्द्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है।

# महाराष्ट्र में 25 यात्री जिंदा जले

**बस में लग गयी थी आग**

**एजेंसी**

**बुलढाणा (महाराष्ट्र)।** समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार देर रात एक बस में आग लग जाने से 25 यात्रियों की जिंदा जल कर मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार निजी ट्रैवल्स की नागपुर से पुणे जा रही एक बस बुलढाणा जिले के सिंदखेडराजा के पास देर रात करीब 1.30 बजे एक डिवाइडर से टकरा गयी। इससे बस का टायर फट गया और एक खंभे से टकरा गयी और उसमें आग लग गयी। बस में कुल 33 यात्री सवार थे, जिनमें से 25 की जलकर मौत हो गयी। मृतकों में तीन बच्चे भी है। उन्होंने बताया कि जीवित बचे आठ यात्रियों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वे सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों में से कई नागपुर, वर्धा और यवतमाल के थे। हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री समेत तमाम नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

**ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

पुलिस को इस बात का संदेह है कि दुर्घटना 'मानवीय भूल' की वजह से हुई। राजमार्ग पुलिस के एक अधिकारी ने मुताबिक, ड्राइवर के इस दावे के विपरीत कि टायर फटने के बाद डिवाइडर से टकराने के कारण बस में आग लग गयी, पुलिस का मानना है कि चालक को नींद आ गयी और उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नागपुर से पुणे जा रही यह बस दुर्घटना देर रात डेढ़ बजे सिंदखेडराजा के पास पिंपलखुटा गांव में हुई। बस के ड्राइवर और क्लीनर सहित आठ अन्य लोग बच गये। रात के खाने के लिए बस यवतमाल जिले के कारंजा में रुकी थी। इसके बाद बस ने मुंबई-नागपुर हाई-स्पीड कैरिजवे पर सिंदखेडराजा तक लगभग 150 किलोमीटर का सफर लगभग ढाई घंटे में किया। इससे पता चलता है कि बस की औसत स्पीड 60-70 किलोमीटर प्रति घंटा थी। दुर्घटना की वजह जानने के लिए जांच की जा रही है कि क्या यह मानवीय भूल थी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद डीजल टैंक फटने की वजह से बस में आग लग गयी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और प्रत्येक मृतक के रिश्तेदार के लिए पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

### कतरास में हिंसक झड़प मामले में 20 गिरफ्तार

**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद केलूडीह खटाल में टोटो की बैटरी चार्जर चोरी होने के बाद दो पक्षों के बीच हुए हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने अब तक 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। तनाव को देखते हुए पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। शुक्रवार को उपद्रवियों पर लाठीचार्ज करना पड़ा। बाद में कई इलाकों में धारा 144 लागू कर दिया गया है। बाघमारा प्रखंड के सीओ केके सिंह ने बताया कि अब स्थिति लगभग सामान्य हो चुकी है। पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। क्षेत्र में अगले आदेश तक के लिए धारा 144 भी लगाया गया है। क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है।

# रांची से कोलकाता तक हुआ डीड का फर्जीवाड़ा

**आर्मी लैंड स्कैम**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लैंड स्केम मामले में इडी की ओर से बड़ा खुलासा किया गया है। इडी की जांच में यह पाया गया कि जमीन के काले कारोबार को उजागर करने कारण की गयी छापेमारी मे इडी को 60 डीड मिला था। 60 डीड के कागजातों मे अबतक 39 डीड के कागजात फर्जी पाये गये। इडी को यह जानकारी कोलकाता भेजे गये जमीन के डीड की जांच में सामने आयी। पहले इडी ने शुरुआत में तीन जमीनों के डीड भेजा था। जांच में कोलकाता रजिस्ट्रार ऑफिस ने दस्तावेजों को फर्जी पाया था। कोलकाता रजिस्ट्रार ऑफिस ने फर्जी डीड का इंडेक्स 01 और इंडेक्स 02 में एंट्री नहीं होने की बात बतायी गयी। (शेष पेज 11 पर)

**चेशायर होम वाला डीड भी फर्जी**

इडी की जांच में जिन भूखंडों के दस्तावेज फर्जी पाया गया। उसमें चेशायर होम रोड की भूमि से संबंधित डीड का भी उल्लेख है। डीड संख्या 184, बुक संख्या 1, वॉल्यूम नंबर 24 और पेज नंबर 11 से लेकर 14 तक है। दरअसल चेशायर होम रोड की लगभग एक एकड़ से ज्यादा भूमि की खरीद-बिक्री जिन दस्तावेजों के सहारे की गई है, वह शुरुआत से ही सवालों के घेरे में है। चेशायर होम रोड की भूमि का पहला दावेदार उमेश गोप खुद को बताते हैं। खतियान में भी उमेश गोप के पूर्वजों का ही नाम दर्ज है। दूसरे दावेदार के रूप में लखन सिंह का नाम सामने आता है। जानकारी के मुताबिक लखन सिंह के नाम से बने दस्तावेज भी कोलकाता के रिकॉर्ड रूम में मौजूद है, जो संदेहास्पद है। तीसरे दावेदार हैं राजेश राय, जिनके पिता हैं जगदीश राय। पुनीत भार्गव को इनके द्वारा ही जमीन की रजिस्ट्री की गई है। पुनीत भार्गव ने जमीन खरीदने के बाद दूसरे को रजिस्ट्री कर दी।

# श्रावणी मेला : झारखंड-बिहार की बैठक में बनी कई रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2023 के सफल संचालन के लिए सुल्तानगंज से देवघर तक श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था हो एवं दोनों राज्यों के बीच कैसे को-ओर्डिनेशन मजबूत बनाने के लिए झारखंड एवं बिहार इंटरस्टेट को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। बैठक का आयोजन संथाल परगना आयुक्त लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में शनिवार को देवघर परिसदन के सभागार में हुई। बैठक में देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने संथाल परगना व भागलपुर प्रमंडल के कमिशनर के अलावा बिहार व झारखंड के उपायुक्त, पुलिस अधिक्षक एवं आलाधिकारियों का स्वागत किया गया। संथाल परगना आयुक्त एल लालचन्द डाडेल ने बताया कि सुल्तानगंज से जल भरने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा जिन-जिन स्थानों से होकर पैदल यात्रा की जाये, वहां श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

(शेष पेज 11 पर)






# पार्टी के प्रति टाइगर का समर्पण देख झामुमो ने पत्नी को बनाया मंत्री

**कुबेर सिंह**

**रांची।** हाल में झारखंड के शिक्षा मंत्री व दिग्गज राजनीतिज्ञ जगरनाथ महतो के निधन के बाद झामुमो में चर्चा का विषय था कि जगरनाथ महतो के स्थान पर मंत्री पद कौन संभालेगा। शनिवार को झामुमो सुप्रीमो ने सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लगा दिया। पूर्व में यह चर्चा थी कि जगन्नाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो को बनाया जाएगा लेकिन, झामुमो ने उनकी पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाने का फैसला लिया। झामुमो के नेता और कार्यकर्ताओं ने बेबी देवी का समर्थन किया है।



चर्चा यह भी है कि जगन्नाथ महतो का पार्टी के प्रति वफादारी, समर्पण के कारण ही बेबी देवी को तरजीह दी गई। गौरतलब हो कि जगन्नाथ महतो की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका निधन 6 अप्रैल 2023 को चेन्नई के एमजीएम हॉस्पिटल में ही हो गया। पिछले वर्ष नवंबर 2020 में कोरोना से पीड़ित होने के वजह से उनके फेफड़े खराब हो गए थे। बाद में नवंबर 2020 में चेन्नई के महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल में उनका फेफड़ों का प्रत्यारोपण किया गया था।

56 वर्षीय जगन्नाथ महतो उर्फ टाइगर का जन्म 1 जनवरी 1967 को हुआ था। उनके पिता का नाम नेम नारायण महतो था। जगन्नाथ के निडर प्रभाव व्यक्तित्व के कारण लोग उन्हें टाइगर के नाम से भी संबोधित करते थे। जगरनाथ महतो के परिवार में पत्नी के अतिरिक्त चार बेटियां और एक बेटा है। जगरनाथ महतो के पुत्र का नाम अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो है।

**लोगों का मजाक पसंद नहीं आया तो दी थी इंटर की परीक्षा** : उनके शैक्षणिक जीवन की बात करें, तो वह दसवीं पास थे। बावजूद उन्हें झारखंड में शिक्षा मंत्री का पदभार दिया गया था। लोगों ने जब झारखंड में शिक्षा मंत्री की शैक्षणिक स्थिति को लेकर मजाक उड़ाना शुरू किया तब जगरनाथ महतो ने 53 वर्ष की उम्र में 11वीं में देवी महतो इंटर कॉलेज नवाडीह में आर्ट्स विषय में दाखिला लिया। यह कॉलेज भी शिक्षा मंत्री ने ही सन 2006 बनवाया गया था। उन्होंने वर्ष 1995 में नेहरू हाई स्कूल, तेलो, बोकारो से दसवीं पास की थी।

## जगरनाथ महतो का राजनीतिक जीवन

जगरनाथ महतो भारतीय राजनीतिज्ञ और वर्तमान में झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री थे। जगरनाथ महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे। वे अपना राजनीतिक गुरु शिवा महतो को मानते थे। जगरनाथ महतो झारखण्ड के शिक्षा मंत्री के साथ साथ शाराब निषेद मंत्री भी थे। वर्ष 2019 में गिरिडीह जिले के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से उन्होंने जीत दर्ज की थी और विधानसभा तक पहुंचे और उन्हें सरकार के द्वारा शिक्षा मंत्री का पदभार दिया गया था।

## डुमरी विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक थे

डुमरी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 1977 से लेकर 2000 तक पूर्व विधायक लालचंद महतो और शिवा महतो के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़कर एक साधारण परिवार से गांव की गलियों से निकलकर विधानसभा तक का सफर तय किया था। वे 4 बार (2005, 2009, 2014, 2019) विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वे चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में डुमरी विधानसभा सीट पर जेएमएम के जगरनाथ महतो ने 71128 वोट प्राप्त किया था, जो कि इस सीट पर हुए कुल मतदान के 37 .38 प्रतिशत था। 2014 के झारखंड विधानसभा चुनाव में डुमरी सीट पर लालचन्द महतो को 32481 वोटों के अंतर से हराकर निर्वाचित हुए थे।

वे विनोद महतो के पढ़ो और लड़ो का नारा से बहुत ज्यादा प्रभावित थे। वे ज्यादा भले ही ना पढ़े हों, लेकिन उन्होंने छात्रों के पढ़ने के लिए कई सारे कॉलेज और स्कूलों का निर्माण करवाया था। नावाडीह और डुमरी में कई कॉलेजों की स्थापना की। साथ ही झारखंड कॉलेज और पारसनाथ डिग्री कॉलेज के नए भवन का निर्माण भी कराया था। उनके निधन से पूरा महतो समाज और झारखंड के लोग शोकाकुल हैं। वह एक जुझारू समाजसेवी और आंदोलनकारी नेता थे और उनकी कमी लोगों को जरूर खलेगी।

> दिवंगत जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री पद देना पार्टी का निर्णय है। पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन ने अपने अधिकार का पालन किया है। इससे पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं में हर्ष है।
>
> **विनोद पांडेय, झामुमो**

# पीएम प्रसाद ने कोल इंडिया के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोल इंडिया के नए चेयरमैन पीएम प्रसाद ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। श्री प्रसाद कोल इंडिया के 29वें चेयरमैन बनाए गए हैं। नए चेयरमैन के रूप में उन्होंने कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया। कोल इंडिया के 28वें चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए हैं। मालूम हो कि तीन मई को पीएम प्रसाद का चयन नए चेयरमैन के लिए पीइएसबी ने किया था। पीएम प्रसाद ने एक सितंबर 2020 को सीसीएल सीएमडी का पदभार संभाला था। इससे पूर्व बीसीसीएल के सीएमडी पद पर कार्यरत रहे हैं।

**पीएम प्रसाद का सफरनामा** : पीएम प्रसाद वर्ष 1984 में ओस्मानिया विश्वविद्यालय से बीई. (खनन) में स्नातक करने के बाद अगस्त 1984 में कोल इंडिया लिमिटेड में नियुक्त हुए थे। प्रशिक्षु अधिकारी से महाप्रबंधक तक के विभिन्न पदों पर डब्ल्यूसीएल और एमसीएल में रहे। वर्ष 1991 में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस धनबाद से ओपन कास्ट माइनिंग में एमटेक किया और 1988 डीजीएमएस की ओर से आयोजित फर्स्ट क्लास माइंस मैनेजर सर्टिफिकेट प्राप्त किया। वहीं, साल 1997 में नागपुर विश्वविद्यालय से लॉ में स्नातक की डिग्री भी ली।

मार्च 2012 से लिंगराज क्षेत्र, एमसीएल के महाप्रबंधक के रूप में प्रसाद ने कनिहा ओपनकास्ट कोयला परियोजना की शुरूआत की। मई 2015 में एनटीपीसी में कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन ) नियुक्त हुए। मार्च 2016 में एनटीपीसी हजारीबाग, झारखंड के परियोजना के कार्यकारी निदेशक सह प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। फरवरी 2018 से जुलाई 2019 तक एनसीएल के निदेशक तकनीकी रहे। दो अगस्त 2019 को बीसीसीएल के सीमएडी बनने से पहले डब्लयूसीएल और बीसीसीएल के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

## डिस्चार्ज पिटीशन पर एसीबी की विशेष अदालत में हुई सुनवाई

# बीज घोटाला मामले में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत में पेश किया साक्ष्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीज घोटाला केस के अभियुक्त तत्कालीन कृषि मंत्री और वर्तमान श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज पिटीशन पर शनिवार को एसीबी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। खुद पर लगे आरोप के बचाव में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किया। उन्होंने आरटीआई से मिले दस्तावेज साक्ष्य के रूप में अदालत में प्रस्तुत किये। इसके बाद अदालत ने डिस्चार्ज पिटिशन पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है।

**2003 से 2005 के बीच 46.10 करोड़ का हुआ था बीज घोटाला**

बताते चलें कि बीज घोटाला मामला साल 2003 से 2005 के बीच का है। एसीबी ने अपनी जांच में पाया



था कि यह घोटाला 46.10 करोड़ रुपये का है। साल 2009 में आरोपियों के खिलाफ निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी, जिसमें तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य को आरोपी बनाया गया। फिलहाल अदालत में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होना है लेकिन आरोप गठन से पूर्व आरोप मुक्त कराने के लिए आरोपियों की ओर से डिस्चार्ज पिटिशन फाइल की गयी है।

### एसीबी ने कोर्ट को सौंपा लिखित बहस

## बीज घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की याचिका पर 6 जुलाई को हाइकोर्ट में सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 46.10 करोड़ रुपये के बीज घोटाला मामले में आरोपी तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से लिखित बहस प्रस्तुत की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। प्रार्थी की ओर से पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता अजीत कुमार एवं झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता राजीव सिन्हा और अधिवक्ता रोहित सिन्हा ने पैरवी की। दरअसल, निस्तार मिंज ने एसीबी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया है कि निस्तार के खिलाफ एसीबी थाना में 2 एफआईआर दर्ज की गयी है। जिनमें एक एफआईआर वर्ष 2009 में बीज घोटाला एवं दूसरा एफआईआर वर्ष 2013 में खाद घोटाला में किया गया है। प्रार्थी का कहना है कि वर्ष 2013 में प्रार्थी के खिलाफ जो खाद घोटाला का मामला दर्ज किया गया था उसमें अभी तक आरोपपत्र भी दायर नहीं हुआ है और अनुसंधान जारी है। वर्ष 2013 के खाद घोटाला के मामले को बीज घोटाला के साथ मर्ज करते हुए उनके डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई हुई थी। बीज घोटाला के साथ खाद घोटाला के आरोपों को जोड़कर उनके डिस्चार्ज पिटिशन को एसीबी कोर्ट ने खारिज कर दिया था, जो अनुचित है। बता दें कि बीज घोटाला मामले को लेकर एसीबी थाना में कांड संख्या 11/ 2009 दर्ज किया गया था।

### टेरर फंडिंग मामला

## दूसरे सक्षम बेंच में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत पर होगी सुनवाई

**रांची।** आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन और न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। दरअसल, टेरर फंडिंग से जुड़े एक सह आरोपी सुभान मियां की जमानत याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की खंडपीठ में हुई थी, जिसे देखते हुए न्यायमूर्ति आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। बता दें कि आरोपी विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। टंडवा थाने में इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। विनोद कुमार गंझू मगध ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट हैं, ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाते हैं।

# मनी लांड्रिंग मामले में 7 जुलाई को होगी सुनवाई

**पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय की पासपोर्ट रिलीज कराने के मामले में सुनवाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लॉउड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई 7 जुलाई निर्धारित की। दरअसल ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उनकी बेटी लंदन में एक यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रही है इसलिए वह लंदन उससे मिलने जाना चाहते हैं। ऐसे में ईडी की अदालत में जमा उनके पासपोर्ट को रिलीज करने का आदेश दिया जाऐ। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अधिवक्ता निरुपमा ने पैरवी की। गौरतलब है कि उमाशंकर मालवीय पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के द्वारा अर्जित की गई करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को मनी लॉउड्रिंग करने में सहयोग करने का आरोप है। दरअसल, विजिलेंस थाने में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही की आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज कांड संख्या 9/ 2009 के आधार पर सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ 13 मार्च 2005 से 24 जुलाई 2009 की अवधि को चेक पीरियड मानते हुए उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था।

# एमपीडब्लू कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य निदेशालय घेरा, मिला आश्वासन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एमपीडब्लू कर्मचारी संघ के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में कर्मियों ने शनिवार को नामकुम स्थित स्वास्थ्य निदेशालय का घेराव किया। कर्मी स्थाई समायोजन, समायोजन होने तक सेवा अवधि का विस्तार, श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त कर्मियों को अग्रिम टीए-डीए के भुगतान की मांग कर रहे हैं। वहीं सेवा अवधि के दौरान मृत 22 एमपीडब्लू के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर बहाल करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने, दुर्गम क्षेत्र में कार्यरत एमपीडब्लू को पहाड़ी भत्ता देने व कर्मचारियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस से मुक्त करने की मांग कर रहे हैं। संघ के अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि 20 दिन के अंदर हमारी मांगों पर विभाग ठोस निर्णय नहीं लेता है, तो स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास का घेराव के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। प्रदर्शन में सुनील कुमार साह मंगल हेंब्रम, अमरेंद्र कुमार, बीरेंद्र महली, सुजीत, राजेश, मुकेश, गैना लाल मंडल, रंजीत कुमार, राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

**सेवा विस्तार का पत्र जारी हो गया: डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह**

धरनास्थल पर निदेशक प्रमुख डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सेवा विस्तार का पत्र जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही संघ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि स्थायी समायोजन की संचिका विभाग को भेजी जाएगी। सकारात्मक प्रयास किया जाएगा। अन्य मांगों को एक-दो दिन में पूरा कर दिया जाएगा।

### बीजेपी के पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकू झापा में शामिल, आज होगी कार्यकारिणी की घोषणा

# 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी झापा : एनोस एक्का

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वर्ष 2024 में झारखंड पार्टी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव मैदान में मजबूती के साथ उतरेगी। झापा पार्टी जल, जंगल, जमीन बचानेवाली पार्टी है। झापा पुरानी पार्टी है और इसके कार्यकर्ता सुदूर क्षेत्र के एक- एक गांव में मौजूद है। बस उन्हें आह्वान किया जा रहा है, वे पार्टी में आएं और पार्टी को मजबूती के साथ खड़ा करें। उक्त बातें झारखंड पार्टी के अध्यक्ष एनोस एक्का ने दो दिवसीय केन्द्रीय महाधिवेशन में कही। राजधानी रांची के डीपीएस चौक स्थित कार्निवल में शुरू हुआ । महाधिवेशन के पहले दिन झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, प्रधान महासचिव अशोक भगत, कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता अजीत कुमार सहित पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व सांसद चित्रिसेन सिंकू, कोलिबेरा से जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, कोलिबेरा प्रखंड प्रमुख दुतामि हेम्ब्रम, उपप्रमुख कोलिबेरा और कांग्रेस पार्टी से बदरुद्दीन अहमद अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झापा में शामिल हुए। आज पार्टी की कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की जाएगी। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी के ज्यादा से ज्यादा विधायक और सांसद चुनकर आयें इसके लिए रणनीति बनाने की जरूरत है। महाधिवेशन के पहले दिन 24 राजनीतिक प्रस्ताव, आर्थिक प्रस्ताव में 17 और सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक में 7 प्रस्ताव पारित किया गया जिसे सर्वसम्मति से सभा द्वारा पारित किया गया।

वहीं कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व महाधिवकता अजीत कुमार ने कहा कि सरकार लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। चुनाव में जनता से किये वादे को निभाने में हेमंत सरकार नाकाम रही है। हमारी पार्टी का लक्ष्य राज्य के युवाओं का विकास करना है। इसलिए आने वाले दिनों में मैं लड़ूँगा नहीं बल्कि लड़वाऊंगा।



**नीति सिद्धांत से भटक गये लोग** : कार्यक्रम में झापा के प्रधान महासचिव अशोक भगत ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। आज जल जंगल और जमीन की राजनीति कर सत्ता पर काबिज होने वाले लोग अपने नीति और सिद्धांत से भटक गए जिसका परिणाम यह हुआ कि आज झारखंड राज्य का विकास होने के बजाय विनाश हो रहा। वही झापा आज भी अपने नीति और सिद्धांत की राजनीति करके जनता और कार्यकर्त्ताओं का भरोसा जीतने में कामयाब रही है।

# कोलकाता डीड के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालों की सघन जांच हो : धर्मेंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि कोलकाता डीड के नाम पर झारखंड में जमीन खरीद-बिक्री में जो भी फजीर्वाड़ा किया गया है, उन सभी की राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को लिखे। श्री तिवारी ने कहा कि अभी तक की कार्रवाई में जो लोग पकड़े गए हैं, वह बेहद कम है। सच तो यह है कि इस फजीर्वाड़ा में सैकड़ों लोग शामिल हैं। इन लोगों ने कोलकाता डीड को आधार बना कर लोगों की जमीनें लूट लीं। जिनके पास दो टाइम भोजन करने का भी पैसा नहीं था, वो अभी महंगी गाड़ियों पर चल रहे हैं। जाहिर है, इन लोगों ने कोलकाता डीड के नाम पर जमीन की खरीद-फरोख्त में लंबा हाथ मारा है। श्री तिवारी ने कहा कि जब ईडी ने प्रारंभिक जांच में ही इतने लोग पकड़ लिये और 36 डीड फर्जी है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखंड में सरकारी जमीन को लेकर कितने बृहत पैमाने पर खेल हुआ है। उन्होंने कहा कि अब जांच का दायरा बढ़ाया जाना चाहिए। ईडी के अलावा राज्य सरकार को भी चाहिए कि वह अपनी एजेंसियों को जांच कार्य में लगाए ताकि यह पता चल सके कि कोलकाता डीड के नाम पर कितनी जमीन का वारा-न्यारा किया गया है। सरकार को चाहिए कि एक रजिस्टर्ड जमीन को जिन लोगों ने कोलकाता डीड के नाम पर अन्य लोगों को बेच दिया, उनकी भी जांच कराए और जिनके नाम से पहले से जमीन रजिस्टर्ड थी, उन सभी ओरिजनल भू-मालिकों को जमीन दिलाई जाए जो भी इसमें दोषी पाये जाते हों, उन पर कड़क कार्रवाई की जाए, उनकी संपत्ति सीज कर ली जाए। जमीन का घोटाला बहुत बड़ा घोटाला जान पड़ता है हर स्तर पर इसकी जांच हो।

## बेटियों को उद्यमी बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही राज्य की गठबंधन सरकार

# मुख्यमंत्री के प्रयासों से अपना जीवन सुधार रहीं झारखंड की बेटियां

**कमजोर वर्गों के लिए वरदान बन रही सरकार की पहल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पार्वती और द्रौपदी कुमारी रांची के सिकिदिरी गांव की रहने वाली सगी बहनें हैं। दोनों ऐसे पृष्ठभूमि से आती हैं, जहां लड़की के लिए शिक्षा ग्रहण कर पाना बेहद कठिन है। लेकिन दोनों बहनों ने अपने मां की देखरेख में इस कठिन दौर को पार किया। सिर्फ कठिन दौर को पार ही नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर शुरू किए गए आईटीआई कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग



की परियोजन परिवाहिनी) से जुड़ गई। दोनों बहन की पहल रंग लाई। दोनों ने अच्छा करने की प्रतिबद्धता के साथ पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आईटीआई प्रमाणन कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम पूरा कर प्लेसमेंट प्राप्त किया। पार्वती हैदराबाद स्थित सोडेक्सो एवं द्रौपदी बर्बेक्यू नेशन में नौकरी प्राप्त कर ली। उनका शुरूआती मासिक शुद्ध वेतन लगभग 16,000 (सीटीसी 25,000 रुपये) था। लेकिन उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के कारण उनकी सेवा के केवल 6 माह में उनके वेतन में वृद्धि हुई। उनका वर्तमान मासिक शुद्ध वेतन 26 हजार (36,000 सीटीसी) है। अब दोनों बहनें न केवल अपनी मां की देखभाल कर रहीं हैं, बल्कि अपने गांव की सैकड़ों युवा लड़कियों के लिए एक आदर्श भी बन गई हैं। मुख्यमंत्री के प्रयासों से पार्वती और द्रौपदी जैसी सैकड़ों युवतियां अपना जीवन सुधार पा रहीं हैं।

### बेटियों को उद्यमी बनाना लक्ष्य

झारखंड की बेटियों को इस पाठयक्रम के जरिए खाद्य उद्यमी बनाना लक्ष्य है। सरकार के सहयोग से संचालित कौशल कॉलेज एक ऐसा पाठ्यक्रम प्रदान करता है जो प्रैक्टिकल कक्षाओं, योरी कक्षाओं, प्रोडक्शन शॉप (छात्रों द्वारा प्रबंधित एक इनहाउस कैफे), जीवन कौशल मॉड्यूल (संचार, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कार्य जीवन संतुलन और उद्यमिता) का सही मिश्रण है। आवासीय कॉलेज छात्राओं को उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति सेवा की भावना का निर्माण करने में मदद करती है। छात्रों को उद्यमिता (खाद्य उद्यमी) अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। आईटीआई कौशल कॉलेज में छात्रों द्वारा संचालित सेवा कैफे हैं जो खाद्य उद्यमियों की नर्सरी के रूप में कार्य करता है। इसका लक्ष्य झारखण्ड की बेटियों में उद्यमिता मानसिकता पैदा करने के मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करना है। झारखण्ड की बेटियों द्वारा झारखण्ड में ही नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना इस सेवा कैफे का सिद्धांत है।

### प्रशस्त हो सकेगा आजीविका का मार्ग

आईटीआई कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग की परियोजन परिवाहिनी) की एक पहल है जो पाक कला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आईटीआई प्रमाणन कार्यक्रम प्रदान करने वाला अपनी तरह का पहला संस्थान है। यह कार्यक्रम राज्य के कमजोर वर्गों एससी, एसटी और अल्पसंख्यक लड़कियों को शेफ के रूप में प्रशिक्षित करने के इरादे से विकसित किया गया है ताकि वे अपनी आजीविका का मार्ग प्रशस्त कर सकें। यह पाक कला महाविद्यालय, कई मायनों में एक अभिनव पहल है। इसमें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से तैयार पाठ्यक्रम और पाक कला प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रेरित संकाय है। झारखंड सरकार ने भारत और दुनिया के लिए भविष्य के शेफ तैयार करने के लिए इसकी स्थापना की है। आईटीआई पाक कला कौशल कॉलेज औपचारिक रूप से राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), रांची, झारखण्ड से संबद्ध है। छात्रों को इंडियन फेडरेशन फॉर क्यूलिनरी एसोसिएशन (आईएफसीए) द्वारा प्रमाणित प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

**बेटियां यहां कर सकतीं हैं संपर्क**

कौशल कॉलेज में एडमिशन के लिए छात्राएं 10वीं पास करके वेबसाइट के जरिए अप्लाई कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्प लाइन नंबर 6204800180 पर कॉल कर सकते हैं।

# कोल्हान फतह को भाजपा ने बनायी रणनीति, प्रमंडलीय बैठक में बूथों के सशक्तिकरण पर जोर

## बूथ जीता, चुनाव जीता के मंत्र से मिलेगी सफलता : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को भाजपा को ओर से झारखंड के पांचों प्रमंडल में प्रमंडल स्तरीय बैठक सम्पन्न आयोजित की गई। इसी क्रम में, जमशेदपुर में भाजपा की कोल्हान प्रमंडलीय बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के मुख्य सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर पिछले एक महीने से चल रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत सम्पन विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। इस महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सम्पन्न हुए कार्यक्रमों में कोल्हान के चार जिलों में किस जिले और किस मंडल ने बेहतर प्रदर्शन किया है, इसकी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। बैठक में कार्यकताओं को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बड़ी विजय सुनिश्चित के लिए कई जरूरी निर्देश दिए गए। सभी कार्यकताओं को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में एवं बूथों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने को कहा गया। बैठक में वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कोल्हान के दो लोकसभा सीट, आंशिक अन्य दो सीट एवं विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर बड़ी विजय के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, आगामी अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान महा जनसंपर्क अभियान की अवधि को विस्तार किया गया। इस कोल्हान प्रमंडलीय बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री सह बैठक के प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू मुख्यरूप से शामिल हुए। वहीं, इस बैठक में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, निवर्तमान मेयर, निवर्तमान डिप्टी मेयर, जिला परिषद अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, चारों जिला के जिलाध्यक्ष, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण, पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा जिला पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, जिला प्रभारी, 2019 चुनाव के प्रत्याशी, विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्षगण, मोर्चा के महामंत्री समेत पूरे कोल्हान के चार जिले के मंडल अध्यक्षगण मौजूद रहे। बैठक में स्वागत संबोधन भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने किया। बैठक में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता बूथ जीता-चुनाव जीता के लक्ष्य को आत्मसात कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदाताओं से अधिक से अधिक संपर्क एवं संवाद करें। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि हमें कोल्हान की दोनों लोकसभा सीट के साथ कोल्हान के सभी विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करनी है, इसके लिए कार्यकर्ता जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धि एवं योजनाओं की जानकारी शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से मिलकर दें। इस बैठक का उद्देश्य भी इसी कार्य में निहित है। सांसद विद्युत वरण महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और राज्य सरकार की विफलता को आमजनों के बीच ले जाने का आह्वान किया। बैठक में मंच संचालन करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने सांगठनिक कार्यों पर सभी कार्यकताओं से रिपोर्ट कार्ड लिया एवं जमशेदपुर महानगर के बूथ समिति गठन एवं पन्ना प्रमुख गठन पर जानकारी दी।



तुलसी भवन में प्रमंडल स्तरीय बैठक में उपस्थित भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, सांसद व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण।

**ये थे उपस्थित :** कोल्हान प्रमंडलीय बैठक में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, लक्ष्मण टुडू, पूर्व मंत्री बरकुंवर गागराई, पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, गुरुचरण नायक, जवाहरलाल बानरा, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु, आदित्यपुर निर्वतमान मेयर बिनोद श्रीवास्तव, निर्वतमान डिप्टी मेयर अमिताभ सिंह बॉबी, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, पूर्व प्रवक्ता जेबी तुबिद, भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ राजीव, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक विकास सिंह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक जटाशंकर पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव, दिनेश साव, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, पुर्वी सिंहभूम ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरव चक्रवर्ती, सरायकेला खरसवां जिलाध्यक्ष विजय महतो, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष सतीश पूरी समेत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण, पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा जिला पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, जिला प्रभारी, 2019 चुनाव के प्रत्याशी, विभिन्न मोर्चो के जिला अध्यक्षगण, मोर्चा के महामंत्री समेत पूरे कोल्हान के चार जिलों के मंडल अध्यक्षगण मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

## घूमधाम से मना टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह का जन्मदिन



जमशेदपुर। शनिवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह का जन्मदिन उनके समर्थकों द्वारा बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कई डिवीजन के मजदूरों ने अलग-अलग तरीकों से जन्मदिन को मनाया। सबसे पहले रात 12:00 बजे एचवीटीएल के मजदूर एवं यूनियन के साथी उनके आवासीय कार्यालय पर उपस्थित होकर केक काटकर जन्मदिन को मनाया। सुबह से ही टाटा मोटर्स के इंजन डिविजन प्लांट 3 प्लांट वन फाउंड्री प्लांट वनअन्य डिवीजन के लोग एवं सैकड़ो मजदूर घर पर आ कर बधाई दिया एव केक काटने का दौर चला।

टेल्को आम बागान में महामंत्री श्री आरके सिंह द्वारा वृक्षारोपण कर एवं केक काटा गया। इसके उपरांत काशी स्थित मदर टेरेसा होम में छोटे बच्चों के साथ केक काटना एवं उनका भोजन कराना एक्सल डिवीजन के साथियों ने आयोजन किया। साथ ही साथ वृद्धा आश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ केक काटना एवं भोजन करने का कार्यक्रम किया गया। शाम को आरके सिंह फैंस क्लब की ओर से एक वृहद कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें गीत संगीत के साथ केक कटिंग का कार्यक्रम रखा गया जिसमें टाटा मोटर्स के वरीये पदाधिकारी यूनियन के पदाधिकारी आर के सिह फैंस क्लब के सदस्य एवं टाटा मोटर्स में मजदूरों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। और खुशनुमा माहौल में अपने आदरणीय महामंत्री बधाई दिया।

## पत्थर से कूच कर हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार



जमशेदपुर। रामजन्म नगर कदमा निवासी आकाश हो की पत्थर से कुछ कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिक आरोपी जम्मू सिंह भूमि समीर को और मंगल पात्रों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणावत ने पत्रकारों को बताया कि आकाश हो ने कुछ दिनों पूर्व समीर की मां पर पत्थर चलाया था जिसमें वह घायल हो गई थी। इसके बाद ही समीर ने आकाश की हत्या की योजना बनाई। आकाश ने जम्मू उर्फ मझला के साथ विश्वकर्मा पूजा के दिन झगड़ा किया था । आकाश में जान ने मार देने की उसे धमकी दी थी। घटना के दिन आकाश को की हत्या सोते समय चौपड़ और पत्थर से कूच कर कर दी गई थी। पत्थर से समीर ने कूचा था। इसके पहले हिंदू होटल के पास रेकी की गई थी पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से खून पत्थर,चापड़ और खून लगा कपड़ा बरामद किया है।

# नौवीं की छात्रा स्कूल में खा रही थी टीफिन, हार्ट अटैक से हुई मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत आदिवासी उच्च विद्यालय में नौवीं कक्षा की एक छात्रा कृतिका त्रिवेदी स्कूल में अचानक टिफिन खाते वक्त बेहोश हो गई। उसे होश में लाने के लिए मुंह पर पानी का छिड़काव किया गया परंतु वह होश में नहीं आई इसके बाद आनन-फानन में स्कूल के शिक्षकों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच उपरांत डॉक्टरों ने रितिका को मृत घोषित कर दिया। कृतिका ने 20 दिन पूर्व ही स्कूल में नामांकन करवाया था। उसके माता-पिता के मुताबिक वह हार्ट की मरीज थी और उसका इलाज चल रहा था,किन्तु आकस्मिक मौत हो जायेगी,ऐसी उम्मीद नहीं थी। छात्रा के माता-पिता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्कूल की शिक्षिकाओं ने बताया कि स्कूल में लंच के दौरान कृतिका टिफिन में अपने घर से लाया हुआ खाना खा रही थी। इसके बाद उसने चिप्स खाया। चिप्स खाते ही वह स्कूल में बेहोश हो गई। उसकी सहेलियों ने तुरंत स्कू ल के टीचर को बुलाया। कृतिका के स्कूल में बेहोश होते ही शिक्षक उदित नारायण रेनू और पदमा जहां उसे कार से लेकर आनन-फानन में एमजीएम अस्पताल पहुंच गए थे। अस्पताल पहुंचने तक कृतिका की सांस चल रही थी।किन्तु नीयति को कुछ और ही मंजूर था। सूचना मिलने के बाद क्लास टीचर रिंकू कुमारी और प्रिंसिपल होटल लोहरा भी एमजीएम अस्पताल पहुंचे। शिक्षकों ने कहा कि कृतिका 20 दिनों से स्कूल में पढ़ाई कर रही थी विद्यालय में नामांकन के वक्त त्रिवेदी परिवार ने शिक्षकों को बताया कि कृतिका को हार्ट की बीमारी है और उसका इलाज भी चल रहा है। अचानक इस तरह का हादसा होगा किसी को आभास तक नहीं था। परिजनों के मुताबिक कृतिका घर में सुबह 5:00 बजे सामान्य दिनों की तरह उठी और नहा धोकर सुबह 7:00 बजे स्कूल जाने के लिए तैयार हो गई। इसके बाद उसने नाश्ता किया और टिफिन बॉक्स लेकर स्कूल चली गई। दोपहर में कृतिका के पिता अरुण त्रिवेदी और उसकी माता मुन्नी त्रिवेदी को स्कूल के टीचरों ने एमजीएम अस्पताल से फोन किया कि उनकी बेटी अब नहीं रही। भागते हुए त्रिवेदी दंपति अस्पताल पहुंचे तब तक कृतिका ने दम तोड़ दिया था।





अस्पताल में कृतिका का शव गोद में लेकर रोते परिजन। शोकाकुल शिक्षिकाएं स्कूल परिसर में चर्चा करते हुए।

## परसूडीह में ड्रेनेज सिस्टम फेल, 150 घरों का हाल लेने पहुंचीं डीसी



**जमशेदपुर। वर्तमान समय में परसुडीह क्षेत्र की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है स्थिति इतनी भयावह है कि लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। नाले का पानी डेढ़ सौ घरों में घुस चुका है। सूचना मिलने पर प्रशासन की नींद खुली जहां उपायुक्त विजया जाधव ने एसडीओ पियूष सिन्हा संग जाकर जलजमाव वाले क्षेत्र में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।। उपायुक्त के क्षेत्र में पहुंचते ही आक्रोशित लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा उनके समक्ष अपनी पीड़ा बताई। उपायुक्त के साथ पहुंचे धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने बताया कि जल्द से जल्द समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि कचरे को नाले में न फेके।**

खबर एक नजर में

## सिख समाज के आठ सदस्य जत्था गुरुघरो के दर्शन के लिए रवाना



**जमशेदपुर।** गुरुद्वारा साहिब सीतारामडेरा में अरदास के उपरांत 8 सदस्य जत्था शनिवार को गुरुघरो के दर्शन के लिये सड़कमार्ग से रवाना हुआ। जत्था मुख्य रूप से गुरुद्वारा साहिब नानकमत्ता,हेमकुंड साहिब, पोंटा साहिब, आनंदपुर साहिब,दरबार साहिब अमृतसर एवं फतेहगढ़ साहिब के दर्शन कर 11 जुलाई को वापस शहर लौटेगा। जत्थे की रवानगी में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान सह सेंट्रल गुरुद्वारा कमिटी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह,सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटि के कार्यवाहक प्रधान सरदार कुलदीप सिंह,महासचिव गुरुचरण सिंह बिल्ला, मीत प्रधान चंचल सिंह, बीर खालसा दल के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह रिंकू, आगाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, टिनप्लेट गुरुद्वारा के सुरिंदर सिंह, सेंट्रल स्त्री सत्संग सभा की चेयरमैन बीबी कमलजीत कौर, सुखजीत कौर, प्रधान रविंदर कौर, कुलवंत कौर, परमजीत कौर, सीताराम डेरा गुरुद्वारा की प्रधान बीबी कमलजीत कौर, जगतार सिंह नागी, कमलजीत भाटिया ने संयुक्त रूप से जत्थे में शामिल सदस्यों को सिरोपा देकर सम्मान किया। जत्थे के हरविंदर सिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब की उनकी 20 वीं यात्रा है। जत्थे में मुख्य रूप से सरदार श्याम सिंह भाटिया, हरविंदर सिंह, ओंकार सिंह, अरविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह,मनप्रीत सिंह भाटिया, हरविंदर सिंह हैरी, सूरत कुमार पुरुहित शामिल है, जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ जत्था रवाना हुआ।

## स्वर्ण पदक विजेता पूनम को विधायक मंगल कालिंदी ने किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** जर्मनी के राजधानी बर्लिन में स्पेशल ओलंपिक्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली जमशेदपुर के टेल्को की रहने वाली पूनम तिवारी ने दो स्वर्ण पदक जीते। जर्मनी से अपने घर लौटने पर आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उनके घर पहुंच कर शॉल ओढ़ाकर और घड़ी भेंट कर सम्मानित किया और बधाई दी और कहा कि आगे भी किसी प्रकार मेरी सहायता की जरूरत हो तो जरूर मुझसे संपर्क करें। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पूनम तिवारी ने झारखंड समेत पूरे देश का मान सम्मान बढ़ाया है। यह उनकी कड़ी मेहनत और संघर्ष का नतीजा है। मौके पर धर्म तिवारी जी, रजत प्रसाद, जयदिप महतो, सागर महतो,रमेश हांसदा, अनमोल केरकट्टा मौजुद थे।

## करणी सेना ने डॉ राजू रंजन को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर शनिवार की सुबह क्षत्रिय करणी सेना परिवार द्वारा गम्हरिया स्थित अवध डेंटल के डॉक्टर राजू रंजन के क्लिनिक जाकर पुष्पगुच्छ देकर व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। बता दे कि डॉक्टर राजू रंजन पिछले कई सालों से मरीजों के समस्या के हिसाब से नही बल्कि उनकी परिस्थितियों के हिसाब से पैसे लेकर इलाज करते है,कई बार मरीज का निशुल्क इलाज भी करने के लिए जाने जाते है। अपने सरल स्वभाव के धनी व जमीन से जुड़े ऊंचे व्यक्तित्व की पहचान बना चुके है डॉक्टर राजू रंजन। करणी सेना ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा हमें गर्व है कि समाज में आज भी आप जैसे डॉक्टर मौजूद है जो मरीजों को कभी निराश नही बल्कि उनकी समस्या का समाधान करते है। मौके पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह,हरि सिंह राजपूत, युवा कोल्हान अध्यक्ष रंजन सिंह मौजूद थे।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर अली को किया सम्मानित



जमशेदपुर। शनिवार को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे कोल्हान के जाने माने रेडियोलॉजिस्ट सुल्तान अली सैफुल्लाह एमडी रेडियोलॉजिस्ट को जमशेदपुर में चिकित्सा के क्षेत्र में निस्वार्थ सामाजिक कार्यों एवं असहाय मरीजों को मदद करने के लिए ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ओर से एक मोमेंटो,शाल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर मतीनुल हक अंसारी,समाजसेवी अपूर्व पाल और मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, साकची बाजार समिति के अनिल मंडल,आजादनगर थाना शांति समिति के सक्रिय सदस्य मोइनुद्दीन अंसारी, मतीन तारीक, नीति दुबे, अफताब आलम, शाहिद परवेज, ताहिर हुसैन ने उपस्थित होकर उन्हें बहुत सारी बधाई दी।

## इंसान के रूप में भगवान हैं चिकित्सक : विकास सिंह

जमशेदपुर। चिकित्सक दिवस के दिन भाजपा नेता विकास सिंह ने जमशेदपुर के प्रख्यात जनरल फिजिशियन डॉक्टर अजय मिश्रा को नर्सिंग होम में जाकर चिकित्सक दिवस की बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि डॉक्टर सही में इंसान के रूप में भगवान है। यह बात आम लोगों को उस समय अच्छी तरह समझ में आ गई जब कोविड-19 के समय परिवार के सदस्य भी कोरोना से पीड़ित अपने लोगों से दूर रहते थे उस समय चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना मरीज को जीवनदान देने में लगे रहते थे । विकास सिंह ने कहा चिकित्सक दिवस डॉक्टरों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें अच्छे कार्य के लिए धन्यवाद देने का भी दिवस हैं।



डॉ अजय मिश्रा का पैर छू कर आशीर्वाद लेते विकास।

## शहीद गणेश हांसदा के परिजनों से मिले डॉ गोस्वामी



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी आज भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बहरागोड़ा प्रखंड के कोसाफलिया गांव पहुंचे तथा गलवान घाटी में शहीद हुए शहीद गणेश हांसदा के परिजनों से मिले। संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत डॉ गोस्वामी ने शहीद गणेश हांसदा के पिता सुकदा हांसदा तथा उनके भाई दिनेश हांसदा को मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित पुस्तक भेंट किया। डॉ गोस्वामी ने कहा कि मोदी सरकार के ये 9 वर्ष सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के प्रति समर्पित के वर्ष रहे। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं तथा युवाओं के उन्नयन के लिए मोदी सरकार ने अनेकानेक जनकल्याणकारी योजनायें चला रही है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत एवं खुशहाल भारत का निर्माण हो रहा है। देश के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने शहीद गणेश हांसदा के पिता सुकदा हांसदा से वर्ष 2024 में फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु समर्थन समर्थन मांगा।

## राजेंद्र विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर।** राजेंद्र विद्यालय के प्रेक्षागृह में सत्र 2022 23 के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित मुख्य अतिथि पदम डॉ जानुम सिंह सोए ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर उनके साथ विद्यालय प्रबंध समिति के महासचिव चंद्र प्रकाश नारायण सिंह अध्यक्ष ब्रजनंदन चौधरी एवं उपाध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या जयंती सिंह भी उपस्थित थे। समारोह में 10वीं एवं 12वीं के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह में विद्यालय में सफलता के साथ 25 वर्ष सेवा पूरा करने वाले वरिष्ठ शिक्षक रामकिशोर पांडे के साथ 3 विद्यालय सहकर्मियों बीना पात्रों, संतोष ठाकुर एवं हरेंद्र प्रसाद को भी सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शिक्षक जितेंद्र कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विगत वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिस का संचालन 11वीं कक्षा की छात्रा अनुष्का एवं छात्र शशांक ने किया। विद्यालय के सचिव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ एवं राष्ट्रगान गाते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बारीडीह में सरयू राय का रामार्चा पूजा कल से

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय में दो दिवसीय रामार्चा पूजा 3 जुलाई से शुरु करने जा रहे हैं। चार जुलाई को यहां हजारों लोग भोग ग्रहण करेंगे, जिसकी तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया गया है। भोग में आरा जिले का चर्चित हाथी कान पूड़ी लोग बड़े चाव से खाते हैं। बारीडीह विधायक कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष गुरूपुरनिमा के दिन रामार्चा पुजा का आयोजन किया जाता है. पुजा के अगले दिन सावन प्रारंभ होता है और इस दिन भगवान शंकर का रूद्राभिषेक होता है और दोपहर से रात तक प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस पुजा में अधिक से अधिक लोगो तक सभी संपर्क सूत्रों के माध्यम से निमंत्रण भेजा जाता है, किंतु किसी से भी विशेष आग्रह नहीं किया जाता है अपितु लोग इसकी सूचना मिलने पर अपनी स्वेच्छा से इस पुजा में शामिल होने व प्रसाद ग्रहण करने पधारते है। इसलिए पुजा के महत्व देते हुए सभी को हम केवल सूचनार्थ हेतु निमंत्रण देते है। उन्होंने रामार्चा पूजा के महत्व के बारे में बताया कि इस पूजा में भगवना श्री राम के साथ-साथ उसके सभी परिवार के लोग, वन यात्रा के दौरान तथा रावन को युद्ध में परास्त करने तक जो भी इनके सहयोगी रहे उन सभी की पुजा होती है। यही इस पुजा की विशेषता है। राय ने कहा कि हमारी यही कामना रहती है की भगवान श्री राम के व्यक्तित्व से जो भी लोगों को सिख मिलती है हम उसे इस पुजा के माध्यम से स्थायित्व प्रदान करे और पुजा में जो लोग भी आते है और प्रसाद ग्रहण करते है उनके प्रति हमारे मन में अत्यंत संतोष होता है। विधायक ने बताया कि जमशेदपुर के स्थानीय पुरोहित विनोद पांडेय, बेगूसराय के पंडित रविकांत ठाकुर का पुजा संपन्न कराने में अहम योगदान रहता है।

# श्रीनाथ विवि के छात्रों को यंग इंडियंस ने बताये उद्यमिता और कॉरपोरेट में सफल होने के गुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में यंग इंडियंस की ओर से विद्यार्थियों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों को एग्जीक्यूटिव काउंसिल फॉरमेशन युवा, प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी, प्रोजेक्ट क्लाइमेट चेंज, प्रोजेक्ट एक्सेसिबिलिटी, प्रोजेक्ट हेल्थ इनीशिएटिव लर्निंग इन एंटरप्रेन्योरशिप जिसमें इंडस्ट्री विजिट एंटरप्रेन्योरशिप, इंटर्नशिप मेंबरशिप कंपनी, इनीशिएटिव इनोवेशन इत्यादि पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त 5 रिसर्च टॉपिक पर भी बातें हुई जिसमें पहला द फ्यूचर ऑफ टेक्निकल इन मैन्युफैक्चरिंग, द फ्यूचर ऑफ एग्रीटेक, द फ्यूचर ऑफ लाइफ स्टाइल फॉर सस्टेनेबिलिटी, द फ्यूचर ऑफ एजुकेशन, द फ्यूचर आफ डिजिटल इकोनामी इत्यादि थे। इस कार्यक्रम मे छात्रो को पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त बाते बताई गई कि किस प्रकार वे अपना रोजगार खडा कर सकते है, किस तरह उनके व्यक्तित्व मे नेतृत्व क्षमता के गुण उभर सकते है इत्यादि। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर कुछ छात्रो ने सवाल भी पूछे जिनका जवाब यंग इंडियंस के सदस्यो ने दिया। यंग इंडियंस जमशेदपुर के उदित अग्रवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यंग इंडियंस का उद्देश्य विद्यार्थियों का पठन-पाठन के अतिरिक्त सर्वांगीण विकास करना भी है।

# सिक्योरिटी गार्ड ने ही उड़ाये थे सोनारी निवासी के घर से 12 लाख रुपये

## पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सोनारी परदेसी पाड़ा बी ब्लॉक निवासी कौशल कुमार सिंह के घर से रुपयों से भरा थैला गायब करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने जांच उपरांत इस मामले में बोकारो हरला थाना क्षेत्र निवासी प्रेम कुमार महतो को गिरफ्तार किया है जो वर्तमान में जमशेदपुर के नार्दन टाउन बी रोड में रहता है। पुलिस ने उसके पास से 3,50,500 रुपये नकद बरामद किया है। इसके अलावा दो मोबाइल फोन लकड़ी का पलंग, लकड़ी का ड्रेसिंग टेबल, कूलर ,लकड़ी का टेबल को बरामद किया है। चोरी के रुपये से ही गार्ड ने उक्त सामान खरीदा था। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड के तौर पर प्रेम को कौशल कुमार सिंह के घर पर तब तैनात किया गया था जब घर में उनकी बेटी की शादी थी। कौशल कुमार सिंह की बेटी की शादी 30 मई को बिष्टुपुर स्थित बीएस रेजीडेंसी में हुई थी। 31 मई को जब वे अपने घर लौटे तो अलमारी में रखे पैसे की झोली को खोजा गया तो वह नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना थी और सोनारी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई । तकनीकी तौर पर जांच उपरांत चोरी के आरोप में प्रेम महतो

# भारत गौरव ट्रेन : भारतीय रेल के साथ माता वैष्णोदेवी समेत कीजिए उत्तर भारत दर्शन

आइआरसीटीसी ने 11 अगस्त को रवाना होने वाली ट्रेन के शिड्यूल जारी किये

आइआरसीटीसी के वेबसाइट अथवा टाटानगर रेलवे स्टेशन से बुक करवायें सीट

खबर मन्त्र ब्यूरो



माता वैष्णो देवी उत्तर भारत टूर की जानकारी देते आइआरसीटीसी के अधिकारीगण।



नवनिर्मित भारत गौरव ट्रेन की (फाइल फोटो)।

**जमशेदपुर।** भारतीय रेलवे की शाखा, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड की पूर्व क्षेत्र/कोलकाता ने देखो अपना देश के तहत भारत गौरव' ट्रेन द्वारा हरिद्वार, ऋषिकेश, माता वैष्णोदेवी, अमृतसर, मथुरा, वृंदावन, आगरा और अयोध्या का भ्रमण कराने के लिए ले के जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33% रियायत प्रदान कर रहा है। यह ट्रेन टाटानगर से भी गुजरेगी इसलिए जमशेदपुर समेत कोल्हान के इच्छुक लोग इस यात्रा के लिए टिकट बुक करवा सकते हैं।

इस यात्रा के लिए बिल्कुल नवनिर्मित 11 कोच वाली भारत गौरव ट्रेन में कुल 780 पर्यटकों के लिए सीट उपलब्ध है। सीट की बुकिंग पहले आओ,पहले पाओ की तर्ज पर करायी जा सकती है। पर्यटकों को सेवा देने के लिए करीब 100 स्टाफ ट्रेन में विभिन्न सेवाओं के लिए तैनात रहेंगे। यह जानकारी टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आइआरसीटीसी के चीफ सुपरवाइजर-कोलकाता मनीष कुमार, चीफ सुपरवाइजर-कोलकाता निखिल प्रसाद और चीफ सुपरवाइजर-टाटानगर रवि लामा ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दी। इन अधिकारियों ने बताया कि उन्हें बुकिंग के लिए यूएस,दुबई और यूरोप में पोस्टेड युवाओं के फोन आ रहे हैं जो अपने माता-पिता को इस यात्रा पर भेजना चाहते हैं। उन्होंने एक सवाल पर बताया कि अकेले जमशेदपुर से इस यात्रा के लिए 100 पर्यटक मिलने की उम्मीद है। मनीष कुमार ने बताया कि यह पर्यटक ट्रेन दिनांक 11.08.23 को कोलकाता से खुलेगी जो की कोलकाता-मेचेदा खड़गपुर- मिदनापुर- टाटानगर- पुरुलिया- रांची- बोकारो स्टील सिटी- धनबाद- हजारीबाग रोड- कोडरमा गया- सासाराम और दिन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर तीर्थ यात्रियो को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी, और हरिद्वार, ऋषिकेश, माता वैष्णोदेवी, अमृतसर, मथुरा, वृंदावन, आगरा और अयोध्या का भ्रमण कराते हुए, दिनांक 21.08.2023 को वापस लौटेगी।

**यात्रा शुल्क और समावेश : भारतीय रेल द्वारा संचालित भारत गौरव ट्रेन में पहली बार तीन श्रेणी रखी गयी है**

1. इकोनॉमीः जिसमें स्लीपर क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 17,700/- प्रति व्यक्ति
2. स्टैंडर्ड - जिसमे 03 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 27,400/- प्रति व्यक्ति है।
3. कम्फर्ट- जिसमे 03 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 30,300/- प्रति व्यक्ति है। उपरोक्त के अलावा श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में रात्रि विश्राम की सुविधा दी जायेगी।

शाकाहारी नाश्ता और भोजन : शाकाहारी भोजन (सुबह, दोपहर और रात का भोजन), सुबह शाम चाय, साथ ही प्रत्येक दिन दो बोतल पानी। घूमने के लिए श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित बस की व्यवस्था। साथ ही कोच मे सुरक्षागार्ड, सफाईकर्मी और टूर एस्कॉर्ट उपलब्ध रहेंगे।

यहां से कर सकते हैं बुकिंग : इच्छुक पर्यटक यात्रा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं बुकिंग के लिए आइआरसीटीसी, 3, कोइलाघाट, कोलकाता एवं दूरभाष संख्या 8595904082/ 8595904077 से प्राप्त कर सकते है।

## स्पीड न्यूज

### उंटारी रोड : बीडीओ, सीओ समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी रहे अनुपस्थित



सूनसान अंचल व प्रखंड कार्यालय व बंद पड़ा चैंबर।

**उंटरी रोड पलामू (अमित चौधरी)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड़ मे शनिवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय के कई कर्मी नदारत मिले। इतना ही नही कर्मी के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललित राम भी मौजूद नही थे। प्रखंड सह अंचल कर्मी के नदारत रहने से कई लोग बिना काम कराये ही वापस लौट गए। हालांकि यह पहली बार ऐसा नही हुआ है पूर्व मे भी कई बार प्रखंड सह अंचल के कर्मी शनिवार को गुल रहते है। जिससे किसी काम को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुँचे आमजनों मे काफी आक्रोश है। अंचल कार्यालय में चपरासी वही प्रखंड मे चपरासी सहित दो पंचायत सचिव मौजूद थे। वही अंचल के दोनों राजस्व कर्मचारी, प्रधान सहायक, नाजीर, ओपरेटर साथ ही प्रखंड कार्यालय के नजीर, प्रधान सहायक, एक पंचायत सचिव, ओपरेटर सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललित राम भी मौजूद नही थे। इस संबंध मे प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष से हुए संपर्क में उन्होंने बताया कि अभी प्रशिक्षण को लेकर मेदिनीनगर में हूं। अंचल कार्यालय के एक राजस्व कर्मचारी क्षेत्र में होंगे। वही और अनुपस्थित कर्मियों के बारे मे पूछने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### निगम ने नये जुड़े क्षेत्रों के लोगो को ठगने का काम किया : अभिषेक सिंह



**मेदिनीनगर।** पहले सूखे से परेशान और अब निगम के धोखे से परेशान हैं निगम में जुड़े हुए नये क्षेत्र के लोग। उक्त बातें युवा झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कही। सिंह ने कहा कि निगम का गठन एक उद्देश्य के साथ किया गया था जिसमें सभी क्षेत्रों का समुचित विकास करना प्राथमिकता थी लेकिन पूर्व मेयर अरुणा शंकर के नेतृत्व वाली निगम की सरकार ने जनता को सिर्फ.ठगने का काम किया है। पहली बारिश में ही सड़कों पर चलना दुर्भर हो गया है अभी तो पूरा बरसात बाकी है। सिंह ने नगर आयुक्त से जल्द से जल्द शहर के सभी गड्ढों को भरने और नये सड़कों के निर्माण हेतु प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

### ऋत्विज समाज कर रहा कई गतिविधियां संचालित

**मेदिनीनगर।** ऋत्विज समाज ने सामाजिक क्षेत्र में कई तरह की गतिविधियां संचालित किया है। इसी कड़ी में पिछले कई वर्षों से छात्रवृति योजना चल रहा है। संस्था के अध्यक्ष हरिहरनंद चौबे एवं उपाध्यक्ष मणिकांत उपाध्याय ने बताया कि मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में 80प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले गरीब और मेधावी विद्यार्थियो को इस योजना का लाभ दिया जाता है। ब्राह्मण परिवार के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहयोग के लिए छात्रवृति राशि दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष छात्रवृति योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित है। अभी तक 35 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किया है। चयन समिति की बैठक 7 जुलाई को होगी और छात्रवृति का लाभ देने के लिए नाम चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि संस्था के संरक्षक डॉ अरुण शुक्ला की देखरेख में यह योजना सुचारू रूप से संचालित है। लक्ष्मण शुक्ला स्मृति छात्रवृति योजना के माध्यम से छात्र एवं शिवकुमारी देवी स्मृति छात्रवृति योजना के तहत छात्राओं को उच्च शिक्षा पूरा करने के लिए आर्थिक सहयोग किया जाता है। इच्छुक छात्र छात्रा संस्था के अध्यक्ष हरिहरनंद चौबे पंचवटीनगर एवं उपाध्यक्ष मणिकांत उपाध्याय चेयरमैन रोड शिव मंदिर के निकट हमीदगंज से संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते हैं। आवश्यक प्रक्रिया पूरा करने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

### कवियों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी कविताओं का वाचन किया



**मेदिनीनगर।** हिंदी साहित्य भारती, झारखण्ड एवं सम्पर्क, रांची के तत्वावधान में हूल दिवस के अवसर पर संरक्षण समागम-5 का आयोजन बेतला राष्ट्रीय उद्यान सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रो सुभाषचन्द्र मिश्र ने की और संचालन कवि राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार कुमार मनीष अरविन्द का एकल काव्य-पाठ हुआ जिसमें उन्होंने अपनी प्रकाश्य पुस्तक कंक्रीटी जंगल की बात से गीत सुनाए। इस गीत संग्रह में शहरी जीवन पर प्रकृति प्रदूषण का प्रभाव, शहरों से लुप्त होती मानवीय संवेदना आदि समस्याओं पर चिंता व्यक्त की गयी है। मौके पर प्रो सुभाषचन्द्र मिश्र ने कहा कि संवेदनशीलता कविता की जान और कवि की पहचान होती है। क्रौंच वध ने अगर बाल्मिकी को द्रवित नहीं किया होता आज हम कविता से अनभिज्ञ रहते। मौके पर पलामू के कवियों ने पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी एक से बढ़कर एक कविताओं का वाचन किया जिनमें श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, उमेश कुमार पाठक 'रेणु',रमेश कुमार सिंह,अनुज कुमार पाठक, राम प्रवेश पंडित ,अनुपमा तिवारी,आचार्य धनन्जय पाठक ,प्रवीण चन्द्र मिश्र, विजय प्रसाद शुक्ल, हरिवंश प्रभात एवं राकेश कुमार का नाम शामिल हैं।

## महाजनसंपर्क अभियान की समाप्ति के बाद भाजपा ने टाउन हॉल में की चार जिलास्तरीय समीक्षा बैठक

# निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा उचित स्थान देती है : आदित्य साहू

### कार्यकर्ताओं को अथक प्रयास से महाजनसंपर्क अभियान सफल रहा : सांसद





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महाजनसंपर्क अभियान 30 जून तक सभी लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र में घर घर जाकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि को बताने का काम किया। जिसकी सफलता पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति टाउन हॉल में चार जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई। इस बैठक में पलामू, गढ़वा, लातेहार व चतरा जिला के सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष समेत अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बैठक के दौरान साहू ने महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा पंचायतवार करते हुए उसकी पूरी जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पूछ हमेशा पार्टी के वरीय लोगों को द्वारा किया जाता है। इस पार्टी में किस कार्यकर्ताओं को कब व कहां कौन सा पद प्राप्त होगा यह उस कार्यकर्ता को भी पता नहीं चल पाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के हौसला आफजाई करते हुए कहा कि आपसबों के कड़ी मेहनत व लगन के कारण महाजनसंपर्क अभियान चारों जिला में सफल हुआ है। जो आपसभी बधाई के पात्र हैं। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने संबोधित करते हुए कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में महाजनसंपर्क अभियान को जिस प्रकार से समर्पित कार्यकर्ता व मंडल अध्यक्षों ने सफल बनाया है इसका मैं हृदय से सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस उंचाईयों को छूआ है उसका नतमस्तक देश के विभिन्न देश हो चुके है। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की जो पूछ होती है वह किसी भी राजनीति दल में नहीं होता है। यही कारण है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी पार्टी है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने वाली पार्टी है। जिसके चौकीदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। चतरा विधायक किशनदास ने कहा कि जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार स्थापित हुई है तब से लेकर आज तक विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम तेजी से किया गया है। मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व महापौर अरूणा शंकर ने भाजपा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश आजादी के बाद मेदिनीनगर शहर को संवारने का काम पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं किया गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में नगर निगम का चुनाव होने के बाद से मेदिनीनगर निगम क्षेत्र को सजाने व संवारने का काम किया गया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक व विषय प्रवेश लातेहार के जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक गिरीनाथ सिंह, श्याम नारायण दुबे, पलामू प्रभारी विनय जयसवाल, लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, चतरा प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, रघुराज पांडे, अलख पांडे, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, बृजमोहन राम, मंगल सिंह, राजधानी यादव, विनोद सिंह, प्रभात भुइयां, दुर्गा जोहरी, लवली गुप्ता, अविनाश वर्मा, श्याम बाबू सुरेंद्र विश्वकर्मा, कामेश्वर कुशवाहा कर्नल संजय सिंह, संतोष दुबे, परशुराम ओझा, सोमेश सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय,अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, श्यामा द्विवेदी, मंजू गुप्ता,संध्या सिंह, रेनू देवी, मनोज दुबे, संतोष सिंह, नवेन्दु मिश्र, सीटू गुप्ता, ज्योति पांडे, श्वेतांक गर्ग, जितेंद्र तिवारी रामेश्वर राम, शंकर गुप्ता, सुजाता सिंह, नीलम देवी के साथ-साथ सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जिले के व प्रमंडल के नेता उपस्थित थे।

# शहर के पांच मुहल्ला में दादा दादी पार्क तैयार : प्रथम महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता



रिवर फ्रंट पार्क का निरीक्षण करतीं अरुणा शंकर।

**मेदिनीनगर।** निगम द्वारा लगाया जा रहा मल्टी प्ले स्टेशन का शिलान्यास प्रथम महापौर अरूणा शंकर द्वारा अपने कार्यकाल में किया गया था।

अरूणा निरीक्षण करने स्वयं कोयल रिवर फ्रंट गई और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरा सपना था जैसे मैंने युवाओं एवं परिवार के लिए कोयल रिवर फ्रंट बनाया, बच्चों के लिए बहुचर्चित गांधी उद्यान बनाया उसी तरह हर वार्ड में दादा दादी पार्क बनाऊं। जहां दादा दादी अपने नाती पोते पोतियो को लेकर खिलाने जाए और उन्हें खेलते देख उन्हें खुशी मिल सके। प्रथम महापौर ने बताया कि अभी प्रथम फेज में चैनपुर, शाहपुर, कोयल रिवरफ्रंट पार्क, सिंचाई कॉलोनी, सूर्य मंदिर एवं रांची रोड निगम जोनल कार्यालय में लगाया जा रहा जिसका काम दो-तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। प्रथम महापौर ने बताया इस मल्टी प्ले स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रबड़ टेफलॉन फ्लोरिंग पर लगाया जा रहा है। जहां छोटे-छोटे बच्चों को खेलते वक्त चोट ना लगे।

महापौर ने कहा कि आगे जिस जिस वार्ड में जमीन का एनओसी मिलेगा वहां वहां नगर आयुक्त से अनुरोध कर इससे लगवाया जाएगा ताकि बच्चों को खेलने के लिए अपने मोहल्ले में ही दादा दादी पार्क मिल सके।

## स्वरोजगार से जुड़कर युवा स्वावलंबी बनें, दूसरों को भी लाभ लेने का अवसर प्रदान करें : अभिमन्यु

### रेहला में खुला पहला ऑनलाइन शॉप, 20 किमी परिधि में होम डिलीवरी की सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता



शॉप का उद्घाटन करते समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह व अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला टोला विशुनपुर में पहला ऑनलाइन शॉप शनिवार को खुला। इस किराना दुकान से ऑनलाइन ऑर्डर देकर 20 किमी परिधि तक घर बैठे सामान मंगाया जा सकता है। दुकान का पूरा संचालन जीआरओजेड एप के माध्यम से होगा। इस डिजिटल शॉप का उदघाटन वरीय समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पर सिंह ने कहा कि कोई भी सरकार सभी युवाओं को नौकरी नहीं दे सकती, इसलिए स्वरोजगार से जुड़कर युवा स्वालंबी बने। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक का लाभ खुद भी लें और दूसरों को भी लाभ लेने का अवसर प्रदान करें। प्रो.अल्ला रक्खा ने बताया कि ऐप से संचालित इस शॉप का शाखा गढ़वा और पतसा में पहले से सफलता पूर्वक चल रहा है। मौके पर कुमार कालिका सिंह उर्फ राजू सिंह, युवा बसपा नेता राहुल दुबे, ददई ठाकुर, अखिलेश ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### आशी केयर में मना डॉक्टर्स डे



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में डॉक्टर्स डे मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने मुख्य अतिथि और सभी डाक्टर्स को पुष्पगुच्छ एवं शाल देकर की। इसके बाद सभी ने मिलकर द्वीप प्रज्वलित किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने से एक दुसरो के बारे में जानने और कमियों को सुधारने में मदद मिलती है। इसके बाद केक काटा गया। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल के महाप्रबंधक डॉ राहुल ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक गुप्ता, डॉ. साकेत सोनी, डॉ. मथुरा प्रसाद, डॉ अशोक मिश्रा, डॉ अतुल प्रकाश, डॉ चर्चिल, डॉ अमित मिश्रा, डॉ रामानुज, डॉ रेणु, डॉ रजत तथा अस्पताल के कर्मी उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

गौतम पटेल



**हुसैनाबाद पलामू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चोरी की बाइक के साथ चार चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली हैं।

इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जग्रनाथ धान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थीं कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से दो दिन पूर्व स्पलेंडर प्रो बाइक कांड संख्या 164/2023 का अप्राथमिकी अभियुक्त राजीव कुमार सिंह टंडवा गांव निवासी के घर देखा गया हैं। उसी के सत्यापन के लिए एएसआई धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां से आरोपी व बाइक लेकर हुसैनाबाद थाना ले आई। पुछताछ के क्रम में राजीव सिंह ने पवन कुमार सिंह ग्राम सोभीचक, थाना पिपरा निवासी से बाइक खरीदने की बात बताई।

पुलिस ने राजीव सिंह के निशानदेही पर पवन कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह पांडू बिहारी विगहा, थाना रेहला और नितीश कुमार सिंह ग्राम बरवाडीह थाना पिपरा निवासी को पकड़ा गया। पुलिस के समक्ष दो लोगों ने क्रमशः राजीव और नितिश चोरी की बाइक खरीदने और पवन और सुधीर बाइक चोरी करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### सम्मान बच्चों को आगे भी बेहतर करने की प्रेरणा देगा : गिरिनाथ सिंह




**विश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2022- 23 के टॉपर छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के टॉपरों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा दसवीं व बारहवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गीरेंद्र नाथ पांडे व विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती का पूजन तथा दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह की अध्यक्षता निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व संचालन प्राचार्य ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। मौके पर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अच्छा करने वालों को सम्मानित किया जाना चाहिए। स्कूल प्रबंधन द्वारा मिला यह सम्मान बच्चों को आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के प्रयास से दिन प्रतिदिन यह स्कूल सफलता की ऊंचाई की ओर अग्रसर है। चेयरमैन अमित कुमार सिंह बाबुल ने कहा कि इस सत्र का शत-प्रतिशत परिणाम बच्चों के कड़ी मेहनत और शिक्षक शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। मौके पर संस्थापक उमेश सिंह ने कहा कि विद्यालय को आगे बढ़ाने में अभिभावको का भी अहम योगदान है जिन्होंने प्रबंधन का हमेशा सहयोग किया। समारोह में नयनतारा सिंह इंटर कॉलेज के टॉपर्स सत्यम कुमार और अमृता कुमारी को भी प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। सभी टॉपरों को अतिथियों द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक शैलेश चौबे, अजीत तिवारी,सुरेंद्र शर्मा,गीता पांडे, पियूष पांडे,विकास दीप चौबे, नंद कुमार ठाकुर, आशु चौबे, मधु चौबे, प्रतिमा, आभा चौबे, चंचला दीक्षित, सुधाकर पांडे सहित काफी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु निबंधन कराने को लेकर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु निबंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ करने को लेकर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म व मृत्यु निबंधन अभियान को कैसे सफल बनाया जाये इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रमण कुमार ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को जन्म व मृत्यु के निबंधन तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी । साथ ही उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रशिक्षण किट का भी वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान पर निगरानी रखने को लेकर राज्य,जिला,अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है जो अलग-अलग तिथि को बैठक कर अभियान का आकलन करेगी। बैठक में एसडीओ,बीडीओ, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

**कोरोना काल में छुटे बच्चों का सूची भी होगा तैयार :** प्रशिक्षण में कोरोना काल में जन्मे बच्चों को चिन्हित करने और उनके जन्म को राज्य की औपचारिक पंजीकरण प्रणाली में नामांकित कराने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में आये सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस अभियान को सफल बनाने में निबंधन कार्य से जुड़े निबंधकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया व अन्य कर्मियों का भरपूर सहयोग लेने पर बल दिया।

### प्रखंडवार कार्यशाला का होगा आयोजन

कार्यशाला में बताया गया कि अभियान को सफल बनाने को लेकर 3 से 12 जुलाई के बीच प्रखंड एवं नगर निकायों में अलग से कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसमें स्थनीय कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। अभियान के दौरान जन जागरुकता और लोगों को जन्म व मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने के लिये व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस दौरान जिंगल,शॉट विडिओ का उपयोग भी किया जायेगा। इसके लिये तकनीकी एवं वित्तीय सहायता यूनिसेफ के द्वारा किया जायेगा।

### सगुना मुखिया ने उपायुक्त से की डीलर पर कार्रवाई की मांग

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी ने पलामू उपायुक्त झारखंड खाद्य आपूर्ति विभाग और झारखंड सरकार को आवेदन प्रेषित कर सगुनी के पीडीएसस डीलर मानती कुंवर पर कार्रवाई करने की मांग की है। मुखिाया ने कहा है कि उक्त डीलर द्वारा लाभूकों के बीच राशन वितरण करने में मनमानी की जा रही है। लाभूकों ने शिकायत की है कि डीलर से राशन मांगने पर दुर्व्यवहार किया जाता है। साथ ही डीलर लाभूकों को कार्ड रद्द कराने की भी धमकी देता है। मुखिया मंजु देवी ने अपने आवेदन में कहा है कि मानती कुंवर पीडीएस डीलर के द्वारा लाभूकों को कम मात्रा में राशन दिया जाता है। क्षेत्र में डीलर का इतना खौफ है कि लाभूक उसके खिलाफ आवाज उठाने से डरते हैं। उन्होंने मामले की जांच कराकर डीलर पर कार्रवाई की मांग की है।

## भावी जीवन निर्माण के लिए बाल संसद बेहतर मंच : अनुग्रह नारायण

### स्कूल के कार्यों में बच्चों की सहभागिता महत्वपूर्ण : प्राचार्य अश्लेष पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता




**चैनपुर रोटरी स्कूल में बाल संसद का गठन, 11वीं के विद्यार्थियों का किया गया स्वागत**

**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल संसद का गठन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित सादे समारोह में बाल संसद के सदस्यों को विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय ने शपथ दिलाया। साथ ही ग्यारहवीं कक्षा के नव नामांकित छात्र छात्राओं का स्वागत भी बारहवीं कक्षा के छात्र/छात्राओं द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मशाल जला कर अग्नि को साक्ष्य मान कर विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में बाल-संसद के सदस्यों ने विद्यालय में अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रतिज्ञा ली। शपथ लेने वालों में हेडबॉय उज्ज्वल राज, हेडगर्ल मांडवी कुमारी, डिसिप्लिन कैप्टन झलक कुमारी, डिसिप्लिन वाईस कैप्टन तनु प्रिया, स्पोर्ट्स कैप्टन करिश्मा कुमारी, स्पोर्ट्स वाईस कैप्टन आयुष्मान प्रताप देव, सी.सी.ए.वाईस कैप्टन अनामिका कुमारी, साक्षी पाण्डेय हेल्थ एंड हाईगिनी कैप्टन, प्रिंसेस तिवारी वाईस कैप्टन का नाम शामिल है। इनके अलावे रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस एवं येलो हाउस के कैप्टन एवं वाईस कैप्टन के द्वारा भी प्रतिज्ञा ली गई। इंग्लिश स्पीच कंपटीशन का भी आयोजन सीनियर और जूनियर ग्रुप का किया गया। विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि यह कोई नई परंपरा नहीं है। हमलोग भी अपने छात्र जीवन में यह सब करते थे। भावी जीवन के निर्माण व सफलीभूत के लिए बाल संसद एक सुंदर मंच है। विद्यालय के कार्यपालक निदेशक रो. अवधेश कुमार तिवारी ने कहा कि बाल संसद सही मायने में बच्चो के भावी जीवन की तैयारी है जो निष्ठा पूर्वक विद्यालय में अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करते है वे निश्चित रुप से भविष्य में देश के ऊंचे पद को सुशोभित करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय ने बाल संसद के गठन व महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्कूल के सभी कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए बच्चों की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है।

इनके अन्दर अगर अभी से अपने कर्तव्य के प्रति बोध हो जाए तो ये सब अपने जीवन में आगे जाकर जरूर कामयाब होंगे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की समन्वयक स्मिता सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक गौरी शंकर मिश्र, नम्रता पांडेय, सुषमा अग्रवाल, नेहा तिवारी, उमा कांत मिश्र, एस बी पी गुप्ता, हर्षबाला, सुधीर सिंह, वरुण देव, रंजीत शर्मा, रंजीत कुमार, राहुल भरद्वाज, एन के शुक्ला का महत्त्व पूर्ण योगदान रहा।

# एसबीआइ पदमा शाखा में मना 68वां स्थापना दिवस

### ग्राहकों को सेवा देने में एसबीआइ अग्रणी : शशि शेखर वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू पलामू।** प्रखंड के पदमा पंचायत स्थित पदमा एसबीआई शाखा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 68वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर पदमा पंचायत के मुखिया अनुज प्रसाद, समाजसेवी कुलदीप महतो, झरी प्रसाद समेत एसबीआई शाखा प्रबंधक शशि शेखर वर्मा ने संयुक्त रूप से केक काटकर बैंक का स्थापना दिवस मनाया। बैंक दिवस मनाया। मौके पर शाखा प्रंधक शशि शेखर वर्मा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना 1955 में हुई थी। कहा कि एसबीआई ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में स्टेट बैंक अग्रणी है। बैंक का उद्देश्य सभी ग्राहक को सेवा प्रदान करना है। एसबीआई के प्रति ग्राहकों का विश्वास व रूझान बढ़ा है। मौके पर गिरजा प्रसाद, कुलदीप महतो, बैंक कर्मी धनंजय कुमार, बाबूलाल, लक्ष्मण राम सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे। कार्यक्रम में मुखिया ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। एसबीआई ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान कर रही है।

स्पीड न्यूज

## अधिकारियों को मिला प्रमोशन आर्डर



**बोकारो।** बीएसएल एवं उसके अधीनस्थ झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस के ई1 से ई 2ए ई 2 से ई 3ए ई 3 से ई 4 एवं ई 4 से ई 5 ग्रेड में प्रमोशन पाने वाले कुल 209 नव प्रोन्नत अधिकारियों को प्रमोशन ऑर्डर बांटे गए। इसके अलावा ई 5 से ई 6 ग्रेड के 24 अधिकारियों तथा ई 6 से ई 7 ग्रेड में प्रमोशन पाने 28 अधिकारियों को भी अधिशासी निदेशक बी के तिवारी द्वारा प्रमोशन ऑर्डर प्रदान किए गए।

## भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा का महासम्मेलन

**धनबाद।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ी जाति मोर्चा द्वारा आयोजित महासम्मेलन कार्यक्रम इंडस्ट्री ऑफ कॉमर्स धनबाद महानगर में किया गया जिसमें जिसमें मुख्य अतिथि धनबाद के विधायक राज सिन्हा एवं अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पार्षद कुमार अंकेश राज उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के प्रभारी दिलीप सिंह एवं कार्यक्रम के अतिथि ओबीसी मोर्चा उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास साव, पूर्व पार्षद रणजीत बिल्लू, वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव, संचालन कर्ता जितेंद्र, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सरवन राम, जिराखन आदि उपस्थित थे।

## बोकारो : बीएलओ और सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण

**बोकारो।** चास प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीए 36 बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान श्री शेखावत ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के मुख्य बिंदु से अवगत कराया। साथ ही आगामी चुनाव हेतु सभी बीएलओ को अपने मतदान केंद्रों की स्थलीय जांच कर नये मतदाता का नाम जोड़ने एवं स्थानांतरित मतदाता का नाम विलोपित करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान अन्य पदाधिकारियों सहित चास के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## डॉ नरेश त्रेहान से मिले भाजपा नेता प्रकाश सिंह

**बेरमो।** राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ मेदांता अस्पताल के संस्थापक चेयरमैन डॉ नरेश त्रेहान एवं एम्स के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया से मुलाकात कर राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने श संपर्क से समर्थन अभियानश के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रकाशित किताब भी डॉ नरेश त्रेहान एवं डॉ रणदीप गुलेरिया को भेंट की। प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो के सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### छाताबाद-कैलूडीह के दो समुदायों में झड़प का मामला, 150 अज्ञात पर केस

# कैलुडीह, छाताबाद और आकाश किनारी में निषेधाज्ञा, 34 को जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** शुक्रवार को कतरास थाना क्षेत्र के छाता बाद में दो समुदाय के बीच हुए मारपीट एवं बवाल को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने उपरोक्त क्षेत्र में धारा 144 लगा दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने बाघमारा अंचल के कैलुडीह, छाताबाद, आकाश किनारी के संपूर्ण परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि बाघमारा अंचल के कैलुडीह, छाताबाद, आकाश किनारी में दिनांक 30 जून 2023 के पूर्वाह्न से ही दो पक्षों के बीच आपसी तनाव की स्थिति पैदा होने से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई है। उक्त परिप्रेक्ष्य में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो तथा लोक परिशांति बनी रहे इसलिए उपरोक्त स्थल पर दं.प्र.सं. की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लगाया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

इस निषेधाज्ञा के जारी होने के बाद उक्त क्षेत्र में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना, किसी प्रकार का धरना, रैली, सभा, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर का उपयोग करना, हरवे हथियार एवं अग्नियास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा।

यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बलों के आने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थान में आने जाने या अन्य व्यक्तियों के क्षेत्र से होकर अन्य कार्यों से आने जाने अथवा उक्त क्षेत्र से शव यात्रा, वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जाने वाले लोगों पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

इसी प्रकार से यह प्रतिबंध सिक्खों के कृपाण धारण, नेपालियों के खुखरी धारण करने पर भी लागू नहीं होगा।

### कतरास पुलिस रेस

घटना के बाद कतरास पुलिस रेस हो गई है ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए दंगा में शामिल 34 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिन्हें वज्र वाहन में बैठाकर धनबाद सदर अस्पताल मेडिकल के लिए भेजा गया, जिसके बाद सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। वही इस मामले में शामिल लगभग 150 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

एक नजर में

## तीरंदाजी संघ ने डॉक्टरों को किया सम्मानित



डॉक्टर्स डे

**धनबाद।** डॉक्टर्स डे के मौके पर धनबाद तीरंदाजी संघ के द्वारा सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिवानी झा एवम डॉक्टर नेहा प्रियदर्शिनी को संघ के महासचिव जुबेर आलम, उपाध्यक्ष तारक नाथ दास एवम स्काउट एंड गाइड धनबाद के ग्रुप एसिडेंट जी भी एस एन राव ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवम साथ में तुलसी का पेड़ और एक घड़ी देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने के बाद जुबेर आलम ने कहा कि धर्म कैसे निभाते हैं यदि कुछ सीखना है तो एक डॉक्टर्स से सीखे वे धर्म में किसी की जान लेते नही हैं बल्कि जान बचाते हैं। इस धरती पर सिर्फ दो भगवान होते हैं एक मां और दूसरा डॉक्टर्स। इस अवसर पर गीता देवी, सुनीता देवी, रीना यादव, पुनीता कुमारी, सुनीता कुमारी, धीरज सिंह, धीरेन कुमार रजवार, छोटे लाल गोप, राकेश कुमार,मुन्ना झा, पुष्पा एंथोनी, गौतम मंडल, धर्मेंद्र कुमार रोहितवाल, वीरेंद्र यादव, रंजीत कुमार, गोलू आदि मौजूद थे।

## बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को मिला प्रमाण पत्र



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून माह में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 6 अधिशासी तथा 22 अनधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसाद मुख्य अतिथि एवं सीजीएम ;एमएमद्ध हर्ष निगम विशिष्ट अतिथि रहे। एजीएम डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। ईडी राजन प्रसाद एवं श्री निगम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया।

## घोड़ा लोक नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया



**बोकारो/ कसमार।** जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच सिंहपुर बोकारो की ओर से दस दिवसीय जगन्नाथ महोत्सव 2023 रांची में शानदार घोड़ा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। शानदार प्रस्तुति के लिए कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार की ओर से जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच के निदेशक विनोद कुमार महतो के साथ समस्त कलाकारों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कला संस्कृति खेलकूद व कार्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से आयोजित था।

## बीसीकेयू और मायुमो ने किया प्रदर्शन

### असंगठित मजदूरों की मांगों को लेकर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया 4 नंबर स्थित बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के कार्यालय के समक्ष शनिवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और मार्क्सवादी युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में बीसीसीएल प्रबंधन के विरोध में प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बिहार कोलियारी कामगार यूनियन के शाखा अध्यक्ष दुलाल चंद्र बाउरी ने किया। मौके पर मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और मार्क्सवादी युवा मोर्चा के साथ बीसीसीएल प्रबंधन के बीच वार्ता में प्रबंधन ने कोयला लोडिंग में 60 फीसदी हैंड लोडिंग में कोयला देने का वादा किया था। लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन एक माह के बाद भी 60 फीसदी कोयला देने की दिशा में कोई ठोस कार्यवाई नही किया है। आउटसोर्सिंग कंपनी में 60 फीसदी कोयला हैंड लोडिंग में दिया जाना था और रेल रैक लोडिंग में भी बीसीसीएल प्रबंधन को 40 फीसदी कोयला हैंड लोडिंग मेन्युवल करना था। मगर बीसीसीएल प्रबंधन असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का हक मार रही है।

### बीसीसीएल प्रबंधन को दी चेतावनी

पवन महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बीसीसीएल प्रबंधन रेल रैक लोडिंग और आउटसोर्सिंग कंपनी क्षेत्र में कोयला उठाव में 60 फीसदी मेन्युवल हैंड लोडिंग के लिए कोयला नही देती है तो बीसीसीएल के रैक लोडिंग और आउटसोर्सिंग के उत्पादन का चक्का जाम कर दिया जाएगा। पवन महतो ने कड़े शब्दों में कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के बर्दास्त करने की क्षमता का परीक्षा ना ले। असंगठित मजदूर एक है और समय आने पर अपनी चट्टानी एकता से प्रबंधन को बता देगी कि असंगठित मजदूरों के साथ छल करने का नतीजा क्या होता है। मौके पर बीसीकेयू के शाखा सचिव भोला चौहान, सुनील राम दास, सुदामा बाउरी,नंदकिशोर भुइयां, सुखदेव बाउरी, सरबजीत कौर,संतना देवीआदि मौजूद थे।

## धनबाद : एजेंसी उपलब्ध करायेगी भरोसेमंद सुरक्षा गार्ड : विशाल

### जेड प्लस सुरक्षा एजेंसी का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शनिवार को दुर्गा सोरेन सेना के युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह विशाल फोर्स के संस्थापक विशाल वाल्मीकि ने नावाडीह के मनोरमा अपार्टमेंट में जेड प्लस सिक्युरिटी सर्विसेज का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया को बताया कि आज के दौर में सुरक्षा को लेकर अस्पतालों, होटलों अपार्टमेंट, मॉल इत्यादि जगहों पर सुरक्षा गार्ड की तलाश रहती है।जेड प्लस सिक्युरिटी सर्विसेज प्राइवेट कंपनी भरोसेमंद, मजबूत एवं अनुशासित सुरक्षा गार्ड मुहैया कराकर इस आवश्यकता को पूरा करेगा। साथ ही हमारी एजेंसी धनबाद के बेरोजगारों को होटलों मॉल अपार्टमेंट में गार्ड का रोजगार देगी ताकि भविष्य में काम मिलने से युवा सही रास्ते पर चल सके।उन्होंने कहा आनेवाले समय में जेड प्लस सिक्युरिटी सर्विसेज जिले में अपनी अच्छी सर्विस से, अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब होगी, ऐसा मुझे पुर्ण विश्वास है।जेड प्लस सिक्युरिटी सर्विसेज के प्रोपराइटर राजकुमार बाल्मीकि ने कहा कि आजकल लोग अपनी सुरक्षा को लेकर ज्यादा ध्यान रखने लगे हैं और इसी कड़ी में लोगो को सुरक्षा मुहैया करवाना मेरी संस्था का मुख्य उद्देश्य है ।

मौके पर दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा, जिला सचिव महबूब अनवर ,मुकेश गुप्ता, छोटू गुप्ता, सोएब खान, पीयूष रिटोलिया, प्रेम कुमार, रंजीत कुमार रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## अवैध माइंस को वन विभाग ने कराया बंद



कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुदा।** बीसीसीएल पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह अंतर्गत एमएलडी 20/21 पीट अन्तर्गत 5 नंबर स्थित भाटडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुरलीडीह 5 नंबर में प्रदीप तूरी द्वारा अवैध कोयले खनन संचालित किया जा रहा था। जिसकी सूचना पर फॉरेस्ट विभाग के पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल जब करना शुरू किया तो अधिकारी देखकर दंग रह गए हैं कि संचालक द्वारा अवैध सुरंग बनाकर दर्जनों सुरंग से कोयले की अवैध निकासी किया जा रहा हैं,लेकिन विडंबना यह है कि क्षेत्र में जेसीबी मशीनें काफी देखा जाता है लेकिन रात्रि में वही जेसीबी अवैध कोयले को ट्रकों में लोड करते हैं और अवैध मुहाने बनाने के लिए मिट्टी की कटाई भी करते हैं, लेकिन जब इन फॉरेस्ट पुलिस को अवैध मुहाने की भराई करने की जरूरत पड़े तो जेसीबी गाड़ी आने से इंकार कर दिए और कई तरह की बहाने भी कर डालें । जिसे पुलिस को 5 घंटे इस अवैध मुहाने के समीप इंतजार करना पड़ा। लेकिन अंततः फॉरेस्ट विभाग की पुलिस भी अपने कार्य के प्रति सजगता दिखाते हुए जेसीबी को खोज निकाले और मिट्टी की भराई अवैध माइंस में करा दिया। जो कि इन क्षेत्रों में फॉरेस्ट विभाग दो से तीन बार किस जगह में चल रहे अवैध मुहाने की भराई करा दिया जाता है लेकिन एक-दो दिन के अंदर ही अवैध कारोबारी मुहाने को खोलकर कोयले की निकासी करने लगते हैं जहा सीआइएसएफ महुदा ग्रुप भी मॉन धारण में दिखे। ओपी पुलिस द्वारा किसी भी तरह का सहयोग फॉरेस्ट विभाग पुलिस को नहीं मिल पाया , जो कि बीसीसीएल के प्रोजेक्ट ऑफिसर से बात करने पर उन्होंने मीटिंग का हवाला देते हुए सहयोग करने से इंकार दिया।

## खाद्य सुरक्षा, उद्योग उन्नयन योजना पर कार्यशाला आयोजित

**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी कार्यालय बहादुरपुर में जिला उद्योग केंद्र बोकारो द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर बारु पंचायत के मुखिया अवध रजवार ने कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए केंद्र सरकार की महती इस योजना से हमारे इलाके का विकास संभव है।

## मकोली बड़ा नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के मकोली में डीएमएफटी फंड से उप स्वास्थ्य केंद्र से मेन रोड तक बडा नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने नारियल फोड़कर किया। कहा कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुॅचाना मेरा मुख्य उद्देश्य है और इसी मूलमंत्र के आधार पर हम कार्य कर रहें है। सांसद ने कहा कि मेरे द्वारा किये जा रहे इस शिलान्यास कार्य के पूर्ण होने पर स्थानीय नागरिको को काफी राहत मिलेगी। इससे इस क्षेत्र की कई जटिल समस्याओं का अन्त होगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास सदैव यह रहेगा कि मेरी लोकसभा क्षेत्र में किसी तरह से लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। ज्ञातव्य हो की शिलान्यास कार्यक्रम बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को भी शामिल होना था। उन्होंने तिथि निर्धारित किया था लेकिन अंतिम क्षणों में अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। संवेदक ने उनसे कई बार संपर्क किया तो उन्होंने कहा आज के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेंगे।इस अवसर पर आजसू डुमरी विधानसभा का प्रभारी यशोदा देवीए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष महतोए दीपक महतोए सूरज सिंहए अशोक चौहानए नंदलाल चौहानए संवेदक पुरन महतो आदि उपस्थित थे।

# डॉक्टर समाज में भगवान के दूत होते हैं : दीपनारायण

डॉक्टर्स डे

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बाघमारा।** शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने डॉक्टर्स डे पर बाघमारा एवं आसपास के क्षेत्रों के डॉक्टरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान श्री सिंह ने बीसीसीएल क्षेत्रीय अस्पताल , बाघमारा डुमरा के सी.एम.ओ. डॉ सिस्टा सिन्हा एवं डॉ रजनी बाला को अंग वस्त्र एवं पुष्प दे कर सम्मानित किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में डॉक्टर मिनी बालन को वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। गोमो में डॉक्टर एम.एन. वर्मा, डॉ खुर्शीद, एवं डॉ पी.के. मंडल को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर्स डे का शुभकामना देते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि डॉक्टर समाज में भगवान के दूत के रूप में काम कर रहे हैं। जिस प्रकार से किसी भी प्रकार का संकट आने पर भगवान संकट को हर लेते हैं, ठीक उसी प्रकार किसी व्यक्ति का कोई बीमारी हो जाने पर डॉक्टर इलाज करके बीमारी को हर लेते हैं। इसलिए आदिकाल से भारतवर्ष में डॉक्टरों का सम्मान किया जाता है। आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर हम लोगों को समाज में दिन-रात अपना सेवा देने वाले डॉक्टरों का सम्मान करने का संकल्प लेना चाहिए।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, जदयू जिला महासचिव इंदल सिंह,सूरज कुमार भारद्वाज, अकरम अंसारी, मोहम्मद अहमद, प्रिंस कुमार, कृष्ण कांत पांडे, सागर चौहान, अभीषेक दसौंधी आदि उपस्थित हुए।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

Retender (Short Tender)
e-Procurement Notice No. 08 / 2023-24

Letter No.- CE/3401/701 Date: 01/07/2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT 08/ 2023-24 | Residual work of Electrical Control Room for Campus A, B, C at Jamtara Police Line in the district of Jamtara | 13001669.00 | 10000.00 | 261000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 01.07.2023 at 11:00 AM to 07.07.2023 up to 3:30 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 3:30 PM on 07.07.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 11:30 AM on 08.07.2023. Technical Bids received online will be opened at 15:30 PM on 08.07.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल सं0-1, गिरिडीह

ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना (तृतीय आमंत्रण)

अति–अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – RRP(Giridih-1)08/2023-24 दिनांक– 28.06.2023

1. Name of Work:- Replacement of Rotten Riser Pipe of 32 mm dia., Connecting rods, C.I Cylinders (wherever required) etc. under D.W.& S. Division, No-1, Giridih" on Turn Key Basis for the Year 2023-24

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| RRP-01 | 59 अदद् | 8.61063 | 0.18000 | 1250.00 | 45 दिन |
| RRP-02 | 61 अदद् | 8.90252 | 0.18000 | 1250.00 | 45 दिन |
| RRP-03 | 99 अदद् | 14.44835 | 0.29000 | 2500.00 | 45 दिन |
| RRP-04 | 64 अदद् | 9.34035 | 0.19000 | 1250.00 | 45 दिन |
| RRP-05 | 36 अदद् | 5.25394 | 0.11000 | 1250.00 | 45 दिन |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03-07-2023 समय 04:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 10-07-2023 समय 4:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि की मूल प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान | 11-07-2023 समय 2:00 बजे अपराहन् तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–1, गिरिडीह / अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 अंचल, धनबाद। |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 11-07-2023 समय 4:30 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता अंचल, धनबाद। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- | ई0 कुमार नीरज, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सं01, गिरिडीह। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7870778158 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

नोट – (i) केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे। परिमाण विपत्र का मूल्य डी0डी0 द्वारा देय है जो लौटाया नही जाएगा। परिमाण विपत्र का मूल्य घट–बढ सकता है।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सं0–1
गिरिडीह

PR 301171 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## समय संवाद

क्या गुरु कहलाने वाले सभी व्यक्ति ब्रह्म पद प्राप्त ही होते हैं? क्या उस नाम पर दम्भ या पाखण्ड नहीं फैलाया जा रहा है?— आदि प्रश्न यहाँ अप्रासंगिक हैं। ह्लजड़ चेतन गुण दोष मयह्व तो करतार ने किया ही है कभी दोष की मात्रा अधिक होती है तो कभी गुण की। किन्तु अध्यात्मज्ञान की जिसे एक झलक मात्र भी मिल गयी होती है, उसे इस बात का दृढ़ विश्वास हो जाना आवश्यक है कि परमात्मा उसकी देख रेख करने वाले हैं, और जब एक सच्चे गुरु को उसके पास पहुँचा देना वे आवश्यक समझेंगे तो वैसा संयोग आप ही आप उपस्थित हो आवेगा।

—बिनुहरिकृपा मिलहिं नहिं सन्ता।.......—बिनु गुरु होहि न ज्ञान.......

—सो कि होइ बिनु हरि भगति।.......

# सनातन संस्कृति में श्रेष्ठ गुरु-शिष्य परंपरा

**लालजी राम शुक्ल**

भारतवर्ष की अपनी अनेक विलक्षणता एवं विशेषताएं है जिनके कारण प्राचीन काल से आज तक वह विश्व के आकर्षण को केन्द्र एवं कई बातों में वह उसका शिक्षक बनता जा रहा हैं। उन अनेक बातों में आध्यात्मिक ज्ञान के विस्तारक हेतु गुरु शिष्य परम्परा भी भारत की एक अपनी वस्तु है और वस्तुतः आध्यात्मिक ज्ञान की ज्योति को जलाये रखने का यही मुख्य आधार है। आध्यात्म ज्ञान के सागर में आज भाटा आ जाने के कारण गुरु की महिमा तिमिराच्छन्न हो गई है। गुरु पूजा एक व्यक्ति की पूजा सी दिखायी पड़ती है और यह परम्परा व्यक्ति वाद के रूप में सामने आ जाती है। किन्तु यह भ्रम है। गुरु शिष्य परम्परा तो सृष्टि के आदि से चली आ रही है और परम आदि गुरु सृष्टिकर्त्ता ने इसी परम्परा के द्वारा ज्ञान संचार सृष्टि में किया है। अतएव यह भी निश्चय है कि सृष्टि के अन्त तक निरन्तर यह चलती रहेगी। क्योंकि यह परम्परा टूट जाने का अर्थ ज्ञान दीपक का एकाएक बुझ जाना ही होगा। प्रत्यक्ष ज्ञान का एक मात्र साधन यही है।

भ्रम का एक कारण गुरु का तात्पर्य ठीक रूप से बोध नहीं होना भी है। गुरु स्थूल नहीं होते, वह तो सूक्ष्म हैं। जिस तरह अंग्रेजी की एक कहावत है कि ह्लराजा मर गया है राजा चिरायु होह्व तथा ह्लराजा कभी नहीं मरताह्व उसी तरह गुरु कोई व्यक्ति नहीं होते, वह तो अध्यात्मज्ञान का अधिष्ठान हुआ करते हैं, जिस तरह राजा कोई व्यक्ति नहीं होता वह तो एक पद हैं जो ताज धारण करता है। कहने का तात्पर्य कदापि नहीं है कि जैसा आजकल एक प्रचलन हो गया है कि गद्दी पर जो बैठा, वही गुरु बन गया। प्रत्युत तात्पर्य यह है कि शास्त्र ज्ञान तो परोक्ष साधन है, ब्रह्म का साक्षात्कार तो किसी के द्वारा प्रत्यक्ष कराया जाने पर ही सुविधा पूर्वक हो सकता है और इस कार्य के लिए संसार में सदैव चिदानन्द स्वरूप योगिगण विद्यमान रहते हैं जो अपने योग बल से किसी जिज्ञासु रूप उपयुक्त पात्र का ढूंढ़कर उसमें ब्रह्म का भान करा देते हैं ओर शिष्य बन कर वह पुनः उस परम्परा को आगे बढ़ाता है। शास्त्रों के पठन, मनन से भी निश्चय बहुतेरे साधक आध्यात्मवाद की चोटी पर जा पहुँचते हैं, परन्तु उसका राजमार्ग वही है।




यहाँ एक शंका विचारणीय है कि गुरु स्थूल नहीं, सूक्ष्म किस तरह हो सकते हैं। एक चलते फिरते ओर जीवन व्यापार चलाने के लिए प्रायः सारे कार्य करने वाले शरीरधारी को सूक्ष्म क्यों और क्यों कर माना जा सकता है? यह ठीक है कि शरीर रूप से गुरु एक स्थूल व्यक्ति हैं, परन्तु गुरु शिष्य परम्परा शरीर का सम्बन्ध नहीं है, आत्मा का सम्बन्ध है। साधक का जीव गुरु के जीव का शिष्य बनता है। इसलिए गुरु के शरीर के त्याग के पश्चात भी उसको उनसे निर्बाध प्रेरणा मिलती रहती है। गुरु आत्मरूप हैं, देह रूप नहीं।

शरीरधारी किसी अदृष्ट को सहज ग्रहण एवं प्राप्त नहीं कर सकता, इसी से शरीर रूपी कोष के भीतर सच्चिदानंद स्वरूप गुरु शिष्य के सामने उपस्थित होते हैं। जिस प्रकार वर्णमाला के अक्षर नाम रूपी हीन एवं नाशरहित हैं, परन्तु स्थूल दृष्टि से बोधगम्य किया जाने के लिए उसकी लिपि तैयार की जाती है जिस में रूप भी है और मिटाया भी जा सकता है। ह्यकह्व का रूप भिन्न भिन्न भारतीय भाषा में विभिन्न है, परन्तु मूलतः क तो श्रुतिगम्य ध्वनि है।

गोस्वामी तुलसी दास जी जी का कथन है——बिनुहरिकृपा मिलहिं नहिं सन्ता।......

—बिनु गुरु होहि न ज्ञान.......

—सो कि होइ बिनु हरि भगति।.......

अतएव जैसे भगवद् कृपा से मगरमच्छ से भरे नालों को कोई पार कर जाता है, उसी तरह भक्त साधक पाखण्डी ही गुरुओं से बचता हुआ सच्चे गुरु की शरण में जा पहुँचता है। जो अनुभवगम्य है, शब्दों के विस्तार से उसको हृदयंगम कराना दुरूह है।

इसी भाव से हिन्दू धर्म ग्रन्थों में गुरु की अलौकिक महिमा गायी गयी है। संस्कृत साहित्य से भक्ति काल के हिन्दी कवियों ने अव्यक्त ब्रह्म के पद पर—और किन्हीं ने उनसे श्रेष्ठतर-आसीन कराया है। जैसेः—

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णुः गुरु देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात पर ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।

ध्यानमूलं गुरुर्मूर्तिम पूजा मूलं गुरुर्पदम्।
मन्त्र मूलं गुरुर्वाक्यम् मोक्ष मूलं गुरु कृपा॥

गोस्वामी तुलसीदास जी रामायण का प्रारम्भ मात्र गुरु वन्दना से करते हैं। वन्दना भी गुरुदेव का नहीं, उनके ह्यपद पद्म परागाह्व का। इतना साहस कहाँ कि गुरुदेव भर की पूजा करें, जब उनके चरण भी नहीं, उसके रज कण में संजीवनी बूटी की महत्ता है, बल्कि जो ह्यशम्भु तनु विभूतिह्व के समान विमल है। ह्यमानसह्व में उस रज गण के अलौकिक गुणों का अवलोकन किया जा सकता है। वे गुरुजी कैसे हैं!

कृपा सिन्धु नर रूप हरि। बल्कि भक्त शिष्य के दृष्टिकोण से उनमें एक विशेषता भी है कि महा मोह तमपु, जासु वचन रविकर निकर ह्व स्वयं हरि किसी साधक में अज्ञानतम दूर करने की प्रेरणा देते हैं, परन्तु गुरुदेव तो स्वयं सूर्य के समान उसका कारण बन जाते हैं। बल्कि हरि की पहचान करवाने की शक्ति अथवा कला गुरु के पास ही हैः—

—जिस गुरु की इतनी मयार्दा है, उनके लक्षण भी बनाये हैं—

हरहि शिष्य धन मोहन हरई। सो गुरु घोर नरक महे परई

अध्यात्म का मशाल जल तो रहा है। मन्द ज्योति होने की दशा में अपने में निहित आध्यात्म शक्ति से उसमें तेल डालते हैं कि वह अनवरत जलता रहे। इनमें अनेकों की आयु सैकड़ों वर्षों का पार कर जाती है।

## मेरे गुरु ने दिखा दी मुझें राह

**स्वामी सत्यानंद सरस्वती**



मेरे गुरु ने दिखा दी मुझे,
उन्होंने मांगा मेरा तन
सहज ही मैंने कर दिया उसका
अर्पण
उन्होंने मांगे मेरे प्राण
निर्बंध भाव से कर दिया मैंने
दान
उन्होंने पूछा क्या दे सकोगे अपना मन भी
मैंने कहा वह तो सदा के लिए आपका ही था
अब मैं रह गया एक निर्मल मन रिक्त और एकांत
बस रह गया मेरे पास
तभी अकस्मात सूर्य ने छेड़ दिया अपना संगीत
आकुल सागर की लहरों ने कर दिया मुझे अभिशप्त
गरजता में बरस पड़ा मुझ पर
और नाच उठे सीन धवल राजहंस
मेरे मित्रों के आगे बिजली की चमक ने
व्याकुल कर दिया मेरी आत्मा को
पुनः पधारें गुरुदेव हमारे और पूछा
क्या दे पाओगे अपने संस्कार
जिन्हें जन्म जन्मांतर से संचित कर रखा है तूने
मैंने उनकी भूरी आंखों की गहराइयों में झांका
लगा कि सामने खड़े हैं मेरे सामन
मेरे सामने सब कुछ एकसाथ
सब कुछ विलीन होने लगा
अंदर और बाहर में रहा कि वह इकत्व
जो मेरी गुरुदेव की कुल थी
जिसकी जिसने मेरी मैं को मिटा डाला
और कर लिया अपने में आत्मसात
मेरे गुरु ने दिखा दी मुझे राह ।

**प्रस्तुति- स्वामी मुक्तिरथ, सत्यानंद योग मिशन रांची**

## नालंदा के खंडहर में जब जाना...

**अंशिता सिन्हा**



**नालंदा** के खंडहर में जब जाना
पतले संकरे रास्ते से गुजरते हुए
थोड़ा ठिठक कर रुकना
वहीं कहीं होगी जीर्ण-शीर्ण दीवारों में
एक ईंट
जिसपर लिखा होगा अदृश्य रूप से
मेरा नाम
उनपर फेरना हाथ हौले से और महसूस
करना, मेरी मौजूदगी
दुपहरी की तपिश जब माथे पर चमकने लगे
बूंदों के रूप में
अगर तभी मन्द मन्द सरगोशी करती हवाएं अगर छू लें
तो उस ठंडक में मुझे तलाशना,
मैं उसी छुअन में मिलूंगी
और हाँ उस बारादरी में जरूर जाना
जहां लगे होंगे गुलमोहर और हरसिंगार के पेड़
मैं बरसों पहले लगाकर आयी हूँ उन्हें गले
तुम भी जाना , उनसे पूछना क्या मेरा स्पर्श अब भी याद है
अगर ना बोले तो मेरे हरकारे बन जाना
लगा लेना उन्हें फिर से गले
और आंख बंद कर देखना ऊपर आकाश में
जैसे ही फूलों की कुछ पंखुड़ियां गिर जाए तेरे चेहरे पर
समझना उस मखमली स्पर्श में मैं हूँ,
मैं वहीं कहीं हूं।

### और शाम ढल गई

कहनी थी बात कितनी, सुननी थी बात कितनी
पर खामोश रहे हम और खामोश रहे तुम भी
बस निगाहों ने बात की और शाम ढल गई
और शाम ढल गई।
किरणों का स्पर्श पाकर भोर निखर गयी
शमार्यी कलियां हवाएं सरगोशियां कर गयी
शंख, सीप, मोतियां और रेत की सौगात लिए
सागर से मिलने देखो नदियां निकल गईं
पीर तेरे हृदय की, नीर तेरी आँखों की
जाने क्यों आज मेरी आँखों से बह गई
और शाम ढल गयी, और शाम ढल गई।

# शीश दिये गुरु मिले तो भी सस्ता जान...

**एनके मुरलीधर**

**आप** दंभ से फूलें हैं। आपका पात्र सांसारिक वृतियों से लबालब भरा है। आप जीवन में प्रमादी बनाकर भोग में जीना चाहते हैं फिर भी आपका लगता है कि आपके जीवन में खालीपन है, आपका व्यवहार और भाग्य आपके ओज को खाता जा रहा है और कुछ खो रहें हैं तो निश्चित जानें आपने जीवन में किसी सदगुरु के शरणागत होने की हिम्मत नहीं की है। आप एक क्षुद्र आलोचक है। जीवन तत्व को जानने समझने में आपके सैकड़ों जन्म के कर्म-दुर्ष्कम आपको रोक रहें हैं। हैरत इस बात की है कि आपको अपने आप के बारे में भी पता नहीं है।

भारत में हजारों साल तक गुरु-शिष्य परंपरा फलती-फूलती रही और आगे बढ़ती रही। हमारी संस्कृति में गुरु अपने शक्तिशाली सूक्ष्म ज्ञान को अटूट विश्वास, पूर्ण समर्पण और गहरी घनिष्ठता के माहौल में अपने शिष्यों तक पहुंचाते थे। परंपरा का मतलब होता है ऐसी प्रथा जो बिना किसी छेड़-छाड़ और बाधा के चलती रहे। दूसरे शब्दों में कहें तो यह ज्ञान बांटने की अटूट श्रृंखला है।

इस परंपरा के बारे में समझाते हुए सद्गुरु कहते हैं, भारत ही एक अकेला देश है, जहां ऐसी परंपरा थी। जब किसी को अंतर्ज्ञान प्राप्त होता है, तो वह किसी ऐसे व्यक्ति को खोजता है, जो पूरी तरह से समर्पित हो, जिसके लिए सत्य का ज्ञान अपनी जिंदगी से बढ़ कर हो। वह ऐसे समर्पित व्यक्ति को खोज कर उस तक अपना ज्ञान पहुंचाता है। यह दूसरा व्यक्ति फिर ऐसे ही किसी तीसरे व्यक्ति की खोज कर, उस तक वह ज्ञान पहुंचाता है। यह सिलसिला बिना किसी बाधा के हजारों साल तक लगातार चलता रहा। इसी को गुरु-शिष्य परंपरा कहा जाता है।

किसी इंसान को अनुभव के एक आयाम से दूसरे आयाम में ले जाने के लिए एक ऐसा साधन या उपाय चाहिए, जिसकी तीव्रता और ऊर्जा का स्तर आपके मौजूदा स्तर से ऊपर हो। इसी साधन को हम गुरु कहते हैं।

हालांकि उन प्राचीन लोगों को लिखना आता था, लेकिन जिंदगी के आध्यात्मिक पहलुओं को कभी लिखा नहीं जाता था, क्योंकि एक बार लिख देने पर तमाम गलत लोग उसको पढ़ कर उसका गलत मतलब निकालते। सिर्फ वैसे ही इंसान को इसकी जानकारी होनी चाहिए, जो अनुभव के एक खास स्तर तक पहुंच चुका हो; दूसरों को नहीं। इसलिए इस तरीके से उस ज्ञान का प्रसार होता था। जब गुरु-शिष्य परंपरा टूटने लगी, तब उन्होंने आध्यात्मिक सत्य को लिखना शुरू किया; उसके पहले तक यह कभी लिखा नहीं गया था। जब आपने कुछ लिख दिया तो उन ग्रंथों को सबसे पहले विद्वान शोधकर्ता पढ़ते हैं। एक बार जब यह इन विद्वानों के हाथ लग गया तो समझिए बस सब खत्म, सत्य समाप्त हो गया।

पांचों इंद्रियों के परे जा कर अपनी असली प्रकृति को जान सके। ऐसा करने के लिए जरूरी है कि उसको आवश्यक ऊर्जा का सहारा मिले। सद्गुरु समझाते हैं, आपने जिस चीज का कभी अनुभव न किया हो, वो आपको बौद्धिक रूप से नहीं समझाई जा सकती। उसे समझाने के लिए आपको अनुभव के एक बिलकुल अलग आयाम में ही ले जाना होगा। किसी इंसान को अनुभव के एक आयाम से दूसरे आयाम में ले जाने के लिए एक ऐसा साधन या उपाय चाहिए, जिसकी तीव्रता और ऊर्जा का स्तर आपके मौजूदा स्तर से ऊपर हो। इसी साधन को हम गुरु कहते हैं।' गुरु और शिष्य का रिश्ता ऊर्जा पर आधारित होता है। वे आपको एक ऐसे आयाम में स्पर्श करते हैं, जहां आपको कोई और छू ही नहीं सकता। एक ऐसा स्थान जहां आपके पति, आपकी पत्नी, आपका बच्चा, आपके मां-बाप कोई भी आपको छू नहीं सकता। वे सिर्फ आपके जज्बात, आपके मन या आपके शरीर को ही छू सकते हैं। अगर आप अपनी चेतना की महत्त्म ऊंचाई तक पहुंचना चाहते हैं, तो आपको बहुत ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होगी झ जितनी ऊर्जा आपके पास है उसके अलावा और भी बहुत ज्यादा। गुरु और शिष्य का रिश्ता इतना पवित्र और अहम इसलिए हो गया है, क्योंकि जब कभी शिष्य के विकास में कोई मुश्किल आती है, तो उसको ऊर्जा के स्तर पर थोड़ा सहारा चाहिए होता है। इस सहारे के बिना उसके पास ऊंचाई तक पहुंचने के लिए जरूरी ऊर्जा नहीं होती। वही व्यक्ति जो उर्जा के धरातल पर आपसे अधिक ऊंचाई पर होता है, आपको यह सहारा दे पाता है, कोई और नहीं।



सद्गुरु ने योग के प्रसार में मदद के लिए कई साधन तैयार किए हैं। पारंपरिक योग के प्रसार के शक्तिशाली स्थान के रूप में भव्य और असाधारण आदियोगी आलयम को प्राण-प्रतिष्ठित किया गया है। वैसे, गुरु-शिष्य परंपरा के संदर्भ में सद्गुरु हमें एक और साधन के लाभ के बारे में बता रहे हैंः ह्लचूंकि गुरु-शिष्य परंपरा टूट रही है, इसलिए ध्यानलिंग उस दिशा में एक शक्तिशाली साधन है। यह कोई देवता नहीं, महज एक साधन है। अगर आप वहां कुछ मिनट भी बैठने के इच्छुक हैं, तो आप पाएंगे कि इससे आप पर कुछ असर होने लगा है। और तो और, अगर यहां कोई ऐसा व्यक्ति बैठे, जो ध्यान से बिलकुल अनजान है, जिसको ध्यान की बिलकुल जानकारी नहीं है, वह भी कुछ ही मिनटों में ध्यान करने लगेगा। एक बार जब वह ध्यान लिंग के दायरे में आ जाता है, तो अंदर कहीं भी बैठा हो, स्वाभाविक रूप से ध्यानमग्न हो जाता है। आप क लिखने का क्रम भी बिना गुरु के सिख नहीं सकते और सत्य सनातक पद्धति को पुस्तकों से सीखना चाहते हैं। अपना कुतर्क गढ़ते हैं। यह ठीक नहीं है।

भारत में हजारों साल तक गुरु-शिष्य परंपरा फलती-फूलती रही और आगे बढ़ती रही। हमारी संस्कृति में गुरु अपने शक्तिशाली सूक्ष्म ज्ञान को अटूट विश्वास, पूर्ण समर्पण और गहरी घनिष्ठता के माहौल में अपने शिष्यों तक पहुंचाते थे। परंपरा का मतलब होता है ऐसी प्रथा जो बिना किसी छेड़-छाड़ और बाधा के चलती रहे। दूसरे शब्दों में कहें तो यह ज्ञान बांटने की अटूट श्रृंखला है।

सद्गुरु कहते हैं, भारत ही एक अकेला देश है, जहां ऐसी परंपरा थी। जब किसी को अंतर्ज्ञान प्राप्त होता है, तो वह किसी ऐसे व्यक्ति को खोजता है, जो पूरी तरह से समर्पित हो, जिसके लिए सत्य का ज्ञान अपनी जिंदगी से बढ़ कर हो। वह ऐसे समर्पित व्यक्ति को खोज कर उस तक अपना ज्ञान पहुंचाता है। यह दूसरा व्यक्ति फिर ऐसे ही किसी तीसरे व्यक्ति की खोज कर, उस तक वह ज्ञान पहुंचाता है। यह सिलसिला बिना किसी बाधा के हजारों साल तक लगातार चलता रहा। इसी को गुरु-शिष्य परंपरा कहा जाता है। साधन को हम गुरु कहते हैं। हालांकि उन प्राचीन लोगों को लिखना आता था, लेकिन जिंदगी के आध्यात्मिक पहलुओं को कभी लिखा नहीं जाता था, क्योंकि एक बार लिख देने पर तमाम गलत लोग उसको पढ़ कर उसका गलत मतलब निकालते।

सिर्फ वैसे ही इंसान को इसकी जानकारी होनी चाहिए, जो अनुभव के एक खास स्तर तक पहुंच चुका हो; दूसरों को नहीं। इसलिए इस तरीके से उस ज्ञान का प्रसार होता था। जब गुरु-शिष्य परंपरा टूटने लगी, तब उन्होंने आध्यात्मिक सत्य को लिखना शुरू किया।

## आदिपुरुष' नहीं, युग पुरुष...

**लोकृती गुप्ता 'अनोखी'**



**फिल्में** समाज का आईना होती हैं या फिर यूं कहें कि फिल्में समाज से धूल झाड़ने का काम करतीं हैं और उसे एक सही दिशा प्रदान करतीं हैं। लोग कहीं-न-कहीं पर्दे पर दिख रही चीजों से अत्यधिक उत्साहित और प्रभावित होते हैं। शायद इसलिए हमारा खान-पान, रहन-सहन, कपड़े, भाषा और यहां तक कि हमारी सोच भी फिल्मों से ही प्रेरित होती हैं।

इसलिए फिल्मों का पतन मतलब समाज का पतन। इस वैज्ञानिक युग में जहां हर एक इंसान की सेल फोन में अपनी एक छोटी सी अलग दुनिया होती है, जहां जमाना दूरदर्शन से निकलकर वेब पटल (पोर्टल) की दुनिया में प्रवेश कर चुका है। अब फिल्में भी अपना रूप और रुख बदलकर वेब सीरीज के रूप में पनप रहीं है। मुझे यहां 'पनप' शब्द इसलिए उपयोग करना पड़ रहा है क्योंकि अच्छी चीजें बोई जातीं हैं और खरपतवार अक्सर पनप जाया करते हैं।

अभी हाल ही में आई ऐसी ही एक फिल्म 'आदिपुरुष' जो तथाकथित रामायण से प्रेरित रामायण है जिसका बढ़-चढ़कर विरोध किया जा रहा है, जो कि लाजमी भी है। कहीं-न-कहीं हमारे ही पतन को दर्शा रही है लेकिन इन सब के बीच विचारणीय तथ्य यह भी है कि क्या जितना विरोध हम आदि पुरुष का कर रहे हैं उतना ही आज मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही अभद्र भाषा, कपड़े, और अश्लीलता से सनी हुई बोली व दृश्यों का नहीं करना चाहिए? क्या समाज में फैलती गंदगी बढ़ते अपराध और अभद्रता के लिए ऐसे वेब सीरीज और रील्स जिम्मेदार नहीं हैं?

क्या इस प्रदूषण को रोके बिना एक स्वस्थ और प्रदूषण रहित कैंसर मुक्त समाज की पुनर्स्थापना संभव है? समय की मांग है कि समाज का प्रत्येक नागरिक जिम्मेदार बनकर इन सब का उतना ही विरोध करे जितना कि एक फिल्म का विरोध किया जा रहा है और प्रत्येक नागरिक युगपुरुष बने क्योंकि अभी आवश्यकता 'आदिपुरुष' की नहीं युगपुरुष की है।

# गुरु- शिष्य संबंधों में गिरावट से ही संस्कारहीन समाज

**अजयदीप बाधवा**

भारतवर्ष में गुरु को प्राचीनकाल से ही ईश्वर के समान दर्जा दिया गया है। यहाँ पर गुरु को आदर दिया जाता है क्योंकि आने वाले कल का निर्माण आज गुरु की दी हुई शिक्षाओं पर निर्भर होता है । आज समाज पतन की ओर अग्रसर है क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में सही से काम नहीं हो रहा, बच्चों को संस्कारित नहीं किया जा रहा । नैतिक शिक्षा ना देकर, शिक्षा को व्यवसाय बना दिया । हमारे यहाँ एकलव्य जैसे शिष्य हुए जिसने बिना शंका, दुःख के मात्र अपने गुरु की इच्छा से ही अपना अंगूठा गुरु द्रोण की भेंट कर दिया था। पूज्य श्री दयानन्द सरस्वती जी! जिन्होंने अपने गुरु की इच्छा को तन-मन से पूर्ण किया जब श्री विरजानन्द जी ने कहा कि मुझे गुरु दक्षिणा के रूप में यह वचन चाहिए कि तुम अपनी अंतिम श्वास तक स्वदेश सेवा करो। उसी क्षण से महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने तूफानी दौरे शुरू किये, यदि स्वामी जी ना होते तो 1857 की क्रांति शायाद संभव नहीं होती। गुरु शिष्य परम्परा चाणक्य नीतिः एक बड़ा अर्थशास्त्र कैसे है ?परम्परा के विपरीत परिमाण :-

इसके अतिरिक्त श्री दयानन्द जी द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश को पढ़कर असंख्य क्रांतिकारी वीरों ने उनको अपना गुरु माना है जिसमें राम प्रसाद बिस्लिम, लाला लाजपतराय, भगत सिंह जैसे अनेकों वीरों ने देश को स्वतंत्र करवाया किन्तु आज देश की विडम्बना देखिए आज बच्चे शिक्षकों का अनादर कर रहे है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि बच्चे अपने अध्यापकों को जान से भी मार रहे है। नित्य नई-नई खबरे हृदय पर आघात कर रही है। शिक्षक कुकर्मी हो रहे है, बच्चियों को हवस का शिकार बनाया जा रहा है। 1 जनवरी मनाने का रहस्यमयी कारण जब तक मैकाले शिक्षा पद्धति चलती रहेगी तब तक ऐसे ही समाज का पतन होता रहेगा। पुनः देश को आर्यावर्त बनाने के लिए गुरुकुल शिक्षा पद्धति अपनानी चाहिए।

शिक्षको को गुरु द्रोण जैसा बनना होगा, और दयानन्द और एकलव्य जैसे शिष्यों को फिर से निखारना होगा। किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी है उस देश की शिक्षा व्यवस्था अगर ये रीढ़ की हड्डी टूट गयी या इसका आकार बिगड़ गया तो परिणाम भयंकर हो सकते है। सृष्टि काल की गणना और सृष्टि का जन्म कैसे

**वन्दे बोधमंय नित्य गुरुं शंकर रुपिणाम। याम्यां विना न पश्यन्ति योगिनः स्वान्तस्थमीश्वरम॥**

यहां गुरु का एवं शंकर की एक पद मयार्दा तथा एक कार्यभार हो गया है। बिना इन दोनों की कृपा के योगी अपने हृदय में स्थित ईश्वर का भी साक्षात्कार नहीं कर सकते। वस्तुस्थिति का कैसा सच्चा वर्णन है। इसी भाव से ओत प्रोत होकर महात्मा कबीरदासजी ने खुला फैसला करके तर्क के साथ गुरु को गोविन्द से ऊँचा सिद्ध कर दिखाया—गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागूं पांय। बलिहारी गुरुदेव की, जिन गोविन्द दियो बताय॥

गुरु और गोविन्द यदि किसी अवसर पर एक साथ मिल जायं, तो पहले किनका अभिवादन किया जाय! अपने प्रश्न का आप ही उत्तर देते हैं कि गुरु का जय जयकार हो जिन्होंने गोविन्द को प्रत्यक्ष करा दिया ।

**गुरुकुलों को बढ़ावा क्यों ?**

गुरु शिष्य परम्परा को बढ़ावा देने के लिए अगर आज के इस भौतिक युग में गुरुकुलों को बढ़ावा नहीं मिला तो भारत के गुलामी वर्ष फिर से दोहराए जा सकते है। बच्चों के शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक विकास की उन्नति गुरुकुलों पर निर्भर है । जबकि आज के समय में स्कूलों में अंग्रेजियत का प्रभुत्व ज्यादा देखने को मिलता है। मैकाले ने गुरुकुलों की शिक्षा को जैसे खत्म ही कर दिया है। बच्चों का इन स्कूलों में केवल भौतिक और आत्मिक विकास हो रहा है और उन्हें मानसिक रूप से गुलाम बनाया जा रहा है। जिसके चलते हर रोज नये-नये हत्यारे, आतंकवादी, देशद्रोही उभर करे आ रहे है ।

जिसका परिणाम यह हुआ है कि भारत में भारत का भविष्य भारत विरोधी नारे लगा रहा है। अपने ही लोग देश को खोखला कर रहे है। इसी प्रकार अगर गुरुकुल भी विलुप्तप्राय हो गए तो इस देश का गौरवशाली वजूद मिटा दिया जायेगा। गुलामी अपने शिकंजे कस लेगी ।

भारत को एक बार फिर गुलामी का सामना करना पड़ सकता है। जिसके कुछ कुछ परिणाम आज हमारे सामने है।

## गुरु ही दाता है

**रौनक झा**

**गुरु ही दाता हैं,**
**गुरु हैं तो संसार हैं,**
**गुरु हैं तो घने अंधकार में भी प्रकाश हैं,**
**गुरु हैं तो मन मेन विश्वाश हैं,**
**गुरु के हाथो में ही संसार**
**हैं,गुरु हैं तो सब मंज़िल पास हैं,**
**गुरु अपने पास हैं तो मंज़िल की काय बात हैं,**
**गुरु का ही देन हैं की जीवन आदर्शो से भरा हैं,**
**गुरु ही शिस्य को फूलो की तरह खिलकर महकता हैं,**
**गुरु ही पुस्तक का भंडार हैं,**
**जिसने हम पढ़ते हैं हरवक्त हैं,**
**गुरु ही हमारी मंज़िल हैं,**
**गुरु हैं तो संसार हैं।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## परिश्रम सफलता की कुंजी : रीता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी रघु करमाली व दुलारी देवी की पुत्री निशा कुमारी का झारखंड सरकार द्वारा पंचायत सचिव पद पर नियुक्त किए जाने पर शनिवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने देश के हर क्षेत्र में आज बेटियां अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। अपनी कड़ी मेहनत और हुनर से बेटियां आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सफलता किसी को यू ही नहीं मिलती इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है।

## सम्मानित हुए भुरकुंडा के चिकित्सक



**बासल (रामगढ़)।** यूसीडब्ल्यूयू के तत्वावधान में शनिवार को आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में धूमधाम से समारोह पूर्वक डक्टर्स डे मनाया गया। समारोह में सेवाभाव से योगदान देने वाले बरका-सयाल के चिकित्सा पदाधिकारी ड एचके सिंह व डॉ नदीम अनवर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि चिकित्सक कठिन परिस्थियों में अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। डक्टर्स की कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना सराहनीय है। इनकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। सम्मानित करने वालों में सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकाश कुमार, फारुख राजा, रंजीत कुमार, गणेश साव, जितेंद्र, दिवाकर, राहुल, रीता, उर्मिला, रुकसाना, शांति, आरती, पूनम, पनवा देवी आदि शामिल थे।

## टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**भदानीनगर (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार को अंतर सदनिय टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, प्राचार्य विजयंत कुमार, शिक्षक निरंजन दुबे व शंभू प्रसाद नेखिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूर्नामेंट में स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला नेताजी और बाल्मीकि सदन के बीच खेला गया। जिसमें बाल्मीकि सदन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए। जबकि जवाबी खेलते हुए नेताजी हाउस की टीम 107 रनों पर ही सिमट गई। बेहतर प्रदर्शन के लिए चंदन को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में चंदन कुमार ने 54 रनों महत्वूपर्ण पारी खेली। प्रदीप मांझी ने कहा कि खेल से बच्चों मे लीडरशिप स्किल आती है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है।

## स्वच्छता की दी गयी जानकारी

**मांडू।** मांडू डी प्राचीन शिव मंदिर में शनिवार को स्वच्छता बरवाड़ा आयोजक का आयोजन हस्तशिल्प विकास संस्थान हजारीबाग एवं रॉयल नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड सीपीएस एसेट बोकारो द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें एक नुक्कड़ नाटक सभा आयोजन द्वारा आए हुए सभा कार द्वारा नाटक के जरिए यह बताया गया की खुले में शौच जाने से क्या समस्या आती है। साथ ही बताया गया की अपने बहू बेटियों के लिए घर में शौचालय होने से कई परेशानियों से बचा जा सकता है। इसके अलावे लोगों से जल सरंक्षण की अपील करते हुए कहा गया की पानी को बर्बाद करने से बचें। क्योंकि कई लोगों को पीने के लिए पानी नही मिल पाता। इसलिए जल सरंक्षण जरूरी है। मौके पर मांडू डी मुखिया बैजनाथ राम, ईश्वर दयाल,खेमलाल साहू, शिवम साहू,महादेव साहू, वीरेंद्र पांडे, गंगा साहू, फूलन साव, ओम प्रसाद, कृष्णा साव, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

## डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने शनिवार को मांडू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डीएमएफटी के तहत सांडी एवं पुंडी पंचायत में निमार्णाधीन मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में अब तक हो चुके कार्यों एवं अंतिम चरण के कार्यों का जायजा लेने के क्रम में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मांडू, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे। रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्ध होगा। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## आरोग्यम हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाया सातवां स्थापना दिवस व डॉक्टर्स डे

# चिकित्सा के क्षेत्र में आरोग्यम गढ़ रहा रोज नया आयाम : अजमेरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हर साल की तरह इस साल भी नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर हजारीबाग के एकलौते निजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने संपूर्ण हॉस्पिटल परिवार के साथ अपना 7 वां स्थापना दिवस सह डॉक्टर्स डे बड़े ही धूमधाम से हॉस्पिटल परिसर में मनाया। आरोग्यम हॉस्पिटल के 7 वें स्थापना दिवस सह डॉक्टर्स डे समारोह की विधिवत शुरूआत हॉस्पिटल संचालक सुनील जैन, हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा, हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.रजत चक्रवर्ती, डिप्टी सुप्रीटेंडेंट डॉ.बी.एन.प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह का सबसे खूबसूरत पल तब आया जब हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टरों ने रैंप पर कैटवाक किया तो सबकी निगाहें थम सी गई। आरोग्यम परिवार ने मिलकर समारोह के दौरान हॉस्पिटल के 7 वें स्थापना दिवस, डॉक्टर्स डे और हॉस्पिटल के एनेस्थेसिस्ट डॉ.मनीष कुमार का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, सफाई कर्मी सहित अन्य कर्मियों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।




समारोह के दौरान हॉस्पिटल संचालक सुनील जैन ने कहा कि टीम वर्क की भावना के साथ समर्पित भाव से सेवारत आरोग्यम हॉस्पिटल परिवार चिकित्सा के क्षेत्र में नित नया आयाम गढ़ रहा है। हॉस्पिटल निदेशक हर्ष अजमेरा ने हॉस्पिटल के 7 साल के सफलतम सफर पूर्ण होने पर पूरे अस्पताल परिवार को शुभकामनाएं दी और कहा कि कई चुनौतियों का सामना कर हम हजारीबाग में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर लगातार कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में ओर भी बेहतर करते हुए कोशिश करेंगे की हजारीबाग से इलाज के लिए किसी को महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़े ।

# नकली कीटनाशक दवा जब्त

**5475 पैकेट नकली दवा, 4800 पीस खाली पैकेट, एक मशीन, 18 किलो पाउडर के साथ भदानीनगर पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर पुलिस ने नकली कीटनाशक दवाई बनाकर बेचने के आरोप में शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भदानीनगर ओपी में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि बायर्स साइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र के प्रतिनिधि द्वारा सूचना मिली की भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा निवासी मो. हाशीम पिता मो. रमजान द्वारा अवैध रूप से इनके कंपनी के नाम का नकली कीटनाशक दवाई का पैकेट बनाकर कई दिनों से बेचा जा रहा है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया एवं उनके निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि एवं छापामारी दल के सहयोग से मो. हाशीम के घर पर छापेमारी की गई तो इनके घर से सटे इनके किराना दुकान में अत्यधिक मात्रा में बायर्स साइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र कंपनी की नकली कीटनाशक पैकेट बरामद की गई। साथ ही नकली कीटनाशक की खाली पैकेट एवं पैकेट को सील करने वाली मशीन एवं वजन करने वाली मशीन भी बरामद की गई। सभी सामानों को जब्त करते हुए मो. हाशीम को बायर्स साइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड महाराष्ट्र कंपनी के नकली कीटनाशक के पैकेट को बनाने एवं बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बायर्स कंपनी का नकली कीटनाशक भरा हुआ नकली पैकेट 5475 पीस, बायर्स कंपनी का नकली खाली पैकेट 4800 पीस, पैकिंग मशीन 1 पीस, वजन करने का मशीन 1 पीस, नकली कीटनाशक पाउडर 18 किलोग्राम जब्त किया है। पुलिस आरोपी मो. हाशीम से पूछताछ के बाद जेल भेजा दिया। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। छापामारी दल में भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, एएसआई नूतन आशीष तिर्की, एएसआई संजय कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## डीलरों को 14 माह से नहीं मिला कमीशन

**बरही।** राज्य और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रखंड सहित राज्य एवं जिले भर के सैकड़ों राशन डीलरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत वितरण किया गया लगभग 14 माह का कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही वर्ष 2023 में राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम के तहत वितरित किए गए खाद्यान्न का कमीशन जनवरी से लेकर जुन तक भुगतान नहीं किया गया है। कमीशन नहीं मिलने के कारण दुकानदारों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। कमीशन भुगतान को लेकर डीलर संघ अधिकारी से लेकर सरकार तक गुहार लगा चुके हैं। परन्तु सरकार के ओर से किसी प्रकार का पहल नहीं किया जा रहा है। कई दुकानदारों ने बताया कि पहले एक रुपए कमीशन कार्डधारियों से मिलता था उसे तौलने मजदूर की मजदूरी एवं डीलर के घर का रोजमर्रा खर्च पूरा हो जाता था वह भी बंद हो गया है।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज के प्राचार्य की पुस्तक का विमोचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सीटेट व अन्य टेट के लिए उपयोगी है किताब**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज, हजारीबाग के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव की लिखी पुस्तक 'बाल विकास एवं शिक्षा विज्ञान' का विमोचन शनिवार को महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक व कार्यालयकर्मी उपस्थित थे। विमोचन के उपरांत प्राचार्य ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पुस्तक की 11 प्रति पुस्तकालयाध्यक्ष अंजन कुमार को सौंपी। मौके पर प्राचार्य ने बताया कि यह पुस्तक बीएड, डीएलएड, सीटेट व अन्य टेट की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार व सचिव मिथिलेश मिश्र ने प्राचार्य को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं हैं। बता दें कि डॉ अरविंद कुमार यादव की लिखी यह पांचवीं पुस्तक है। गत वर्ष उन्होंने 'शिक्षा शास्त्रः समग्र अध्ययन' नामक पुस्तक अभ्यर्थियों के लिए लिखी थी। यह पुस्तक एमएड, पीएचडी, नेट/जेआरएफ, असिस्टेंट प्रोफेसर के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए लाभदायी सिद्ध हुई थी। उन्होंने बताया कि विमोचित पुस्तक एड्यूनिक पब्लिकेशन जौनपुर, उत्तर प्रदेश के बैनर तले प्रकाशित की गई है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी इस पुस्तक को देश भर के विभिन्न बुक स्टॉल से क्रय कर सकते हैं।

# सैकड़ों समर्थकों के साथ मुखिया झामुमो में शामिल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को सयाल डी अंबेडकर भवन में मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थे। अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ सयाल उतरी पंचायत की मुखिया आशा देवी और पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव ने झामुमो का दामन थामा। इन सभी को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने फूल माला और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। बेदिया ने कहा कि हेमंत सरकार जन-जन की समस्याओं से अवगत होकर जन कल्याणकारी योजनाओं को नित्य प्रतिदिन लागू कर रही है। मुखिया आशा देवी व पूर्व मुखिया सतेंद्र यादव के नेतृत्व में झामुमो का दामन थामने वालो में विमलेश कुमार, सीता देवी, ज्ञानती देवी, अंची देवी, सीता देवी, पूर्व मुखिया उर्मिला देवी, विशाल कुमार, कुलदीप उरांव, अमित सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, ललन यादव, संजय यादव, मंजू लता , रामानंद यादव, गफ्फार अली, जितेंद्र कुमार ओझा, नीना देवी, रेखा देवी, मंजू देवी,सहित महिला-पुरूष लोग शामिल हैं।

## परवरिश स्कूल में मना वन महोत्सव



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुंदरियाबांध कुजू ने शनिवार को वार्षिक वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया, उन्होंने स्कूल परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाए। प्राचार्या नेहा राज बनर्जी ने आयोजन को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं स्कूल के निदेशक शैलेन्द्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने वनों के पारिस्थितिक महत्व और स्थायी पर्यावरण को बनाए रखने में पेड़ों की भूमिका के बारे में बात कही। समारोह में रश्मि कुजूर, कंचन प्रसाद, वर्षा, अर्चना, रणजीत सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# भाजपा ने की महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा बैठक

**डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने महाजनसंपर्क की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को दी बधाई**

खबर मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग।** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एक महीना का महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम 1 जून से 30 जून तक किया गया। इस कार्यक्रम का समीक्षात्मक बैठक उत्तरी छोटानागपुर , प्रमंडल का हजारीबाग के पैराडाइज रिसॉर्ट में शनिवार को हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश नंद गोस्वामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद जयंत सिन्हा, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बोकारो विधायक वीरांची नारायण, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, पूर्व सांसद डॉक्टर रविंद्र राय, पूर्व विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, महापौर हजारीबाग रोशनी तिर्की के अलावे उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के सातों जिला के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष, मंच मोर्चा के जिला महामंत्री, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों के साथ-साथ सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने महा जनसंपर्क की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी और आगे यह भी निर्देश दिया कि जो कुछ कमियां रह गई है उसे 10 जुलाई तक पूरा कर लेना है।

कार्यक्रम का संचालन हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता द्वारा की गई। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

एक नजर में

## संगम ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन



**हजारीबाग।** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई और राष्ट्रकवि संगम हजारीबाग के संयुक्त तत्वाधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन संघ कार्यालय के प्रशाल में प्रसिद्ध लेखक रतन वर्मा की अध्यक्षता में हुई। गोष्ठी में लेखक, समालोचक बलदेव पांडे, मैथिली कवि, कथाकार हितनाथ झा, सुबोधसिंह शिवगीत,कवयित्री शशिबाला,संस्कार भारती के प्रदेश मंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास कुमार, जिला अध्यक्ष कुमार केशव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कार भारती के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती' से हुई जिसकी प्रस्तुति रेखा झा एवं राकेश रंजन द्वारा की गई। गोष्ठी में विभिन्न विषयों कविता ,कहानी, गजल, शायरी, नाट्यलेखन पर चर्चा हुई। काव्य पाठ में सचिन कुमार,आतिश आलोक एवं सत्यवेश नीरज ने गजल कहे। हरेंद्र कुमार,साकेत पाठक, पुष्कर कुमार पुष्प,अनंत ज्ञान,शशिबाला, हितनाथ झा ने विभिन्न विषयों पर हिंदी कविता का पाठ किया। सुबोध सिंह शिवजीत ने शीघ्र ही एक काव्यशाला का आयोजन करने को कहा। करपुरा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित सभी काव्य पाठकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साकेत पाठक को पीएचडी पूर्ण करने के लिये सम्मानित किया गया।

## 22 बच्चे लेंगे रांची में कौशल विकास की ट्रेनिंग



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों के 22 बच्चों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाने के लिए रांची स्थित झारखंड टूल रूम भेजा गया। ये बच्चे जुगरा, अरहरा, चैपकला, उपरडाडी और पकरी बरवाडीह से हैं जिन्हें सभी सुविधाओं से लैस 1 साल की आवासीय प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। इससे पहले भी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना प्रभावित गांव के 57 बच्चों को 2 बैच में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन सभी प्रशिक्षित 57 बच्चों को परियोजना के प्रयासों के सहारे विभिन्न कंपनियों में नौकरियां भी लग गई है। तीसरे बैच में 22 बच्चों को रांची रवाना किया गया है जहां वे साल भर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण ले पाएंगे। खुशी और उत्साह से लबरेज इन बच्चों को एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की सीकरी साइट ऑफिस से बस से रवाना किया गया। मौके पर पंकज ध्यानी जीएम (एलए और आर एंड आर), एस.एस. मिश्रा (जीएम-इन्फ्रा), अमित कुमार अस्थाना एजीएम (एचआर), एम.के. गुप्ता (उपाध्यक्ष, झारखंड टूल रूम), ए. मिश्रा वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी टूल रूम, एम.के. उपाध्याय प्राचार्य अजीत कुमार डीजीएम (सीएसआर/आर) और एस.के. सेनापति डीजीएम मौजूद रहे।

## मोदी के 9 वर्षों की उपलब्धियों की दी जानकारी

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं महाजनसंपर्क अभियान के तहत घर घर संपर्क कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंगे बताया कि समाज का हरेक वर्ग नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से लाभान्वित हो रहा है। लोगों में सुरक्षा और आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उतरी छोटा नागपुर के प्रभारी अभिनाश आर्या उपस्थित रहें। महाजनसंपर्क अभियान में कमल शंकर पंडित, पूर्वी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी, महामंत्री सागर चंद्रवंशी, मिडिया प्रभारी सचिन पांडेय, महा मंत्री दिलीप यादव, कृष्णा कुमार भुइंया , मुकेश चंद्रवंशी, मनोज शर्मा, मुना कुमार मोहित वर्मा, धीरज यादव, बबलू साव, विजय यादव, मनोज सोनी, मुकेश कुमार चंद्रवंशी सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए।

## मुखिया ने स्कूल भवन का किया उद्घाटन




**बरही।** मलकोको पंचायत के बुंडू में बने मॉडल स्कूल भवन का उद्घाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव, पंचायत, समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित कुमार यादव, वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल की प्रधानाध्यापिका टुनटुन देवी, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, संजय कुमार यादव, डॉक्टर करण कशिश, फरजाना जावेद, अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुखिया विजय यादव ने कहा कि मॉडल स्कूल में बरही सहित जिले भर के कक्षा छह से लेकर दसवीं तक के प्रतिभावान बालक बालिकाओं को लाभ मिलेगा। मुखिया ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए सरकार ने सीबीएसई की तर्ज पर शुरू किया गया। यह विद्यालय एक वरदान साबित होगा। मौके पर राम लखन यादव, परमेश्वर यादव, जगदीश यादव, इंद्रदेव यादव, कैलाश यादव, देवेंद्र यादव, मुकेश यादव, सचिन यादव, संजय यादव, अशोक यादव, लक्ष्मण सिंह, अमिया देवी, निमिया देवी, बसंती देवी एवं नामांकित सभी बच्चे उपस्थित हुए।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज में नशा मुक्ति पर मंथन

**पदमा।** कर्मटाडं में स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में 'नशा मुक्ति' विषय पर प्रशिक्षुओं तथा ने वैचारिक मंथन किया। सभाध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र झा ने कहा कि नशा मुक्ति को जन आंदोलन का रूप लेना होगा। ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एसके राणा ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि समाज की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर नशा मुक्त किया जा सकता है। प्रोफेसर सारिका मेहता ने कहा कि इसे कानूनी अपराध घोषित कर देना चाहिए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं में दिनेश, विजय, जया,खुशबू, विकास, सीताराम तथा शशि प्रमुख रहे,मंच संचालन प्रशिक्षु रूपा कुमारी ने किया।

## नीलगाय को कुएं से निकाला, विभाग को सौंपा

**विष्णुगढ़।** चौथा जंगल से सटे उपरैली बोदरा गांव के पुराने कुआं में शुक्रवार को नीलगाय गिरी। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जन भर नीलगाय इस जंगल में है जो हमेशा गांव की और आ कर चारा चरते है। चरने के दौरान किसी व्यक्ति को देख नीलगाय भागना चाही इसी दरब्यान अचानाक पास के कुएं में जा गिरी। जिसके बाद मामले की खबर वन विभाग को दिया गया। वन विभाग मौके पर पहुंच नीलगाय को कुआं से निकालने के जतन में जुटी गई, देर साम तक विभाग उक्त स्थल पर उपाय टोहती रही। रात बीतता देख रिस्क लेने में भलाई सोंच सर्प मित्र नावाटांड के सुरेश राम को कुंवा में उतारा गया, जान जोखिम में लेकर सुरेश राम कुएं में जा कर नीलगाय को रस्सी से बांधा जिसके बाद उपस्थित लोगों द्वारा नीलगाय को सही सलामत निकाला गया। विभाग ने नीलगाय को जंगल में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम में वन विभाग के अंशु कुमार, संजीत कुमार, हिरामन कुमार, डिलो रविदास, कुंदन कुमार शामिल थे।

## इचाक में चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या

**इचाक।** प्रखंड के बोंगा गांव में शनिवार को 35 वर्षीय अखिलेश मेहता की उसके चचेरे भाई ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना में छोटू उर्फ रितेश राज भी घायल हो गया। प्राथमिक स्तर पर घटना के बाबत बताया गया कि जमीनी विवाद को लेकर उसका अपने चचेरे भाई संजय मेहता से झगड़ा हो गया और बात इतनी बढ गयी कि एक भाई ने चाकू मार दिया, जो अखिलेस को पेट मे लगी। जिससे अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गयी। जबकि छोटु को पीछे में चाकू लगा है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**कैरो /लोहरदगा।** कैरो प्रखंड कार्यालय में शनिवार को विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक बीडीओ पवन महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा की योजनाओं की समीक्षा में बीडीओ ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य को एक सप्ताह में पूरा कर स्वीकृति दें। पंचायत स्तर पर पुस्तकालय खोलने के लिए भवन का चयन व खेल मैदान के लिए स्थल चयन करने को कहा। बैठक में बीपीओ रघुनाथ मुंडा, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चों के बीच लोहरदगा डीसी ने बांटे प्रमाण-पत्र



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भारत स्काउट एवं गाईड के 186 बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया। यह प्रमाण-पत्र बच्चों को नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट में 06 से 10 मईतक आयोजित ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कैंप में शामिल होने के लिए दिया गया। इस कैंप में लोहरदगा जिला के कुल 186 स्काउट एवं गाइड ने भाग लिया था। उपायुक्त ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में इस कैंप का आयोजन होना बहुत ही अच्छी बात है। इसका अनुभव बच्चों को आनेवाले समय में मिलेगा। मौके पर भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र सुमन, नदिया हिंदू प्लस 2 नदिया स्कूल के शिक्षक अनिल कुमार, इंटर कॉलेज के शिक्षक अब्दुल्ला परवेज, संत स्तानीसिलास के प्रभारी शिक्षक, स्काउट लीडर शमशाद अंसारी उपस्थित थे।

### पिकअप की चपेट में आने से चार घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के खरका मेन रोड के समीप शनिवार की दोपहर पिकअप वाहन की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर हो गये। घायलों में खरखा के मोनो उरांव (45), कार्तिक उरांव (20), लक्ष्मी उरांव (18) उसकी एक वर्षीय बेटी कुशुम कुमारी शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। कार्तिक की बहन सोनी ने कहा कि मेरी बहन मोनो उरांव व उनका परिवार खरखा के समीप टोटो जाने के लिये खड़ा थी। उसी दौरान गुमला की ओर से आ रहे पिकअप वाहन से चारों को चपेट में ले लिया।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कुरुमगढ़ मोड़ के समीप शानिवार को चैनपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं कागजातों की गहनता के साथ जांची गयी। वहीं बिना हेलमेट के चलने वाले कई वाहनों को जब्त किया गया। एस आई आलोक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है, जिसमें सभी वाहनों की जांच की जा रहा है।

### चैनपुर : हुकड़ा पहाड़ रोड कीचड़ से पटा



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के हुकड़ा पहाड़ रोड बरसात के कारण पूरी तरह से कीचड़मय हो गया है। जिसके चलते राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में पूरा एरिया टापू में तब्दील हो जाता है। इस इलाके में रहने वाले लोग विगत कई वर्षों से सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं। परंतु अब तक किसी भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर नहीं गया है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में जल्द पहल कर सड़क बनवाने की मांग की है।

### नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**घाघरा।** प्रखंड के टोटांबी में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को दिन के 11 बजे कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व बच्चियां शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर टोटाम्बी डैम तक पहुंचा। जहां अचार्य ने कलश में जल भरी करायी और पुन: कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। जय श्री राम जय बजरंगबली के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। वही मंदिर परिसर में जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चना करायी। मौके पर रितु देवी, शांति देवी, पुष्पा देवी, सरिता देवी, मीना कुमारी, सपना कुमारी, आचार्य उमेश मिश्रा, केदारनाथ सिंह, नलिन सिंह, राजदीप सिंह, रितेश सिंह, मंटू सिंह, रामा सिंह, झूलन सिंह, मनोज सिंह, मुकेश वर्मा, विनोद उरांव, झरिया उरांव, बाल गोविंद केवट, विनोद सिंह सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

### खाते में गये राशि को वापस दिलाने के लिए बैंक प्रबंधक से लगायी गुहार

**गुमला।** शहर के बड़ाईक मुहल्ला निवासी रमेश कुमार ने बैंक आफ इंडिया के प्रबंधक को ज्ञापन दिया है। जिसमें भूलवश दूसरे खाता में चली गयी राशि को वापस करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि मेरा बैंक ऑफ बडोदा, शाखा गुमला में खाता नं0 30360100000989 संचालित है। मैं अपने खाता से बीओआई शाखा में मां भण्डार डाल्टेनगंज के खाता संख्या 496520110000489 में रूपए भेजना चाहता था। परन्तु उनके खाता के जगह पर खाता सं0 496520110000498 अंकित हो गया और गलत खाते में राशि चला गया है। जिसके बाद 19 अप्रैल 2022 और 16 अगस्त 2022 को बीओबी के प्रबंधक को बीओआई शाखा के खाता सं0 496520110000498 में भेजी गयी राशि वापस कराने को अनुरोध पत्र दिया। परंतु अब तक राशि नहीं आयी।

# वन धन केंद्रों से जुड़ें जिले के जनजातीय कारीगर : उपायुक्त

- जनजातीय कारीगरों ने स्वनिर्मित वस्तुओं तथा वनोत्पादों को किया प्रदर्शित
- चयनित उत्पादों को सूचीबद्ध करेगा ट्राईफेड

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपायुक्त व आदिवासी महिलाएं और मेले में लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण करते उपायुक्त।

**गुमला।** ट्राईफेड और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शहर के नगर भवन में ट्राइबल आर्टिजन एंपैनलमेंट मेला आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय मेले का उदघाटन उपायुक्त श्री सुशांत गौरव ने आदिवासी महिला कारीगरों के साथ संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस मेले में ट्राईफेड के अधिकारी तथा जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने जनजातीय कारीगरों द्वारा प्रदर्शित की गई वस्तुओं के एक एक स्टाल पर घूम कर सभी की निरीक्षण किया और उनकी हौसला अफजाई की।

उपायुक्त श्री गौरव ने कहा कि कारीगरों को बिचौलियों के शोषण से मुक्त कराने तथा उन्हें न्यूनतम समर्थित मूल्य पर उनके उत्पादों की बिक्री हेतु प्लेटफॉर्म दिलवाने के लिए वन धन केंद्रों की स्थापना देशभर में की गई है। गुमला के जनजातीय कलाकार भी इन केंद्रों से अपने आप को जोड़ें। वे इन केन्द्रों की प्रक्रिया को समझें।

अगर नहीं जानकारी है तो पंपलेट पर दिये गये फोन नंबर पर कॉल कर जानकारी हासिल करें या फिर जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से मिलें। जिले में मडुआ की खेती को लेकर अच्छा माहौल बना है। इसलिए जिले के जनजातिय किसान मडुवा की खेती को जरूर अपनायें।

इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा पीवीटीजी के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला तथा बताया कि वे योजनाबद्ध तरीके से जनजातीय विकास की दिशा में गैप एनालिसिस करवा रहे हैं। ट्राईफेड के पदाधिकारियों ने बताया कि अन्य फसलों की तरह भारत सरकार ने 87 वन उत्पादों के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है।

इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार, आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन सहित आईटीडीए एवं कल्याण विभाग के तमाम पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय कारीगर मौजूद थे।

# पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार, जेल

## उग्रवादियों के पास से तीन राइफल, 12 जिंदा कारतूस एके-47 के तीन गोली बरामद

- प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ ने दी घटना की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उग्रवादियों के साथ एसडीपीओ थाना प्रभारी व अन्य।

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। गिरफ्तार अपराधियों में रायडीह थाना क्षेत्र के मोकरा बरटोली निवासी अनिल उरांव, लौकी गोसाई कोना निवास मंजीत प्रधान उर्फ गुड्डू व बैरटोली निवासी गुड्डू सिंह के नाम शामिल हैं।

गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने 315 बोर का 32 लोडेड रायफल, 12 जिंदा कारतूस व एके 47 राइफल तीन गोली बरामद किया गया। शनिवार को रायडीह थाना परिसर मे प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि बाघ लता के जंगल में पीले भाई के उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देने के लिए छुप कर बैठे हैं। सूचना मिलते हैं पुलिस के द्वारा एक टीम का गठन किया गया।

■ गठित सत्यापन को लेकर बागडोली जंगल पहुंची तो जंगल से कुछ लोगों की आवाज आयी। पुलिस आवाज की दिशा में चारों ओर से घेराबंदी करते हुए आगे बढ़ी तो तीन लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़ कर तीनों युवकों को पकड़ा। जिनके पास से तीन राइफल व कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में हथियारों की गोली का किसी तरह का कागजात उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच के बाद तीनों गुरु वादियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादी अनिल उरांव के खिलाफ राजस्थान में 4 केस दर्ज हैं। छापामारी अभियान इस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी अमित अमित कुमार, पुअनि अभिनव कुमार, पुअनि नितेश टोपनो, बालमुकुंद सिंह, सअनि रंजय सिंह वाह सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पथ चौड़ीकरण को लेकर रैयतों के साथ हुई ग्रामसभा, जमीन अधिग्रहण पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रैयतों के साथ बैठक करते अधिकारी।

**सेन्हा-लोहरदगा।** ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में पथ चौड़ी करण एवं नवीनीकरण हेतु रैयती भूमि अधिग्रहण को लेकर पंचायत भवन सेन्हा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहरदगा गुमला मुख्य पथ से भंडरा प्रखंड को जोड़ने एवं पथ चौड़ी करण किया जाना है। जिसको लेकर झालजमीरा पंचायत एवं उगरा पंचायत सहित सेन्हा पंचायत में पथ चौड़ी करण के दौरान रैयतों का जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जिसको लेकर पूर्व में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। परंतु कॉलम पूर्ण नही होने के कारण ग्रामसभा स्थगित किया गया था। इसी निमित शनिवार को पंचायत भवन सेन्हा में सेन्हा मौजा के वैसे रैयत के साथ ग्राम सभा हुई, जिसका जमीन पथ चौड़ी करण में अधिग्रहण किया जा रहा है। ग्रामसभा के दौरान ग्राम प्रधान, मुखिया धनबाज उरांव, सीओ विजय कुमार अंचल निरक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता, राजस्व कर्मचारी रामा महतो के अलावे विभिन्न गांव के रैयत शामिल थे। ग्राम सभा के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार रैयतों की बात को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए बताया कि सरकारी प्रबधन के अनुरूप कार्य किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा जमीन का मालिकाना हक पुष्टि होने पर उसे मुआवजा दिया जाएगा। जिसको लेकर सभी रैयत को जमीन संबंधित दस्तावेज,आधार कार्ड एवं वंशावलि के साथ कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। जिसपर रैयतों ने मुआवजा में वृद्धि का मांग किया साथ ही कार्य आरम्भ करने के पूर्व अधिग्रहण जमीन सीमांकन करने की मांग किया गया। मौके पर केदार महतो, सुरेश महतो, जयप्रकाश साहू, संजय साहू सहित बंधाटोली तथा बरवाटोली एवं सेन्हा के जमीन रैयत उपस्थित थे।

# गुमला डीसी को ज्ञापन सौंप ट्रकों का परिचालन शीघ्र शुरू कराने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ एक माह से बिरला व अमतीपानी माइंस से नहीं हो रहा ट्रकों का परिचालन, सैकड़ों लोग हुए बेरोजगार



**गुमला।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव से मुलाकात की एवं मांग पत्र सौंपा? एसोसिएशन ने उपायुक्त को बताया कि उनका ट्रक हिंडाल्को कंपनी के बॉक्साइट माइंस में चलते हैं। लगभग एक महीने से बीमरला, गुरदरी मांइसों से ट्रकों का परिचालन नहीं होने के कारण और न्यू अमतीपानी (चिरोडीह) से भी लगभग ट्रकों के परिचालन बंद होने के कारण लगभग ग्यारह सौ ट्रक प्रभावित हो रहे हैं। जिसके कारण प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लोडर, अनलोडर, चालक, सह चालक, गैरेज, मिस्त्री, टायर दुकान, होटल ,पेट्रोल पंप सहित लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हैं। इस बीच हिंडाल्को कंपनी से तीन बार एसोसिएशन की वार्ता हुई है।

# लोहरदगा में डॉक्टर्स डे पर मरीजों के बीच बंटी सामग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में डॉक्टर डे के अवसर पर आइएमए के जिलाध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद की अगुवाई में सदर अस्पताल के मरीजों के बीच खाने पीने का सामग्री बांटी गयी। साथ ही मरीजों से उनका हाल-चाल जाना। डॉक्टर गणेश प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस का उद्देश्य भारतीय समाज को डॉक्टरों के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देना और उनकी महत्वाकांक्षा को साझा करना है। यह दिवस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में डॉक्टरों को उनके समर्पण, करुणा और विशेषज्ञता के प्रति मरीजों की देखभाल करने और चिकित्सा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने में डॉक्टरों की विशेषज्ञता, व्यावसायिकता और निस्वार्थता को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस का महत्व काफी है। डॉक्टर्स डे से डॉक्टरों की महत्वपूर्णता, उनके समर्पण और उनके संघर्ष व चुनौतियों को मान्यता दी जाती है।

### पीपल के पेड़ से गिरकर बच्चा का हाथ फ्रैक्चर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के भंडारिया सरना टोली के पैतु उरांव का पुत्र सुरजीत उरांव (9) पीपल के पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसका बायां हाथ फ्रैक्चर कर गया है। परिजन तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराये, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संदर्भ में घायल के परिजनों ने बताया कि कुछ बच्चों के साथ सुरजीत पीपल के पेड़ पर चढ़ा हुआ था जहां सुरजीत के अचानक पैर फिसलने से जमीन में जा गिरा जहां वह घायल हो गया।

### बाइक से गिरा युवक घायल, इलाज के दौरान मौत

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के मुकुंदा निवासी स्व लच्छू लोहरा का पुत्र सुशील लोहरा (25) सिटी थाना के समीप एक बाइक में बैठा था। अचानक वह गिरकर बेहोश हो गया। एंबुलेंस ड्राइवर प्रवीण किंडो उसी रास्ते से गुजर रहा था। तभी उसकी नजर पड़ी और वह उठाकर उसे सिसई उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को गंभीर देख गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा, लगी चोट

**गुमला।** बिशनपुर के गुरदरी थाना अंतर्गत चापी पाठ के समीप बाइक सवार काठ पानी के मोनो आइंद (19) गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चेहरे पर भी चोट लगी है। जिसे सर्वप्रथम नजदीकी प्राइवेट क्लीनिक में इलाज कराया। रात्रि लगभग 8 बजे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जहां इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि युवक अपनी बुआ को बाइक से बस स्टैंड बस चढ़ाने के लिए गया था वही वापसी के क्रम में यह घटना घटी।

### महाकाल क्लब के अध्यक्ष बने रितेश उर्फ कुणाल





**लोहरदगा।** शहर के चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर में शुक्रवार को महाकाल क्लब की बैठक जय शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले से चलकर पैदल यात्रा पहाड़ी मंदिर में पहली सोमवारी को जल चढ़ाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। बैठक में कमेटी पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रितेश वर्मा उर्फ कुणाल वर्मा को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष रितेंद्र कुमार महतो, सचिव निश्चय वर्मा,सह सचिव अंकित वर्मा, उपाध्यक्ष दिवेश साहू, हर्षित खत्री, आकाश खत्री, आनंद ठाकुर, कोषाध्यक्ष शुभम वर्मा, सह कोषाध्यक्ष शुभम जायसवाल, संगठन मंत्री में आशीष गुप्ता, मीडिया प्रभारी अमित वर्मा, मुख्य संरक्षक बलराम कुमार साहू, संरक्षक : जयशंकर मिश्रा, पंकज मिश्रा, गोपाल मिश्रा, परमानंद मिश्रा शामिल हैं। वहीं संयोजक मंडली में विक्रम चौहान, अतुल मुखर्जी, पारस साहू, किशोर वर्मा, प्रीतम कुमार, सुमित घोष, रोहित तमेड़ा को शामिल किया गया।

# बचपन प्ले व प्राइमरी स्कूल में लगा हेल्थ चेकअप कैंप





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहर के लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल तथा बैंक कॉलोनी दुन्दुरिया स्थित प्राइमरी विंग में पिछले एक सप्ताह से आयोजित बच्चों का हेल्थ चेकअप कैंप सोमवार को संपन्न हुआ। समापन में डॉ आलोक मिंज एवं उनकी टीम को बच्चों ने कार्ड एवं बुके देकर स्वागत किया। डॉ आलोक मिंज ने कहा कि हम सभी लोग बीमार होने के बाद परेशानी में ही डॉ के पास उपचार के लिए जाते हैं। सभी अभिभावकों से आग्रह है बच्चों के नियमित हेल्थ चेकअप करायें। ताकि समय रहते उन्हें डायग्नोस कर बीमारी गंभीर होने से पहले ही ठीक कर लिया जाये।

### बिजली तार के संपर्क में आने से महिला की मौत

**गुमला।** सिसई थाना के सकरौली उपर टोली निवासी कमली उरांव विद्युत करंट की चपेट में आने से शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे हो गयी। मृतका के पुत्र बिरसा उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के समय घर में वह अकेली थी और कपड़ा धो कर सुखाने के लिए कपड़ा पसार रही थी। उस समय करंट प्रवाहित तार के संपर्क आ गई और मौके पर मौत हो गया। बड़ी गोतनी तीतो उरांव ने कहा कि वह सब्जी मांगने मृतका के पास गयी थी तो आंगन में उसे गिरा देखा। छूने पुरु उसे भी जोर का झटका लगा।

# भंडरा में आज कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार आज 2 जुलाई 2023 दिन रविवार को लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड में कई योजना का शिलान्यास करेंगे। वित्त मंत्री श्री उरांव आज दिन के 12 बजे लोहरदगा परिसदन पहुंचेंगे। उसके बाद भंडरा प्रखंड के 27 धुमकुड़िया भवनों का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि निसीथ जयसवाल ने देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्प संख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब ने कई कार्यक्रम का किया आयोजन

# सदर अस्पताल में लायंस क्लब ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चिकित्सक को सम्मानित करते लायंस क्लब के सदस्य।

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला द्वारा शनिवार को सदर अस्पताल गुमला डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा डॉक्टर सेवा कार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। आज डॉक्टर भगवान के रूप होते है। कोरोना जैसे खतरनाक बीमारी जहां लोग घर में दुबके रहते थे।

ऐसे विषम परिस्थिति के समय में डॉक्टर मानवता का परिचय दिया है। आज इनके सेवा भाव के कारण ही कई गंभीर मरीज आज ठीक हो रहे है। वहीं सचिव लायन अशोक जासवाल ने कहा डॉक्टर्स डे प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को मनाया जाता है। लेकिन जिस तरह डॉक्टर्स सेवा करते है इनके सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। आज समाज में इनका सराहनीय योगदान है। मौके पर लायन पवन कुमार अग्रवाल, लायन गुलाब चंद्र प्रसाद, विशाल कुमार ने भी डॉक्टर के कार्यों के सरहानीय कार्य के विषय में प्रकाश डाला।

■ मंच का सफल संचालन लायन हेमंत कुमार ने किया। मौके पर सदर अस्पताल गुमला के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर को लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गुमला सदर अस्पताल के सभी डॉक्टर को लायन सदस्यों ने पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ सुशांत मुंडा, डॉ सोनिया टोप्पो डॉ सुनील कुमार किस्कू, डॉ शकुंतला मुर्मू, डॉ सुरजीत लकड़ा, डॉ राहुल देव उरांव, डॉ सोनिया टोप्पो, सहित लायन बनवारी लाल अग्रवाल, लायन विशाल कुमार, शशि किरण, अनुराधा प्रसाद लक्ष्मी आंनद, लायन मुरली मनोहर प्रसाद आदि लायंस उपस्थित थे।

# शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रह

- रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





रक्तदान करते लोग और प्रमाण पत्र लेते डालसा सचिव (इनसेट)।

**लोहरदगा।** नेशनल डॉक्टर्स डे' के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गनिर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच किया गया।

सिविल कोर्ट परिसर में स्थापित रक्तदान शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त दिया गया। जिसमें न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मी, पूलिस बल के जवान एवं पीएलवी शामिल रहे। रक्तदान करने वालों में डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त निखिल कुमार तिवारी, अनुप कुमार, संजीव कुमार, नीतू सिन्हा, अमित कुमार सिंह, अताउर रहमान, बिंदेश्वर भगत, प्रदीप ठाकुर, कमलेश नायक, धीरज कुमार सिंह, मिथुन कुमार वर्मा, स्वेता कच्छप शामिल थे।

**खास बातें :** रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सकों के देखरेख में किया गया। सदर अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ शंकर प्रसाद, डॉक्टर सोनल सोनी बरवार एवं ब्लड बैंक टेक्निशियन उमेश प्रसाद के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य सहायक उपस्थित थे। रक्तदान शिविर के दौरान लोगों ने अपने बीपी, शुगर आदि की भी जांच कराए एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिकित्सकों से परामर्श लिये। रक्तदान करने वालों में रक्तदान को लेकर उत्साह दिखा। रक्तदान के पश्चात रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहन के रूप सर्टिफिकेट, टोपी एवं चाबी रिंग का छल्ला दिया गया। जबकि त्वरित उर्जा स्फूर्ति के लिए एनर्जी ड्रिंक, केला एवं बिस्किट प्रदान किया गया। सिविल कोर्ट के निबंधक राज कल्याण ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किये। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पहल पर आज का रक्तदान शिविर लगाया गया था, जिसमें आशातीत सफलता मिली।

स्पीड न्यूज

## ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए शुक्रवार को चतरा जिले के दो लोगों की गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 1.505 किलोग्राम हेरोइन और 2.126 किलोग्राम ट्रामाडोल पाउडर बरामद किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चतरा निवासी धर्मेंद्र कुमार (26) और विशेश्वर यादव (40) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र कुमार और विशेश्वर यादव दिल्ली में अपने सहयोगियों को नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप देने गया था। जहां दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों को सफेद हुंडई क्रेटा में पकड़ा। कार से 1505 ग्राम अच्छी गुणवत्ता वाली हेरोइन और 2126 ग्राम ट्रामाडोल पाउडर बरामद किया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति-पत्नी घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्यपथ के चपरी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मार्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार चपरी निवासी दिनेश्वर साह भवनाथपुर टाउनशिप रोड स्थित तालाब के पास रहते है, वे आज सुबह पत्नी के साथ टहलने निकले थे कि चपरी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन धक्का मार वाहन फरार हो गया। राहगीर ने घायल बुजुर्ग दम्पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज लिए गढ़वा रेफर कर दिया।

## विद्युत कर्मी घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी सहायक विद्युत कर्मी सुरेन्द्र मेहता काम करने के दौरान बिजली के पोल से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीरावस्था में अन्य कर्मियों ने भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां पर तैनात चिकित्सक की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। गंभीरावस्था में सहायक कर्मी ने बताया कि बारिश के दौरान रात्रि में बिजली फल्ट हो गई थी, जिसे ठीक करने के लिए बुका गांव स्थित दोहर में पोल पर चढ़ा था कि अचानक से बारिश के कारण पोल में फिसलन होने के कारण फिसलकर गिर गया।

## स्टेट बैंक बरडीहा शाखा में मना बैंक दिवस

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा बरडीहा में 69वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने की। इस दौरान पदाधिकारियों ने एक दूसरे को चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा किया। मौके पर शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि भारतवर्ष में भारतीय स्टेट बैंक का एक जुलाई 1955 में शुरूआत किया गया था। जिसको लेकर एक जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में भारतीय स्टेट बैंक ग्राहकों के लिए एक विश्वासी बैंक है जो कई मायने में ग्राहकों को फायदा पहुंचती है। मौके पर फील्ड ऑफिसर मुकेश कुमार, सुब्रतो कुमार तिवारी, उपेंद्र चौबे, जितेंद्र बैठा, सुनील कुमार, अशोक कुमार, तेजवंत कुमार दुबे, अंकित कुमार, अंकुर दुबे सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## जल संरक्षण की 368 योजनाओं की स्वीकृति

**मेराल।** एक सप्ताह तक चलने वाला वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को बीडीओ एवं सीओ के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड तथा पंचायत मुख्यालय में पौारोपण कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बताया कि उपरोक्तकार्यक्रम के तहत प्रखंड तथा पंचायत मुख्यालय पर पंचायत प्रतिनिायों के साथ पौारोपण कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। वही इससे संबंधित प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में 368 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। जिनमें बिरसा हरित ग्राम योजना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कंपोस्ट, सूखा गड्ढा तथा वृक्षारोपण की योजनाएं शामिल हैं।

### मंत्री ने किया रमकंडा से जल संरक्षण महाअभियान का शुभारंभ

# पेयजल की समस्या वैश्विक समस्या है सभी मिलकर करें समाधान : मिथिलेश

### जल संरक्षण की 2500 योजनाओं की हुई शुरुआत, 650 एकड़ भूमि पर होगा पौधरोपण, परिसंपत्ति का किया वितरण



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री।



परिसंपत्ति का वितरण करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत चेटे पंचायत मुख्यालय में जनसंवाद एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसी पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, डीएफओ साउथ शशी कुमार, प्रखंड प्रमुख सुरजी देवी, बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा, मुखिया कामेश कोरवा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मंत्री ने चेटे पंचायत परिसर में पौधरोपण भी किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पेयजल की समस्या एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान यदि ससमय हम सभी मिलकर नहीं करते हैं तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो जाएगी। इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए पौधरोपण व जल संग्रहण अति आवश्यक है। उन्होंने इस समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गढ़वा डीसी को पत्र लिख कर बहुतायत संख्या में पौधरोपण के कार्य किये जाने की आवश्यकता बताया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पौधरोपण व जल संग्रहण जैसे कार्य से पेयजल की समस्या से न सिर्फ वर्तमान में निजात पाया जा सकता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अति महत्वपूर्ण है। आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान राशन, पेंशन, सड़क निर्माण, पुल निर्माण सहित अन्य समस्याओं को ग्रामीणों ने के समक्ष रखा। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने योग्य व्यक्ति जिन्हें सरकारी योजनाओं से आच्छादित नहीं किया गया है अथवा किसी कारणवश छूट गए हों, वैसे व्यक्तियों को तत्काल लाभान्वित करने का निर्देश संबंाित पदाधिकारियों को दिया। जबकि कुछ मामलों में आ रही है त्रुटि को तत्काल निष्पादित करते हुए समस्या का निदान करने का भी संबंाित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण जिला में जल संग्रहण की योजना सकपीट, वर्मी कम्पोस्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पंचायत भवन में पौधरोपण आदि के साथ-साथ बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण की योजना वृहत पैमाने पर प्रारम्भ किया जा रहा है। साथ ही नई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले के 142 पंचायत में 650 एकड़ भूमि में डिग्गिंग करके वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के जरिये ना सिर्फ वृक्षारोपण करना बल्कि जल संग्रहण के सभी उपाय भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्र, पीएचसी, सभी विद्यालय में भी पौधरोपण करने के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। डीसी ने आम लोगो से अपील करते हुए कहा कि सरकारी परिसर में लगाये गये पौधा को बचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। रंका एसडीओ राम नारायण सिंह ने भी विचार व्यक्त किया।

**3581 नई योजनाओं की मिली स्वीकृति :** इस कार्यक्रम के माध्यम से नई योजनाओं की स्वीति बिरसा हरित ग्राम योजना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कम्पोस्ट, सोखा गड्ढा एवं पौधरोपण आदि की कुल 3581 योजनाओं को जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए स्वीति दी गई। जिसमें बरडीहा प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कंपोस्ट, सोखा गड्ढा एवं वृक्षारोपण के अंतर्गत कुल 126 योजनाओं की स्वीति दी गई। जबकि बड़गड़ प्रखंड के लिए 60, भंडरिया के लिए 128, भवनाथपुर के लिए 276, विशुनपुरा के लिए 67, चिनिया के लिए 239, डंडा के लिए 30, डंडई के लिए 302, ुरकी के लिए 89, गढ़वा के लिए 374, कांडी के लिए 94, केतार के लिए 223, खरौंाी 109, मझिआंव 354, मेराल 368, नगर उंटारी 107, रमकंडा 209, रमना 87, रंका 262 तथा सगमा प्रखंड के लिए 77 योजनाओं की स्वीति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त जल संचयन की विभिन्न योजना के तहत लगभग 2500 योजनाओ की शुरुआत की गई। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं से संबंाित रमकंडा प्रखंड के विभिन्न गांव गोबरदाहा, बलीगढ़, हरहे, सुली, दाहो, सबाने, बरवा, नावाडीह, मंगराही, रमकंडा, पटसर, शिशवा एवं चेटे आदि के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर मुख्य रूप से उक्त सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी, कर्मी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, रेखा चौबे सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जल संरक्षण कर आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य की सौगात दें

**गढ़वा।** गढ़वा जिला में भूगर्भ जल स्तर में लगातार हो रही कमी से संपूर्ण जिला पेयजल की भीषण संकट से जूझ रहा है। जिले में जल संकट की समस्या के निदान के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बड़ी पहल की है। मंत्री श्री ठाकुर ने शनिवार को रमकंडा प्रखंड के चेटे पंचायत से जल संरक्षण महा अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि जल है तो कल है। जल के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज से जल संरक्षण महा अभियान की शुरुआत की गई है। इस महा अभियान में गढ़वा जिला सहित संपूर्ण राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी बहुत जरूरी है। जल संरक्षण जैसे महा अभियान की सफलता सिर्फ सरकारी विभागों, कर्मियों एवं अधिकारियों के भरोसे संभव नहीं है। जल संरक्षण महा अभियान को सफल बनाने एवं अपने तथा आने वाली पीढ़ी की बेहतर भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक है। मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग कम से कम एक एक पौधा लगाकर संरक्षित करें। साथ ही प्रत्येक घर के समीप सोखता का निर्माण अवश्य करें। तभी भूगर्भ जल संरक्षण संभव हो पाएगा।

उन्होंने कहा कि आज संपूर्ण गढ़वा एवं पलामू जिला में पेयजल की भीषण संकट उत्पन्न हो गई है। यदि अब भी लोग नहीं सचेत हुए तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य बहुत ही भयावह होगा। बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए जल संरक्षण महा अभियान में सबकी सहभागिता बहुत ही जरूरी है।



पौधरोपण करते मंत्री मिथिलेश।

## राजद के स्थापना दिवस मनाने को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के समीप सांस्कृतिक भवन में शनिवार को राजद ने बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष तसौवर खान (गुड्डू) व संचालन बलराम यादव ने किया। वहीं राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव व युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सहनुर खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं श्री यादव ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा को एक सूत्र में बांधने के लिए पार्टी को मजबूत करने व राजद का स्थापना दिवस बरकट्ठा विधानसभा के सूर्यकुंड धाम में मानने के लिए और बाबा भीमराव अंबेडकर की निर्माण संविधान को देश में क्षति पहुंचाई जा रही है, उस पर भी परिचर्चा किया जाएगा। वहीं जयनगर अंचल में अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ पदाधिकारी का भी मन बढ़ा हुआ है, जिसमें दो कर्मचारी भ्रष्टाचार को चरम सीमा पर पहुंचाने का काम किए और जनता को परेशान करने का काम कर रहे थे, जिसे लेकर विगत दिनों पहले मुख्यमंत्री एवं दिशा की बैठक में शिकायत किया गया, जिसकी असर हुआ और दोनों को हटा दिया गया मगर फिर भी अंचल में सुधार नहीं आया तो सभी के सहयोग से एक धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं सरकार को भी इससे अवगत कराया जाएगा। वहीं उन्होने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल पार्टी सामाजिक न्याय की पार्टी है। वहीं उन्होने बरकट्ठा विधानसभा वासियों से भरी संख्या में स्थापना दिवस पर 5 जुलाई को सूर्यकुंड धाम पहुंचने की अपील की। वहीं राजद प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शाहनूर आलम, प्रदेश युवा सचिव इंद्रदेव यादव, प्रदेश सचिव मुमताज आलम शिव शंकर वर्णवाल ने भी बैठक को संबोधित किया। मौके पर सोनू कुमार, विनय कुमार, शिव शंकर कुमार, शाहबाज खान, प्रभात कुमार, आबिद आदि मौजूद थे।

## कार्यशाला सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** आईआरआरआई फिलीपींस के भारतीय इकाई वाराणसी के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा परिसर में धान के तीन कार्य योजनाओं की शुरूआत की गई। केंद्र के प्रधान डॉ अशोक कुमार एवं वाराणसी इकाई के वैज्ञानिक डॉ सर्वेश शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बीज एवं कीटनाषन का भी वितरण किया गया। इस योजना के तहत मयम जमीन पर धान की सीधी बुवाई के लिए आठ प्रभेदों तथा रोपाई के लिए सात प्रभेदों का वितरण किया गया। साथ ही पांच मिनी कीट का भी वितरण किया गया।

## जिले में क्रियान्वित सभी योजनाओं को ससमय करें पूरा: उपायुक्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने बैठक कर जिले में सभी क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ले कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले ने क्रियान्वित सभी योजनाओं की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कृषि ऋण माफी योजना, फसल राहत योजना और सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों को ससमय सत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, झारखंड पंचायती स्तरीय दवा दुकान योजना समेत अन्य योजनाओं में किये जा रहे कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला में सभी पंचायत भवनों को क्रियाशील अवस्था मे रखने का भी निर्देश दिया। विनय भारती पार्क के रख रखाव के असंतोषजनक स्तिथि पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए उपायुक्त ने पार्क में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। मुख्य मार्गों व चौकों में बढ़ते अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तुरंत इसके निराकरण का निर्देश दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुर्नवास और उत्थान के लिए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उनको व उनके परिवारों को नियमानुसार सरकारी योजनाओं और पुर्नवास नीतियों से लाभान्वित किया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा पदाधिकारी बिपिन दुबे, सिविल सर्जन डा0 श्याम नन्दन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार राय समेत अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे।

## उपायुक्त और डीएफओ ने सिमरकुंडी बंदरचौकवा व शेरसिंघा का किया दौरा

**पौधरोपण, टीसीबी, फील्ड बंड आदि का निर्माण कर जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए किया गया प्रेरित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उपायुक्त आदित्य रंजन स्वयं गांव-गांव घूमकर ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे हैं, ताकि ग्रामीण केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका के स्त्रोत बढ़ाये और स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बने। इसी कड़ी में शनिवार को उपायुक्त आदित्य रंजन एवं डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत सिमरकुंडी व बन्दरचौकवा एवं डोमचांच प्रखंड अंतर्गत शेरसिंघा ग्राम का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा, उन सभी योजनाओं का लाभ लें। साथ ही उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें। पौधरोपण, टीसीबी, फील्ड बंड आदि का निर्माण कर जल संरक्षण के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त व डीएफओ ने डोमचांच प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर ग्राम का भ्रमण किया एवं गांव में वन रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। वहीं उपायुक्त ने ग्रामीणों को वन एवं वन्य जीव जंतुओं की रक्षा के लिए प्रेरित किया और ग्रामीणों ने शपथ लेते हुए यह घोषणा किया कि आज से जंगल बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। उपायुक्त ने वन रक्षा बंधन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के संकल्प के बाद निश्चित तौर पर इन जंगलों को सुरक्षित और संरक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और अपने गांव को सुरक्षित पर्यावरण युक्त और ऑक्सीजन युक्त गांव बनाएं। वहीं डीएफओ ने कहा कि वन्य प्राणियों के साथ-साथ वनों की सुरक्षा के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम काफी अहम साबित हो रहा है। वन सुरक्षित रहेगा तो पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, बीडीओ, वन क्षेत्र पदाधिकारी, संबंधित पीएमयू सदस्य, अनुज आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## वनकर्मी ने वृद्ध से करायी उठक-बैठक, जांच का दिया गया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उतरी वन प्रमंडल अंतर्गत प्रतापपुर में वनकर्मियों द्वारा वृद्ध को उठक-बैठक कराने का मामला तूल पकड़ रहा है।

वनकर्मियों के गैर जिम्मेदाराना करतूत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कानून व्यवस्था व कार्यशैली पर सवाल उठाया है। साथ ही उन्होंने गरीबों पर कार्रवाई के नाम पर जुल्म ढाने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने वीडियो ट्वीट कर लिखा शर्मनाक। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर डीसी को मामले की जांच करते हुए रिपोर्ट देने को कहा है। इससे पहले डीएफओ राहुल मीणा ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के बारे में कहा कि मामला उतना बड़ा नहीं है जितना बनाया जा रहा। बताते चलें कि एक वृद्ध जलावन के लिए लकड़ियां लेकर जा रहे थे। जिन्हें वनकर्मियों ने रोककर उठक-बैठक कराई।

## 25 किसान दीदी के बीच मडुआ किट का वितरण किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर में स्थित सिंगल विंडो में शनिवार को 25 किसान दीदी के बीच मडुआ बीज किट का वितरण किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, जेएसएलपीएस एफटीसी अनिल प्रजापति, एटीएम दीनदयाल कुमार, बीटीएम अमरेंद्र कुमार पांडेय व सुमन कुमारी उपस्थित थे। किट लेने वाले किसानों को खरीफ फसल में बढ़ावा मडुआ की खेती लगाने के लिए विस्तृत जानकारियां पदाधिकारियों ने किसान दीदी लोगों को दीं।

मडुआ किट लेने वाले किसान किरण देवी रेखा देवी मंजू देवी एवं प्रखंड के दर्जनों किसान दीदी उपस्थित थे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की फरियाद, निष्पादन का दिया आदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा पदाधिकारी बिपिन दुबे, सिविल सर्जन डॉ श्याम नन्दन सिंह समेत सभी अन्य जिला पदाधिकारी मौजूद थे तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से पंचायत भवन सम्बन्धित, सड़क निर्माण, भूमि विवाद, आवास, मानदेय, पेयजल सम्बन्धित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों व सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को लंबित अवेदनों के निष्पादन शत प्रतिशत करने तथा सभी प्राप्त मामलों को अपने अपने स्तर से तत्वरित रूप निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## 210 लीटर अवैध देसी शराब के साथ चार गिरफ्तार, चोरी के 6 मोटरसाइकिल जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अवैध शराब के विरुद्ध चतरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 6 मोटरसाइकिल के साथ 4 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी झारखंड बिहार सीमा स्थित हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा गांव के समीप से की गई है। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि हंटरगंज थाना क्षेत्र में लगातार सूचना मिल रही थी कि झारखंड बिहार सीमावर्ती क्षेत्र हंटरगंज थानान्तर्गत ग्राम जबडा में अवैध महुआ देशी शराब निर्मित कर चोरी के मोटरसाईकिल से बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आश्यक कार्रवाई हुए छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में ग्राम खजुरिया स्थित करैली बार आहर के पास चार व्यक्तियों को छः मोटरसाईकिल पर लोड करीब 210 लीटर अवैध महुआ शराब सहित पकड़ा गया। जिससे पूछताछ के क्रम में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि जबड़ा से अवैध महुआ शराब निर्मित कर करैली बार आहर के पास लाया जाता है जहां से बिहार से आकर अवैध महुआ शराब को चोरी के मोटरसाइकिल पर लेकर बिहार जाते है। छापामारी कर सभी को पकड़ा गया है। इस संदर्भ हंटरगंज थाना कांड सं0 129/23 दर्ज किया गया है। वहीं अवैध महुआ देशी शराब में कारोबार करने वाले नामजद फरार चल रहे लोगों के विरुद्ध लगातर छापामारी किया जा रहा है।

# बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ बिहार, बाढ़ एनटीपीसी की चौथी यूनिट का ट्रायल सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल में स्थित बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की वर्तमान में 660 मेगावाट की 3 इकाइयों के माध्यम से कुल 1980 मेगावाट का वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन हो रहा है। बिहार को इस संयंत्र से अभी 1526 मेगावाट बिजली मिल रहा है। अब एनटीपीसी के प्लांट से 660 मेगावाट की चौथी इकाई ने भी सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है। इसके बाद अब बिहार को बाजार से बिजली लेने की आवश्यकता नहीं होगी। एनटीपीसी के प्रवक्ता विश्वनाथ चंदन ने बताया कि, बाढ़ स्टेज- क की इस दूसरी यूनिट से उत्पादित बिजली का 58% हिस्सा यानी 383 मेगावाट बिहार को मिलेगा, शेष झारखंड, ओडिशा और सिक्किम को आवंटित किया जाएगा। बाढ़ प्लांट की 660 मेगावाट पर्यावरण अनुकूल सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी आधारित यह चौथी इकाई है, जो आज सफल फुल लोड-ट्रायल ऑपरेशन (टीओ) के बाद इसकी जरूरी कमीशनिंग गतिविधियां पूरी की जा चुकी है। बाढ़ प्लांट के स्टेज ककी इस दूसरी यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू होने के साथ, बिहार राज्य की बिजली क्षमता में 383 मेगावाट की वृद्धि होगी। अर्थात बाढ़ संयंत्र से बिहार को कुल बिजली आवंटन भी 1526 मेगावाट से बढ़कर 1909 मेगावाट तक पहुंच जाएगा। विश्वनाथ चंदन ने आगे बताया कि, एनटीपीसी से बिहार के 6 उत्पादन संयंत्रों सहित एनटीपीसी से बिहार का वर्तमान बिजली आवंटन भी 6560 मेगावाट से बढ़कर 6943 मेगावाट पहुंच जाएगा। बता दें कि बिहार की अधिकतम आवश्यक बिजली खपत 6700 मेगावाट है। बाढ़ स्टेज क की दूसरी इकाई के फुल लोड ट्रायल-रन ऑपरेशन की सफलता पर, एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), डीएसजीएसएस बाबजी ने कहा कि टीम बाढ़ के पेशेवर और कैलिब्रेटेड प्रयासों के कारण ही स्टेज 1 की दूसरी इकाई का सफल ट्रायल-ऑपरेशन संभव हो पाया है, इस उपलब्धि के लिए टीम बाढ़ को ढेर सारी बधाई। बाबजी ने आगे बताया कि, वर्तमान में एनटीपीसी की बिहार राज्य में लगभग 80 हजार करोड़ की निवेश के साथ कुल 6 परियोजनाओं में 9070 मेगावाट (मेगावाट) की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता है, जबकि 660 मेगावाट की क्षमता निमार्णाधीन है। बाढ़ परियोजना के कार्यकारी निदेशक, असित दत्ता ने बाढ़ टीम को बधाई दी।

## स्पीड न्यूज

### आज सुबह साढ़े चार घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**चक्रधरपुर।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चक्रधरपुर अंतर्गत 11 पावर सब स्टेशन में दो जुलाई को लगभग साढ़े चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह 5:30 बजे से लेकर सुबह 10 बजे दिन तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगा।

### वज्रपात से महिला की मौत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झरनाकुंड के समीप शुक्रवार की शाम हुई बारिश के दौरान वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। वहीं मृतका की पहचान 64 वर्षीय गौरी देवी इंदरवा बस्ती निवासी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### कर्ज के नाम पर सवा दो लाख की ठगी

**कोडरमा।** दूधीमाटी में ननबैंकिंग कंपनी के रूप में कार्यरत क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार महतो ने शाखा के पूर्व मैनेजर बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चकाई थाने के अंबटाड़ निवासी सुरेंद्र कुमार तुरी पर महिला समूहों को कर्ज देने के नाम पर ठगी व धोखाधड़ी कर 2 लाख 24 हजार 59 रुपए का गबन कर लिए जाने को लेकर मामला दर्ज कराया है। मामले में शाखा प्रबंधक ने कहा है कि उनकी कंपनी पिछले कई सालों से जिले में महिला समूहों को लघु ऋण देती आ रही है। शाखा के पूर्व मैनेजर सुरेंद्र कुमार तुरी को कुछ दिन पूर्व धनबाद की पुलिस वहां महिला समूहों को ऋण देने के नाम पर की गई जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार कर ले गई।

### कस्तूरबा विद्यालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पहरीडीह में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को नवनामांकित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप में प्रमुख अंजू देवी व बीपीओ उपस्थित हुए। वहीं वार्डन सुनीता कुमारी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कस्तूरबा आवासीय विद्यालय को सीबीएसई मान्यता प्राप्त हुई नए छात्राओं को स्कूल ड्रेस, किताब व कॉपी वितरण कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमुख ने छात्राओं से परिचय लिया तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। वहीं उन्होंने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### जैन मुनि का भक्तों ने किया भव्य स्वागत

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया धर्म नगरी में जैन संत मुनि श्री 108 सुयस सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ, जिसे लेकर भक्तों में उत्साह देखने को मिला। वहीं जैन समाज की हजारों महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी केसरिया, श्वेत और पारंपरिक परिधान में गुरुदेव की अगवानी के लिए पहुंचे। इस मौके पर शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान ललपनिया ताशा पार्टी, बैंड बाजा, महिलाओं की कलश यात्रा, भक्तजन जैन धर्म का ध्वज और जैन धर्म के जयकारों के साथ पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

### मझिआंव में नवजात मृत बच्ची को सड़क किनारे फेंका

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बोदरा पंचायत के कामत मोड़ के समीप किसी ने मानवता को शर्मसार करते हुए गर्भ में पल रही नवजात मृत बच्ची को सड़क किनारे फेंक दिया। इधर नवजात मृत बच्ची का शव देखने के लिए आस पास पुरुष, महिला एवं बच्चों की भीड़ जुट गई। वहीं देखने वालों ने बताया कि यह गर्भ में पल रही नवजात मृत बच्ची को किसने फेंका वो किसी ने नहीं देखा है, किसी के द्वारा रात्रि में फेंक दिया है। लेकिन यह मृत नवजात बच्ची है जो गर्भ में पल रही कम से कम पांच से छह माह की होगी। नवजात बच्ची का शव देखने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिसने भी यह काम किया है वो मानावता की शर्मसार करने वाली घटना का अंजाम दिया है।

# बिजली के करंट से बोकारो के प्राइवेट इलेक्ट्रिशियन की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज हँसडीहा में शनिवार को विद्युत कार्य के दौरान लापरवाही की वजह कार्य कर रहे प्राइवेट इलेक्ट्रीशियन सुमंत महतो (27) पिता लालमोहन महतो की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बोकारो जिला के कसमार थाना क्षेत्र के खुदीबेरा गांव निवासी है। जानकारी के अनुसार सुमंत महतो अपने अन्य दो साथियो के साथ पिछले कई दिनों से बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी राँची से कॉन्टेक्ट पर कार्य लेकर हँसडीहा स्थित डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज में बिजली उपकरणों की रिपेरिंग का कार्य कर रहा था।

# चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव ने किया सतगावां प्रखंड का दौरा

## पीड़ित परिवार से मिलकर किया शोक प्रकट व बंधाया ढांढस

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** राजद के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव शनिवार को प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम अम्वाबाद पंचायत के अंगार मदरसा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्या से अवगत हुए तथा हरसंभव समस्या का निदान करने का आश्वासन दिये। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राजद गरीब-गुरबों की पार्टी है। आज पूरे देश की स्थिति भयावह है, मंहगाई चरम सीमा है, वादाखिलाफी पार्टियों से आज लोगों को बचने की जरूरत है, साथ ही कार्यकर्ताओं से पार्टी की मजबूती को लेकर संगठन पर विशेष रूप से चर्चा की।

# एसकेएमयू बिजली उपलब्धता के मामले में होगा आत्मनिर्भर

## सौर ऊर्जा इस्तेमाल से लाखों को होगी बचत




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय बिजली के मामले में बहुत जल्दी आत्मनिर्भर बनाने जा रहा है। इस बाबत विश्वविद्यालय परिसर में कुल 460 केवीए सौर ऊर्जा उत्पादन शुरू हो चुका है। जबकि 200 केवीए सौर ऊर्जा का उत्पादन के लिए कार्य लगभग अंतिम चरण में हैं। विश्वविद्यालय में कुल 660 केवीए सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए परिसर में स्थित विभिन्न भवनों के छतों पर सौर पैनल लगायें गये है। जिसमें से 560 केवीए ऑफ ग्रिड और 100 केवीए ऑन ग्रिड प्रकार के सौर पैनल लगायें गये है। वर्तमान में विश्वविद्यालय प्रशासन को बिजली उपभोग के लिए लगभग 1.5 लाख बिजली बिल का भुगतान बिजली विभाग को करना पड़ता हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस प्रयास से बिजली बिल अब घटकर 5-10 हजार हो जाने की संभावना है। शेष भवनों का सौर पैनल से उत्पादन शुरू होते ही इसे शून्य में तब्दील की जाने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ विजय कुमार की माने तो विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों पर लगे सौर पैनल से 660 केवीए सौर ऊर्जा उत्पादित होंगें। जिसमें से वर्तमान में विभिन्न भवनों में लगे लगे सौर पैनल से कुल 460 केवीए सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू हो चुका है। जिससें विश्विद्यालय का अकादमिक भवन, प्रसाशनिक भवन-1 और 2, कुलपति आवास एवं कॉमर्स भवन पूरी तरह से बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन चुकें है। उन्होंने कहा बहुत जल्दी शेष भवनों में लगे सौर पैनल से कुल 200 केवीए और सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू हो जायेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस पहल से ना सिर्फ विश्वविद्यालय को आर्थिक बचत होगी। बल्कि यह कदम पर्यावरण के संरक्षण के दृष्टिकोण से भी इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होगी।

## विश्वविद्यालय परिसर में लगाये जायेंगे स्ट्रीट लाइट



विश्वविद्यालय के दिग्घी परिसर में सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू होने के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन पूरा कैंपस में स्ट्रीट लाइट लगाने की तैयारी में जुट गई है। बहुत ही जल्दी विश्वविद्यालय परिसर के सभी सडकों के किनारे स्ट्रीट लाइट लगवाया जायेगा। जिसका संचालन परिसर में लगे सौर पैनल से किया जाएगा।

**वर्षा जल संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय परिसर में कराया जायेगा जलाशय का निर्माण :** एसकेएमयू कुलपति प्रो. डॉ. विमल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन की एक टीम ने परिसर में स्थित अकादमिक भवन के पीछे चिह्नित जलाशय निर्माण के लिए स्थल को निरीक्षण करने शनिवार को पहुंची। निरीक्षण के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति ने जल्द जलाशय निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लिया। पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया हैं।

जलाशय का निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण करने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह के अतिरिक्त कुलसचिव डॉ संजीव कुमार सिन्हा, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार एवं निरंजन मंडल आदि पहुँचें। विश्वविद्यालय का इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. सिंह ने कहा अकादमिक भवन में 460 केवीए सौर ऊर्जा के उत्पादन से अभी हमारा विश्वविद्यालय आंशिक तौर पर बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बना हैं।

कुछ ही महीनों में हम पूरी तरीके से आत्मनिर्भर बन जायेंगे। उन्होंने कहा जल्दी विश्वविद्यालय परिसर में स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बोले विश्वविद्यालय परिसर में वर्षा जल संरक्षण के लिए एक जलाशय का निर्माण कराया जायेगा।

जिसके लिए जगह चिह्नित कर लिया गया है। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने इसे पर्यावरण संरक्षण के दिशा में विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि अभी तो आंशिक रूप से विश्वविद्यालय बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बना है। जल्दी हमारा विश्वविद्यालय का पूरा परिसर सौर ऊर्जा से पूर्णतः आत्मनिर्भर बनेगा।

# सैक्रेड हार्ट स्कूल में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सेक्रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल में सत्र 2023-2024 की साल की शिक्षक एवं शिक्षिकाओं और अभिभावकों की पहली संगोष्ठी संपन्न हुई। अभिभावकों और शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य को और कैसे सफलता की ओर ले जाएं, इस पर कई सुझाव आए। विद्यार्थियों को मानसिक, वैचारिक और बौद्धिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने की भी पहल की गई` अध्ययन में विद्यार्थियों की रूचि को लेकर अभिभावकों में काफी जोश देखा गया और उस पर बेहतर सुविचार अमल करने का अनुरोध किया गया। अभिभावक और शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा ऐसे विचार के साथ सकारात्मक रूप से संगोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में अभिभावकगण बहुत ही अति उत्साह के साथ इस संगोष्ठी में शामिल हुए। इस तरह की संगोष्ठी से विद्यालय और विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल होता है और वे सफलता के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते जाते हैं। गोष्ठी में प्रधानाध्यापिका अंजलिना फर्नांडो समेत काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# वार्डन का मनमाना रवैया, स्कूल पहुंची छात्रा को इंट्री देने से किया मना

## बीडीओ के हस्तक्षेप के बाद छात्रा को स्कूल के अंदर जाने दिया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय में वार्डन के द्वारा 12वीं की एक छात्रा को विद्यालय में इंट्री देने से इंकार किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद छात्रा घंटो तक स्कूल के बाहर धूप में खड़ी रही। छात्रा का कसूर सिर्फ इतना है कि वह गर्मी छुट्टी के बाद विद्यालय खुलने के 23 दिन के बाद विद्यालय पहुंची थी।

वहीं छात्रा शिवानी कुमारी ने बताया की वह 12वीं कक्षा की छात्रा है। वह सुदूरवर्ती पंचायतघ डगरनवां के परसाबाद की रहने वाली है और अत्यंत ही गरीब परिवार से आती है। उसने बताया कि गर्मी छुट्टी में जब वह अपने घर गई हुई थी इसी दौरान उसके दादा का देहांत हो गया, फिर उसकी मां की तबियत ज्यादा खराब हो गई। घर में कोई सदस्य नहीं रहने के कारण वही अपनी मां की देखभाल कर रही थी।घ इसकी वजह से वह समय से विद्यालय नहींघ आ सकी। 29 जून को जब वो अपने विद्यालय पहुंची तो विद्यालय की वार्डन नेघ उसे विद्यालय में इंट्री देने से मना कर दिया। जिससे उसे वापस अपने घर लौटना पड़ा। छात्रा ने बताया की उसके घर से मुख्य मार्ग तक आने ले लिए छह किलोमीटर की दूरी जंगल के रास्ते पैदल आना पड़ता है।

दूसरे दिन भी जब वो विद्यालय पहुंची तो भी विद्यालय की वार्डन ने छात्रा को विद्यालय में इंट्री देने से मना कर दिया। इससे निराश छात्रा ने इसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविन्द यादव को दिया। जिसके बाद इसकी जानकारी बीडीओ पप्पू रजक को मिली, तत्पश्चात् बीडीओ के हस्तक्षेप केघ बाद छात्रा को विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। इस संबंध में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविन्द यादव ने बताया की विद्यालय की वार्डन मनमानेघ तरीके से विद्यालय का संचालन करती है। वहीं विद्यालय की वार्डन उषा तोपनो ने बताया की छात्रा पिछले तीन हफ्ते से विद्यालय नहीं आ रही थी, इसीलिए उसे विद्यालय में आने नहीं दिया जा रहा था।

## एक नजर में

### एसपी कॉलेज, इग्नू अध्ययन केंद्र में नामांकन की विस्तारित तिथि निर्धारित

**दुमका।** इग्नू अध्ययन केंद्र, एसपी कॉलेज में जुलाई सत्र 2023 के लिए फ्रेश नामांकन और रीरजिस्ट्रेशन की नामांकन तिथि 15 जुलाई तक विस्तारित की गई है। इसकी जानकारी केंद्र समन्वयक सुनील बेसरा ने दी। उन्होंने बताया कि इग्नू में नामांकन लेने के इच्छुक छात्रों के लिए एक सुखद अवसर है कि वे अपना ऑनलाइन नामांकन 15 जुलाई तक अवश्य करा लें। इग्नू कीअध्ययन सामग्री उत्कृष्ट है। विभिन्न परीक्षाओं के अनुकूल है। कुछ कोर्स में इसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति ट्रांसजेंडर के लिए शिक्षण शुल्क में छूट भी है। इसकी एक विशेषता और है कि यूजीसी नियमावली के तहत कोई शिक्षार्थी एक साथ दो प्रोग्राम कर सकते हैं। जिसमें एक रेगुलर मोड में हो और एक ऑनलाइन मोड में हो यानी एक नियमित विश्वविद्यालय से और एक ऑनलाइन मोड में इग्नू जैसे फोरम से अपना अध्ययन कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र के सहायक समन्वयक अमन राज प्रतिभा टुडू आदि के साथ हुई संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया।

### मझिआंव बीडीओ को मिला बरडीहा प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार

**मझिआंव।** झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक विभाग के निर्देशानुसार मझिआंव प्रखंड विकास पदाकािरी नितेश भास्कर को बरडीहा प्रखंड के प्रखंड सह अंचल का अतिरिक्त प्रभार उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार दिया गया है। पत्र के आलोक में पहले प्रतिनियुक्त प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी के रूप में अशोक कुमार भारती थे, जिन्हें श्रावणी मेला में दंडाकािरी प्रतिनियुक्त कर देवघर भेजा गया है। जिसे एक जुलाई शनिवार को मझिआंव प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर के द्वारा बरडीहा प्रखंड सह अंचल में अतिरिक्त प्रभार लेते हुए योगदान दिया। बीडीओ श्री भास्कर बरडीहा प्रखंड में 12वें बीडीओ के रूप में योगदान दिया। बरडीहा को 2008 मे प्रखंड का दर्जा मिला था। योगदान के बाद बीडीओ श्री भास्कर के द्वारा प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मचारियों, पदाकािरियों के साथ परिचय प्राप्त किया। इसके बाद प्रखंड एवं अंचल के अलग-अलग कर्मचारियों पदाकािरियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कई दिशा निर्देश देते हुए सभी कर्मचारियों एवं पदाकािरियों को हर हाल में विकास कार्य को हकीकत में जमीनी स्तर पर उतारने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि प्रखंड सह अंचल में दूरदराज से आए हुए ग्रामीणों का कार्य सुगमता फोन करें अन्यथा शिकायत मिलने पर संबंिात कर्मचारी पदाधिकारियों को बक्सा नहीं जाएगा। इसके बाद प्रखंड परिसर में फलदार वृक्ष आम सहित अन्य पौधों का पौधरोपण किया। मौके पर प्रधान सहायक राकेश कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, प्रखंड नाजिर सुरेश कुमार, मनरेगा कनीय अभियंता राकेश रंजन, पंचायत सचिव ललन बैठा, बीपीओ, श्यामा कांत विश्वकर्मा, सीआई राजकुमार साहू सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### एनीमिया से आदिवासी परिवारों...

उनकी गारंटी में छिपे खोट को पहचान लीजिए। झूठी गारंटी के नाम पर उनके धोखे के खेल को भांप लीजिए। ज्ञात हो कि जबलपुर में बीते दिनों प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरूआत मध्य प्रदेश में की थी जहां कांग्रेस ने पांच योजनाओं की गारंटी दी थी। **70 साल में गारंटी नहीं दे सके :** मोदी ने कहा कि वह 70 साल में गरीब को महंगे इलाज से छुटकारा देने की गारंटी नहीं दे सके, लेकिन हमने स्वास्थ्य की गारंटी दी है। वह 70 साल में धुएं से छुटकारा दिलाने की गारंटी नहीं दे सके लेकिन हमने उज्वला योजना से 10 करोड़ महिलाओं को धुआं से मुक्त किया है। वह 70 साल में गरीब को पैरों पर खड़े होने की गारंटी नहीं दे सके हमने मुद्रा योजना से साढ़े आठ करोड़ को स्वरोजगार की गारंटी दी है उनकी गारंटी का मतलब है कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। **यह बीमारी अनुवांशिक है :** पीएम ने कहा, यह बीमारी परिवारों को बिखेर देती है। यह बीमारी ऐसी है जो माता-पिता से ही बच्चे में आती है। यह अनुवांशिक है और इस बीमारी के साथ जो बच्चे जन्म लेते हैं वह पूरी जिंदगी रोगों से जूझते रहते हैं। साथियों पूरी दुनिया में सिकल सेल एनीमिया के जितने मामले होते हैं उनमें से आधे यानी 50% अकेले हमारे देश में होते हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है पिछले 70 सालों में कभी इसकी चिंता नहीं हुई, इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया। इससे प्रभावित लोग आदिवासी समाज के थे। आदिवासी समाज के प्रति बेरुखी के चलते पहले की सरकारों के लिए यह कोई मुद्दा ही नहीं था, लेकिन आदिवासी समाज की हर चुनौती को हल करने का बीड़ा भाजपा की सरकार ने हमारी सरकार ने उठाया है। **हमारे लिए आदिवासी समाज आंकड़ा नहीं है :** पीएम ने कहा, यह हमारे लिए संवेदनशीलता का विषय है, भावनात्मक विषय है। पीएम बनने के बाद जापान यात्रा में वहां नोबेल पुरस्कार जीतने वाले एक विज्ञानी से मुलाकात की। मुझे पता चला था कि वे सिकलसेल बीमारी पर बहुत रिसर्च की है। मैंने भी सिकल सेल एनीमिया के इलाज में मदद मांगी। सिकल सेल मरीजों के लिए खून की जरूरत होती है इसलिए ब्लड बैंक को ले जा रहे हैं। बोन मेरो ट्रांसप्लांट इकाई खोली जा रही हैं। उन्होंने समुदाय के लोगों से अनुरोध किया कि वे सभी इसके लिए कार्ड बनवाएं और ये कार्ड मिला कर ही बच्चों की शादी कराएं। समाज आगे आए सिकल सेल से मुक्ति मिलेगी। आयुष्मान भारत योजना से देश के तमाम अस्पतालों में करीब 5 करोड़ गरीबों का इलाज हो चुका है।

### रांची से कोलकाता तक...

**सभी दस्तावेजों जाली पाये गये :** कोलकाता रजिस्ट्रार ने 36 भूमि के दस्तावेजों की वास्तविकता की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने जांच के बाद सभी दस्तावेजों को जाली पाया है। इडी ने रांची में करोड़ों रुपये से ज्यादा के लैंड स्कैम में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। लैंड स्कैम की अब तक की जांच में इडी शहर के चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल और झारखंड हाईकोर्ट के वकील हिमांशु मेहता से भी पूछताछ कर चुकी है।

### श्रावणी मेला : झारखंड-बिहार...

इसके लिए कांवरिया मार्ग में पड़ने वाले सभी जिलों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। श्रद्धालु सुगमतापूर्वक जलार्पण कर पायें और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। श्रावणी मेला के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु देवघर व दुमका आते हैं। ऐसे मे श्रद्धालुओं को व्यवस्थित व सुगमतापूर्वक से जलार्पण कराना प्रशासन के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में कई होल्डिंग प्वाइंट बनाये गये हैं। वहां सभी सुविधाएं रहेंगी। पूर्व की तरह गर्मी को देखते हुए पेजयल व श्रद्धालुओं के आवासन की बेहतर भी व्यवस्था की जायेगी। आधुनिक सूचना तकनीकी व्हाट्सएप्प में अधिक से अधिक दोनों राज्यों के अधिकारियों को जोड़ा जायेगा, ताकि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जा सके। हॉटलाइन से चौबीसों घंटे दोनों राज्यों के आलाधिकारी जुड़े रहेंगे। इसके अलावा सीमावर्ती इलाकों में वायरलेस सिस्टम को और भी दुरूस्त किया जायेगा और वायरलेस की फ्रिक्वेंसी भी इन इलाकों में बढ़ाई जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान व भीड़ नियंत्रण के लिए भागलपुर, बांका के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य किया जायेगा, ताकि उसके माध्यम से कांवरिया मार्ग के पल-पल की जानकारी का आदान-प्रदान होता रहे। बाहर से आने वाले छोटे बच्चे व बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उनके साथ फोन नम्बर या उनका पता उनके साथ हो यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करने की बात कही, ताकि प्रशासन को ऐसे खोये हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने में सुविधा हो।

स्पीड न्यूज

# फ्रांस : मॉल और बैंकों में लूट, 900 से अधिक उपद्रवी गिरफ्तार

### वन सेवा परीक्षा में 147 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शनिवार को कहा कि भारतीय वन सेवा परीक्षा 2022 में 147 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इसने कहा कि इनमें से 39 सामान्य वर्ग से, 21 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), 54 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 22 अनुसूचित जाति (एससी) और 11 अनुसूचित जनजाति (एसटी) से हैं। भारतीय वन सेवा के 150 पदों को भरने के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी।

### पाकिस्तान में छह आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दो जिलों में सेना ने आतंकियों के खिलाफ छापामारी की। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक एवं उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में सेना ने छह आतंकियों को मार गिराया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किये गए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लगातार अशांत स्थिति में है। वहां आए दिन आतंकी गतिविधियों का सामना सेना को करना पड़ता है।

### चंद्रशेखर पर हमला करने वाले चार धराये

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में पिछले दिनों भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला करने वाले चार अभियुक्तों को हरियाणा के अंबाला से गिरफ्तार किया गया है। चारों अभियुक्त अंबाला की अदालत में सरेंडर करने की फिराक में थे। सादी में वर्दी में तैनात सहारनपुर के पुलिसकर्मियों ने चारों को अदालत परिसर से ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीन युवक देवबंद क्षेत्र के गांव रणखंडी के रहने वाले लविश, आकाश और पोपट हैं। चौथा हरियाणा के करनाल के गोंदर का निवासी है।

### पाकिस्तान की जेलों में 308 भारतीय कैदी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने शनिवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपनी जेलों में बंद 42 आम नागरिकों और 266 मछुआरों समेत कुल 308 भारतीय कैदियों की सूची यहां भारतीय उच्चायोग को सौंपी। विदेश कार्यालय के एक बयान में कहा गया कि यह कदम दोनों देशों के बीच राजनयिक पहुंच को लेकर हुए वर्ष 2008 के समझौते के प्रावधानों के अनुरूप उठाया गया है।

### चीन के केमिकल प्लांट में धमाका, कई की मौत

**बीजिंग।** चीन के जियांग्शी प्रांत के गुइक्सी शहर के एक केमिकल प्लांट में जबर्दस्त धमाका हुआ है। कई किलोमीटर तक धुएं की चादर के बीच काफी ऊंचाई तक आग की लपटें दिख रही थीं। घटना में कई लोगों की मौत हो गयी है और घटनास्थल से शवों को हटाने का काम तेजी से चल रहा है। चीन के केमिकल प्लांट खासे असुरक्षित हैं। पिछले दस दिनों में चौथी घटना चीन के जियांग्शी प्रांत में हुई है। यहां गुइक्सी शहर स्थित एक केमिकल प्लांट शनिवार सुबह तेज धमाके के साथ आग की लपटों में घिर गया।

**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रांस में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत के बाद हिंसा बेकाबू हो गयी है। उपद्रवियों ने मॉल और बैंक लूटकर गोलीबारी व आगजनी की है। देश में इमरजेंसी के हालात बन गए हैं। हिंसा व उपद्रव में नौ सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तार कर लिए गए हैं। बीते मंगलवार को ट्रैफिक नियम तोड़ने को लेकर 17 साल के एक युवक नाहेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूरे देश में शुरू हुई हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। पेरिस सहित कई शहरों में हालात बेकाबू हो चुके हैं। हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। कई इमारतों में आग लगा दी गई है। गाड़ियां फूंक दी गई हैं। यह हाल केवल पेरिस का ही नहीं बल्कि उससे सैंकड़ों किलोमीटर दूर के शहरों का भी है। देश में इमरजेंसी जैसे हालात पैदा हो गए हैं। सरकार का साफ कहना है कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो आपातकाल घोषित कर दिया जाएगा। मंगलवार को पेरिस से शुरू हुआ ये प्रदर्शन अब पूरे देश में फैल चुका है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थानों तक को फूंक डाला। कई गाड़ियों में आग लगा दी गई। पेरिस के ज्यादातर इलाकों को आग के हवाले कर दिया गया है। । वहीं, केयेन में गुरुवार देर रात गोली से 54 वर्षीय सरकारी कर्मचारी की मौत हो गई। केयेन में घने धुएं के गुबार उठते देखे गए, जिससे सड़कें धुंधली हो गईं।उपद्रवियों ने दिनदहाड़े पूर्वी शहर स्ट्रासबर्ग में एक ऐप्पल स्टोर को लूट लिया। पेरिस के एक शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ कर आगजनी की गयी। नानतेरे में एक बैंक को जला दिया गया है। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। पुलिस ने बताया कि मार्सिले सिटी में भी गोलीबारी कर आगजनी की गयी और दुकानें लूट ली गयीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं। हिंसा को काबू में करने के लिए 45,000 पुलिसवाले तैनात किये गए हैं। इस मामले में अब तक 900 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 200 से अधिक पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं।

## युवक की मौत के बाद बेकाबू हुई हिंसा, इमरजेंसी जैसे हालात



## जर्मन डॉक्टर की ट्वीट, दंगा नियंत्रित करने के लिए 24 घंटे में योगी को भेजें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुल्डोजर वाली कार्रवाई अब देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में भी ख्याति बटोर रही है। हिंसा प्रभावित फ्रांस में स्थितियां बेकाबू होती देख जर्मनी के क्लिनीकम न्यूर्नबर्ग हॉस्पिटल के चिकित्सक प्रोफेसर एन. जॉन ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वहां पहुंचने की कामना की है। प्रोफेसर जॉन ने ट्वीट कर कहा कि फ्रांस की स्थितियों को ठीक करने के लिए योगी जरूरी हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान को 24 घंटे के भीतर फ्रांस में दंगे की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए योगी आदित्यनाथ को भेजना होगा। डॉक्टर के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए योगी आदित्यनाथ आफिस के ट्विटर हैंडल से लिखा गया है कि जब भी विश्व के किसी हिस्से में दंगे भड़कता है, अराजकता फैलती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है, तो दुनिया सांत्वना तलाशती है और उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ द्वारा स्थापित कानून एवं व्यवस्था का परिवर्तनकारी योगी मॉडल चाहती है।

# राष्ट्र नीति का वाहक बने सहकारिता

## रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिए आगे आयें किसान : प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री ने 17वीं सहकारी कांग्रेस का किया उद्घाटन
- कृषि, किसान कल्याण पर सालाना 6.5 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता को राजनीति के बजाय समाजनीति या राष्ट्रनीति का वाहक बनने पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि यह देश को विकसित भारत बनने में मदद करेगा। श्री मोदी ने 17 वीं भारतीय सहकारी कांग्रेस का उद्घाटन करते हुए कहा कि सहकारिता छोटे किसानों का संबल है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए सालाना 6.5 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। मोदी ने चुनावी गारंटियों को लेकर प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें पूरा भी करती है। उन्होंने सहकारिता को आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने के क्षेत्र में आगे आने,कंप्यूटरीकरण के माध्यम से परदार्शिता लेने, कृषि लागत कम कर रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा देने तथा पशुपालन एवं मत्स्यपालन के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले किसानों को बिचौलियों के कारण सरकारी मदद काम मिलने की शिकायत थी। अब पीएम किसान सम्मान निधि कोष का पूरा पैसा किसानों के सीधे बैंक खाते में जा रहा है।अब तक ढाई लाख करोड़ रुपए सीधे किसानों के बैंक खाते में गए हैं। दुनिया में खाद महंगी हो रही है जिसका बोझ किसानों पर नहीं हो यह प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में यूरिया प्रति बेग 270 रुपए मिलता है जबकि यह बंगलादेश में 720 रुपए और चीन में 2000 रुपए। पिछले नौ साल में किसानों को उर्वरक सब्सिडी के रूप में 10 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों को सालाना अलग-अलग तरह से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। गन्ना किसानों को 315 रुपए प्रति क्विंटल का उचित और लाभकारी मूल्य दिया गया है। गन्ना के क्षेत्र में सहकारिता की बड़ी भूमिका होने वाली है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र ने डेयरी के मामले में शानदार काम किया है और उसने दुग्ध उत्पादों तथा शहद का निर्यात किया है। विश्व में मोटे अनाजों का बाजार बन रहा है और सहकारिता को यहां तक अपनी पहुंच बनानी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि केवल गेंहू, चावल और चीन में आत्मनिभर्ता काफी नहीं है। देश में खाद्य तेल, दल और मछली के चारे का आयात किया जा रहा है। न्होंने कहा कि रसायनमुक्त खेती सरकार की प्राथमिकता है और सहकारिता को इस मामले में आगे आना चाहिए। जिले के काम से काम पांच गावों में रसायनमुक्त खेती की जानी चाहिए ।

गोबर्धन योजना में भी सहकारिता को आगे आना चाहिए क्योंकि इससे कचड़े से बिजली पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि पशु रोग उन्मूलन के क्षेत्र में भी सहकारिता को आगे आना चाहिए जिससे किसानों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अनाज भंडारण और स्मार्ट सिंचाई के मामले में भी सहकारिता को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए ।



## जरूरत पड़ने पर सीमा पार भी करेंगे हमला : राजनाथ

**किसी ने भारत पर खराब नजर डालने की कोशिश की तो मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा : रक्षा मंत्री**

**एजेंसी**

**कांकेर ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को भारत के पड़ोसी देश को चेतावनी दी कि यदि किसी ने देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो करारा जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं अपने पड़ोसी को यह बता देना चाहता हूं कि भारत के साथ छेड़-छाड़ मत करना। भारत को आंख दिखाने की कोशिश मत करना। हम केवल इस पार से ही नहीं मारेंगे, जरूरत पड़ने पर उस पार भी आकर मार सकते हैं। रक्षा मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में विशेषकर बस्तर क्षेत्र में जबरन धर्म परिवर्तन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए। सिंह कांकेर जिला मुख्यालय में स्थित नरहरदेव हाई स्कूल मैदान में मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ लंबे समय से वामपंथी उग्रवाद के खतरे से जूझ रहा है। नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई के कारण वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव कम हुआ। यह अब सिर्फ 10-12 जिलों तक ही सीमित रह गया है। इनमें से कुछ जिले छत्तीसगढ़ में हैं। मैं दावा कर सकता हूं कि यदि कांग्रेस सरकार ने पूरा सहयोग दिया होता तो देश से वामपंथी उग्रवाद का सफाया हो गया होता।



## अमरनाथ यात्रा के लिए कमांडो ड्रोन व बम निरोधक दस्ते तैनात

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** सुरक्षित अमरनाथ यात्रा संपन्न कराने के लिए कमांडो, ड्रोन रोधी प्रणाली, बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों के दस्ते की तैनाती सहित मजबूत एवं गतिशील सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा बालटाल और पहलगाम के रास्ते से शुरू हो गई है। बालटाल मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित है जबकि पहलगाम दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में है। सेना के सेक्टर-3 राष्ट्रीय राइफल कमांडर ब्रिगेडियर अतुल राजपूत ने कहा कि भारतीय सेना पारंपरिक रूप से यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में संलिप्त रही है। इस वर्ष भी सेना ने अन्य सभी हितधारकों के साथ मिलकर श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए मजबूत और गतिशील सुरक्षा ग्रिड तैयार की है। उन्होंने कहा कि सेना ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है जिनमें पहाड़ियों पर सुरक्षा, यात्रा मार्ग पर स्वच्छता और 24 घंटे रात्रि में देखने में सक्षम उपकरणों की मदद से यात्रा मार्ग की निगरानी शामिल है।राजपूत ने बताया कि सेना के विशेष बल यात्रा के मार्ग में संवेदनशील स्थानों से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने स्नाइपर, ड्रोन रोधी प्रणाली, बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों के दस्ते भी तैनात किए हैं ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। ब्रिगेडियर राजूपत ने कहा कि सेना ने कई यात्री शिविर भी बनाए हैं जिनमें पर्याप्त संख्या में तंबू की सुविधा है ताकि श्रद्धालुओं के रूकने की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि हमने आपात चिकित्सा या अन्य जरूरत पड़ने पर हवाई मार्ग से लोगों को ले जाने के लिए कई स्थानों पर हेलीपैड भी बनाए हैं।

ब्रिगेडियर ने कहा कि प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए पूर्ण समायोजित दृष्टिकोण का पालन किया गया है और सेना ने नागरिक एजेंसियों और विभिन्न एजेंसियों की प्रशिक्षित पर्वत बचाव और हिमस्खलन बचाव टीमों के लिए विशेषज्ञता की पेशकश की है। इसके अलावा हमने जरूरत पड़ने पर सुचारु और सफल बचाव अभियान को अंजाम देने के लिए संयुक्त पूर्वाभ्यास किया है।


**मजबूत एवं गतिशील सुरक्षा व्यवस्था : सेना**



## परिणीति व चड्ढा ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

**अमृतसर।** आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने शनिवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। मत्था टेकने से पहले राघव और परिणीति ने लंगर में सेवा की और श्रद्धालुओं के झूठे बर्तन धोएं। राघव और परिणीति ने 13 मई को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सगाई की थी। राज्यसभा सदस्य चड्ढा ने अपने ट्वीट में कहा कि स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और अरदास की। परिणीति चोपड़ा का मेरे साथ होना और भी खास था। आज अमृतसर में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब जी में आशीर्वाद पाकर धन्य हो गया। परिणीति ने कहा कि इस बार उनके साथ मेरा यहां आना और ज्यादा खास था।





# महिलाओं के लिए निम्न जांच आवश्यक

उम्र बढ़ने के साथ-साथ महिलाओं में सेहत से जुड़ी परेशानियां भी बढऩी शुरू हो जाती हैं। 30 की उम्र के बाद महिलाओं में ब्लड प्रैशर, शुगर, जोड़ों का दर्द, पाचन क्रिया में गड़बड़ी, सिर में दर्द और शारीरिक कमजोरी आम सुनने को मिलती है। मगर 30 की उम्र के बाद महिलाओं को इसके अलावा भी बहुत-सी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। इसलिए 30-40 की उम्र में महिलाओं को खास हैल्थ चेकअप करवा लेने चाहिए। महिलाओं को यह समझना होगा कि अगर उन्हें अपने परिवार को सुखी देखना है तो पहले उन्हें खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। ऐसे में आज हम आपको कुछ हैल्थ चेकअप बताएंगे, जिसे 30 की उम्र के बाद हर महिला तो जरूर करवाने चाहिए।

**1. थायराइड टेस्ट**

30 की उम्र के बाद महिलाओं को थायराइड का टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। क्योंकि इस उम्र के बाद महिलाओं में यह समस्या आम देखने को मिलती है। अगर आपको भी बिना वजह थकान, मसल्स पेन, भूख बढऩे या घटने की समस्या हो रही है तो थायराइड टेस्ट के लिए टी3, टी4 और टीएसएच ब्लड टेस्ट करवाएं।

**2. पैप स्मीयर टेस्ट**

आजकल यूट्रस कैंसर और सिंवकल कैंसर का खतरा काफी ज्यादा बढ.गया है। इस वजह से बढती उम्र की हर महिला को पैप स्मीयर टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। इससे आप इस तरह के कैंसर का पता लगाकर समय रहते इलाज करवा सकते हैं। 30 की उम्र के बाद महिलाओं को हर दो साल में एक बार पैप स्मीयर टेस्ट जरुर करवाना चाहिए।

**3. विटामिन डी**

महिलाओं को आधी से ज्यादा प्रॉब्लम विटामिन डी की कमी से होती है। विटामिन-डी फैट में घुलने वाले प्रो-हार्मोन्स का एक ग्रुप है, जो आंतों से कैल्शियम को सोखकर हड्डियों में पहुंचाता है। इसलिए 30 की उम्र के बाद महिलाओं के लिए विटामिन-डी का टेस्ट करवाना बेहद जरूरी होता है।

**4. डायबिटीज**

अगर आपने उम्र का 30वां पड़ाव पार कर लिया है तो डायबिटीज और यूरिन टेस्ट करवाना न भूलें। इतना ही नहीं, आपको हर 2 साल में 1 बार ये हैल्थ चेकअप जरूर करवाने चाहिए।

**5. डिप्रैशन टेस्ट**

महिलाएं अपने परिवार और ऑफिस में इस कदर उलझी रहती है कि वह सही तरीके से अपने खान-पान और आराम का ध्यान नहीं रख पाती हैं। इसके कारण उनमें डिप्रैशन की समस्या आम देखने को मिलती है। ऐसे में महिलाओं को स्क्रीनिंग टेस्ट जरूरी करवाना चाहिए। इसमें डॉक्टर कुछ सवाल पूछता है, जिससे महिलाओं का डिप्रैशन कम हो सकता है।

**6. बीएमआई टेस्ट**



30 वर्ष की उम्र के बाद नियमित बीएमआई यानि बॉडी मास इंडेक्स चेक करना बेहद जरूरी होता है। महिलाओं को इस उम्र के बाद साल में कम से कम 1 बार यह टेस्ट जरूर करवाना टाहिए।

**7. ब्लड प्रेशर टेस्ट**

30 की उम्र के बाद बीपी की समस्या हो जाती है। ब्लड प्रेशर के कारण किडनी, हार्ट और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ.सकता है। इसलिए महीने में एक बार ब्लड प्रैशर चेक जरूर कराएं।

**8. ब्रैस्ट की जांच**

आप ब्रैस्ट के साथ शरीर के कई अंदरूनी हिस्सों की जांच करवा सकती हैं। ब्रैस्ट में किसी भी तरह की बीमारी का पता चल जाए और समय रहते समस्या का समाधान भी किया जाता है। इसलिए यह टेस्ट करवाना न भूलें। इसके अलावा ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए मेमोग्राफी टेस्ट करवाना भी न भूलें।

**9. इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम**

इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट के जरिए आप पता लगा सकती हैं कि आपका दिल स्वस्थ है या नहीं और क्या वह दिल सही तरीके से पंपिग कर रहा है। अगर ऐसा है तो सही इलाज अपनाकर आप हार्ट डिजीज का खतरा काफी हद तक कम कर सकती है।

**10. रेक्टल एक्जाम**

30 की उम्र के बाद महिलाओं को रेक्टल एक्जाम यानि लीवर का टेस्ट भी जरुर कराना चाहिए। महिलाओं में रेक्टल इंजरी, कैंसर और बवासीर जैसी समस्याएं होने का खतरा 30 की उम्र के बाद बढ. जाता है। ऐसे में यह टेस्ट करवाकर आप समय पर इलाज कर सकती हैं।

**11. एसटीडी स्क्रिनिंग**

असुरक्षित यौन संबंध बनाने पर संक्रमण का खतरा हो सकता है। यौन संक्रमित बीमारियों के कारण गोनोरिया, पेल्विक इंफ्लेमेंट्री डिजीज हो सकती है जिससे सिंवक कैंसर हो सकता है। इसलिए हर 6 महीने में महिलाओं के लिए एसटीडी स्क्रिनिंग जरुरी होती है।

**12. कोलेस्ट्रोल और हीमोग्लोबिन टेस्ट**

यूं तो यह बात हम सभी जानते हैं कि महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है। इसके साथ ही उनमें कोलेस्ट्रॉल लेवल बढऩे का खतरा भी ज्यादा होता है। ऐसे में इस उम्र के बाद यह दोनों चेकअप करवा लेने में ही समझदारी है। ये टेस्ट करवाकर आप अपनी डाइट को नियंत्रित कर सकती हैं।

# स्वाइन फ्लू से बचाये बेहतर आहार



**स्वाइन फ्लू** से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। इस बार यह रोग ज्यादा ही डरा रहा है। यह स्वाइन फ्लू है क्या और इससे खुद को बचाया कैसे जा सकता है? स्वाइन फ्लू एक वायरल संक्रमण है। इसकी चपेट में यूं तो कोई भी आ सकता है, लेकिन शरीर का इम्यून सिस्टम यानी प्रतिरक्षी तंत्र कमजोर होने पर इसकी जद में आने की संभावना बढ.जाती है। वहीं, शरीर की इम्युनिटी को सुधार लिया जाये, तो इस रोग से बचा जा सकता है। अच्छी खबर यह है कि अपने खान-पान में सामान्य-से बदलाव करके हम ऐसा कर सकते हैं।

इम्यून सिस्टम हमारे शरीर की ढाल की तरह है जो लाखों विषैले तत्वों, विषाणुओं, जीवाणुओं और तमाम सूक्ष्म कीटाणुओं से हमें बचाने में जुटी रहती है। तमाम रोगाणुओं से लड़ने के लिए हमारे इम्यून सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। यदि यह सुरक्षा चक्र कमजोर होकर टूटने लगे, तो हम बार-बार बीमार पड़ने लगेंगे।

शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' का स्तर बढऩे और 'एंटी ऑक्सीडेंट्स' का स्तर घटने पर इम्युनिटी यानी रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। फ्री रेडिकल्स कम करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स जरूरी हैं। सबसे आम एंटीऑक्सीडेंट हैं- विटामिन सी, ई, ए, बीटाकैरोटीन और बायोफ्लेवनॉयड्स। सभी एंटीऑसीडेंट्स और कॉपर, जिंक, मैंगनीज.व सेलेनियम जैसे जरूरी खनिजों का निर्माण हमारा शरीर खुद नहीं कर सकता। इसके लिए सही खान-पान जरूरी है।

### ऐसे बढ़ायें रोगों से लड़ने की ताकत

एइम्यून सिस्टम की सेहत के लिए पोषण के साथ-साथ व्यायाम भी जरूरी है। नियमित व्यायाम करने से खून का संचार सही बना रहता है और अंदरूनी अंगों को अच्छे-से काम करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही जरूरी है आराम। अच्छी नींद हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम को तरो-ताजा रखने के लिए बेहद अहम है। तो, अच्छा खायें, रोज व्यायाम करें, समय पर सोयें और साफ-सफाई का ध्यान रखें। स्वाइन फ्लू पास नहीं आएगा।

**प्रोटीन पर जोर दें :** मजबूत इम्यून सिस्टम के लिए आहार में प्रोटीन शामिल करना बेहद जरूरी है। बीमारी से लड़ने वाले अणु प्रोटीन से ही बनते हैं। प्रोटीन के लिए दूध, मेवे और सोय उत्पाद लें।

**संतरी और हरा आहार :** आम, गाजर, कद्दू जैसे मौसम के सभी फल व सब्जियां आहार में जरूर शामिल करें। खासकर, संतरी और हरे रंग की। इनमें विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन का स्तर काफी ज्यादा होता है। ये एंटीऑक्सीडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स और विषैले तत्वों को कम करने में मदद करते हैं।

**अच्छा फैट :** ओमेगा 3 और 6 जैसे जरूरी फैटी एसिड हमारे लिए जरूरी होते हैं। यह मछली और अलसी के तेल में पाये जाते हैं।

**विटामिन-सी** : यह कई फलों से मिलता है। विटामिन-सी से भरपूर आहार संक्रमण से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह विटामिन-ई के बनने में मदद करता है, जो संक्रमण के दौरान होने वाले नुकसान से बचाता है।

**जिंक की मात्रा बढायें :** जिंक हमारे शरीर में संक्रमण से लड़ने वाले एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है। यह शरीर में वायरस को फैलने से भी रोकता है।

**विटामिन-डी भी करें शामिल :** विटामिन-डी हमारे शरीर को फ्लू से बचाने के लिए एक खास तरह का तत्व बनाने में मदद करता है, जिसे एंटीबैक्टीरियल पेप्टाइड कहते हैं। इनके अलावा लहसुन, हल्दी, अदरक, गिलोय जैसी औषधीय गुणों वाली चीजें इस्तेमाल करें। इनमें शहद मिलाकर लेने से फायदा और भी बढ.जाता है।

**रुचि गोयल, क्लिनिकल न्यूट्रीशियनिस्ट**

# डाइबिटीज से बचाव के लिए बदलें लाइफस्टाइल : डॉ ढांढनिया




**रोटरी** क्लब ने लगाया मधुमेह जांच शिविर। 112 लोगों की हुए जांच। दवा का वितरण।

रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में शनिवार को रातू रोड, ओटीसी ग्राउंड में मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन प्रख्यात चिकित्सक एवं रोटरी रांची के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार ढांढनिया, मानद सचिव ललित त्रिपाठी, मैकलियोडास फार्मा के वंशीलाल शर्मा, मुकेश तनेजा, अजयदीप वाधवा एवं अमित अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर में 112 लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। उनके बीच दवा का वितरण किया गया। मरीजों की जांच करते हुए डॉ ढांढनिया ने उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इससे पूर्व मॉर्निंग वाकर के लिए आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में डॉ ढांढनिया ने मधुमेह की रोकथाम और इसकी जटिलताएं, मधुमेह जांच, मोटापा, किशोरावस्था, वृद्धावस्था और गर्भावस्था में मधुमेह के कारणों के अलावा मोटापा और माहवारी से जुड़ी बातों की जानकारी दी। लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया।

डॉ ढांढनिया ने कहा कि डाइबिटीज से बचने के लिए लाइफ स्टाइल को बदलना जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमलोग पौष्टिक भोजन न लेकर दिखावे की ओर जाते हैं। जंक फूड का सेवन करते हैं। जिसकी वजह से धीरे-धीरे डायबिटिज की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा की यदि हमलोग पूरी नींद लेने के साथ-साथ समय पर भोजन और नियमित व्यायाम करें, तो अपने शरीर में मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर डायबिटिज से बच सकते हैं। डॉ ढांढनिया ने कहा कि तनाव और शारीरिक मेहनत नहीं करने से भी डायबिटीज होता है।

शिविर को सफल बनाने में गौरव प्रशांत, हितेश भगत, रोट्रेक्टर वैदिका ढांढनिया, विधान मंडल, विवेक रंजन, दिवाकर दास, सुनील कुमार, अमित ठाकुर का योगदान रहा।

# हाई ब्लड प्रेशर,कुछ बिंदुओं का रखें ख्याल



**ब्लड प्रेशर** के मरीजों को हमेशा अन्य बीमारियों का डर बना रहता है। ऐसे में इस बीमारी से जितना बचा जाए उतना अच्छा है, लेकिन यह बीमारी ऐसी है जिसके कोई लक्षण नहीं होते। ऐसे में अक्सर इलाज न मिलने से मरीज को हार्ट अटैक, गुर्दे फेल जैसी जटिलताओं से गुजरना पड़ता है । कहा जा सकता है कि हाई ब्लड प्रेशर अन्य बीमारियों का संरक्षक होता है।

आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या बन गई है, जो किसी भी इंसान को किसी भी उम्र में हो सकता है। चिकित्सकों की मानें तो थोड़ी सावधानी बरतें तो इस बीमारी को आसानी से पीछे छोड़ा जा सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान :** सिरदर्द, थकान, घबराहट, बेचैनी, आंखों के सामने धुंधलापन छाना, चेहरे पर सूजन व लाली तथा अनिद्रा। यदि ऐसे लक्षण पाए जाएं तो जल्दी ही अपने डॉक्टर से संपर्क करें। हाई ब्लड प्रेशर से बचाव के लिए स्वस्थ्य जीवनशैल अपनाएं, जिसमें अधिक स्वास्थ्यप्रद आहार लें, धूम्रपान को त्यागें, शारीरिक तौर पर सक्रिय बने रहें, स्वस्थ्य शारीरिक वजन बनाए रखें, तनाव को प्रबंधित करें।

**नियमित कराएं जांच :** डॉक्टर अशोक गुप्ता बतातें हैं उच्च रक्तचाप के रोगियों में से चौथाई से लेकर तिहाई लोगों को ही यह जानकारी होती है कि उन्हें यह रोग है, और उच्च रक्तचाप के रोगियों में से केवल पांच में से एक ही रोगी उपचार ले रहा होता है। ऐसे में आगे चलकर मरीज को अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ता है। सभी वयस्क लोगों को डॉक्टर के पास रूटीन मुलाकातों पर अपने बीपी की जांच करानी चाहिए।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अभिषेक ने बताया कि हाइपरटेंशन दुनिया भर में असामयिक मौतों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण काराणों में से है, जो हर साल करीब 94 लाख लोगों की जान ले लेता है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 25 साल से अधिक उम्र के लोगों में से हर तीन में से एक व्यक्ति उच्च रक्तचाप से प्रभावित है।

# रुगड़ा एक पौष्टिक आहार



**अनुष्का चौधरी**

रुगड़ा अपने आप उगता है। खाने योग्य कवक बुंडू, तमाड़, पिठोरिया, चाईबासा (बंदगांव) और लोहरदगा के जंगलों में, साल और सागौन के पेड़ों के आधार पर मिट्टी के नीचे बड़े पैमाने पर पाया जाता है, जो झारखंड के आर्द्र जंगलों में पाए जाते हैं क्योंकि तापमान इसके विकास के लिए उपयुक्त है। . इस क्षेत्र में अच्छी धूप के साथ भारी वर्षा (जुलाई के महीने में लगभग 350 सेमी) होती है और तापमान लगभग 30 डिग्री होता है, जो रुगड़ा की वृद्धि के लिए आदर्श स्थिति है। इसका सफेद गेंदों का बाहरी हिस्सा रबर जैसा सख्त होता है, जिसके अंदर जर्दी जैसा सफेद या काला पदार्थ होता है, जो रुगड़ा को इसका स्वाद देता है। इसके कई सारे फायदे भी हैं जैसे कि - पोषण मूल्य से भरपूर रुगड़ा में मशरूम की तुलना में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है और इसमें काबोर्हाइड्रेट नहीं होता है। वे विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं। यह हृदय रोगियों, रक्तचाप और मधुमेह रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है। रुगड़ा एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद है।यह लोकप्रिय है और लोग इसकी कीमत चुकाने को तैयार हैं। शहरों में एक किलो उत्पाद 400 से 500 रुपये में बिक रहा है. यह अपने मांस जैसे स्वाद के लिए प्रशंसित है और अत्यधिक पौष्टिक भी है।मीना एक्का , जो सतरंजी बाजार हुलहुंडू, में ६ सालों से रुगड़ा बेच रही है , कहा , रुगड़ा आम मशरूम से विपरीत है , ये जमीन के अंदर पैदा होता है। वह भी हर जगह नहीं बल्कि साल के वृक्ष के नीचे। बारिश के मौसम में साल के पेड़ के नीचे दरारों में पानी पड़ते ही इनका पनपना शुरू हो जाता है। हम सब ग्राम के लोग इसे इकट्ठा करते हैं और बेचते हैं , इससे अच्छी आमदनी हो जाती है।

रुगड़ा कई रोगों की दवा बनाने में भी इस्तेमाल में लाया जाता है। इसमें कई ऐसे तत्व हैं जो मनुष्यों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसमें उच्च कोटि के प्रोटीन के अलावा विटामिन सी, विटामिन बी, विटामिन डी आदि पाया जाता है। आजकल रुगड़ा की पहुंच झारखंड के पांच सितारा होटलों तक है। होटल रेडिसन ब्लू के एक्जीक्यूटिव शेफ रामचन्द्र उराँव कहते हैं कि जब रेस्टोरेंट में झारखंडी उत्सव का आयोजन होता है तो उसमें रुगड़ा को जरूर शामिल किया जाता है. रुगड़ा 350 से 400 रुपये प्रति प्लेट उपलब्ध है।

**(संत जोसेफ यूनिवर्सिटी बंगलूरू की प्रशिक्षु पत्रकार हैं।)**

# प्रियंका कैसे करती है वजन पर कंट्रोल और रहती है फिट

बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में अपना सिक्का जमाने वाली प्रियंका चोपड़ा अपने आप को फिट रखती है। भले ही प्रियंका की उम्र बड़ी हो लेकिन उनकी 'फिट बॉडी' और 'फिगर' को देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना काफी मुश्किल हैं। ऐसे में हर लड़की प्रियंका की परफैक्ट 'फिगर शेप' और 'फिट बॉडी' का राज जानना चाहती हैं। आपको बता दें कि प्रियंका अपनी फिट बॉडी का राज 'हैल्दी डाइट' को बताती हैं। अगर आप भी प्रियंका के फिटनेस सीक्रेट जानना चाहती हैं और उन्हीं की तरह 'बॉडी शेप' पाना चाहती है तो आज हम आपको बताएंगे कि प्रियंका की 'हैल्दी डाइट' क्या हैं और वह खुद को फिट रखने के लिए और क्या-क्या करती हैं।

प्रियंका का कहना है, 'मैं अपनी डाइट में ऑयली या ऐसी कोई चीज नहीं शामिल करती जिससे बेवजह का वजन बढ. जाए।' इसके अलावा प्रियंका चपाती, सब्जियां, सूप, सलाद, थोड़ी मात्रा में चावल और ढेर सारे फलों का सेवन करती हैं। इनसे एक तो शरीर को सभी पोषक तत्व मिलते है दूसरा वजन भी कंट्रोल में रहता हैं।





1. प्रियंका अपनी डाइट को लेकर बिल्कुल भी लापरवाह नहीं हैं। वह हर 2 घंटे के बाद कुछ न कुछ खाती रहती हैं।
2. प्रियंका नारियल पानी को अपनी डाइट में शामिल करती है क्योंकि यह शरीर को हाइड्रेटऔर कई हैल्थ प्रॉबल्म से बचाने के साथ-साथ चेहरे पर ग्लो बनाए रखता हैं।
3. वह अपने दिन की शुरूआत नाश्ते में 2 अंडे और बिना फैट वाले दूध से करती हैं।
4. लंच में प्रियंका दाल के साथ सब्जी, 2 रोटी और सलाद खाती हैं। इससे उनका पेट भरा रहता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती हैं।
5. शाम को प्रियंका अपनी डाइट में अंकुरित चने जरूर शामिल करती हैं क्योंकि इन्हें खाने से कई हैल्थ प्रॉबल्म दूर रहती हैं।
6. अगर बात डिनर की करें तो वह सूप , चिकन या मछली खाना पसंद करती हैं।

प्रियंका की वीकेंड डाइट

प्रियंका अपनी 'स्ट्रिक्ट डाइट' से थोड़ा-सा ब्रेक लेकर वीकेंड पर केक, चॉकलेट या फिर तंदूरी चीजें खाना पसंद करती हैं। प्रियंका का कहना है कि स्ट्रिक्ट डाइट से थोड़ा ब्रे लेकर अपनी मनपसंद चीजें खाना भी जरूरी हैं। आप हफ्ते में किसी भी एक दिन इन चीजों का सेवन कर सकते हैं।

प्रियंका की स्लिम फिगर का राज वर्कआउट

बॉलीवुड देसी गर्ल प्रियंका अपने 'स्ट्रिक्ट डाइट' प्लान के साथ वर्कआउट भी खूब करती हैं, जिसके वीडियो भी वह अपने सोशल अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। अगर आप भी प्रियंका की तरह 'स्लिम फिगर' चाहती है तो प्रियंका के कुछ 'सीक्रेट्स वर्कआउट' फॉलो कर सकती हैं।

प्रियंका फिट रहने के लिए हफ्ते में 4 बार एक घंटे जिम में वर्कआउट करके अपना पसीना बहाती हैं। पहले प्रियंका जिम में 15 मिनट ट्रेडमिल पर दौड़ लगाकर खुद को वार्म अप करती हैं। शरीर को वार्मअप करने के बाद प्रियंका पुशअप्स करती हैं।

प्रियंका एक्सरसाइज में 20 से 25 बैंच जंप लगाती है और 20-25 रिवर्स क्रंचेज करती हैं। इसके अलावा प्रियंका शरीर को फिट और मन को शांत रखने के लिए योग का भी सहारा लेती है जो उनकी रूटीन लाइफ का ही हिस्सा बन चुका है।